राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार, 15 दिसंबर 2025
वर्ष 07, अंक 76, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

सब्जी खरीदने के लिए क्रॉसिंग पर रोका टावर वैगन, 15 मिनट तक रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से लगा जाम...03

ग्राम पंचायत करकटी में लग रहे फर्जी बिल अधिकारी की साठ गाठ से सचिव की बल्ले बल्ले...12

## दो साल की मासूम से रेप फिर हत्या... दरिंदे को अब मिलेगी फांसी, राष्ट्रपति मुर्मू ने ठुकराई दया याचिका

- **2 साल की बच्ची के साथ रेप, अपहरण और हत्या के आरोपी की दया याचिका को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खारिज कर दिया।**
- **ये घटना 6 मार्च, 2012 को महाराष्ट्र के जालना शहर के इंदिरा नगर इलाके में हुई थी. आरोपी को मौत की सजा सुनाई गई है।**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महाराष्ट्र में 2012 में दो वर्षीय बच्ची के अपहरण, रेप और हत्या के दोषी व्यक्ति की दया याचिका खारिज कर दी है. 25 जुलाई, 2022 को पदभार ग्रहण करने के बाद राष्ट्रपति द्वारा खारिज की गई यह तीसरी दया याचिका है।

जानकारी के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने 3 अक्टूबर, 2019 को आरोपी रवि अशोक घुमारे को दी गई मौत की सजा को बरकरार रखा था. इस दौरान कोर्ट ने कहा था कि रवि अशोक घुमारे का अपनी कामुक इच्छाओं पर कोई नियंत्रण नहीं था और उसने अपनी यौन भूख को शांत करने के लिए सभी प्राकृतिक, सामाजिक और कानूनी सीमाओं को पार कर लिया था।

**तीन जजों की बेंच ने फैसले में क्या कहा**

अपने फैसले में,जस्टिस सूर्यकांत (जो अब भारत के मुख्य न्यायाधीश हैं) की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने 2:1 के बहुमत से कहा कि उस व्यक्ति ने एक ऐसे जीवन को निर्दयतापूर्वक समाप्त कर दिया जो अभी खिलना बाकी था. बेंच ने ये भी कहा था कि दो वर्षीय बच्ची के साथ अप्राकृतिक अपराध करने का उसका कृत्य एक घिनौनी और विकृत मानसिकता को दर्शाता है, जो क्रूरता की एक भयावह कहानी प्रस्तुत करता है।

**2 साल की बच्ची के साथ रेप**

राष्ट्रपति भवन के अनुसार, घुमारे की दया याचिका को राष्ट्रपति ने 6 नवंबर, 2025 को खारिज कर दिया था. यह देखते हुए कि पीड़िता केवल दो वर्ष की बच्ची थी, जिसे अपीलकर्ता (रवि) ने अगवा किया और जाहिर तौर पर चार से पांच घंटे तक उसके साथ तब तक दुर्व्यवहार किया जब तक उसकी मृत्यु नहीं हो गई।

**आरोपी ने की हदें पार**

जस्टिस सूर्यकांत ने अपने और (अब सेवानिवृत्त) जस्टिस रोहिंटन फली नरीमन के लिए फैसला लिखते हुए कहा था, अपीलकर्ता जिसका अपनी कामुक इच्छाओं पर कोई नियंत्रण नहीं था, ने अपनी यौन भूख मिटाने के लिए सभी प्राकृतिक, सामाजिक और कानूनी सीमाओं को पार कर दिया. उसने एक ऐसे जीवन को निर्दयता से समाप्त कर दिया जो अभी खिलना बाकी था।

बहुमत के फैसले में कहा गया है कि अपीलकर्ता ने बच्चे को पिता तुल्य प्रेम, स्नेह और समाज की बुराइयों से सुरक्षा देने के बजाय, उसे वासना का शिकार बना दिया. इसके साथ ही फैसले में ये भी कहा गया कि यह विश्वासघात का मामला है, और सामाजिक मूल्यों को ठेस पहुंची है. दो साल की बच्ची के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध एक गंदी और विकृत मानसिकता को दर्शाता है।

**2012 को हुई थी घटना**

अभियोजन पक्ष के अनुसार, यह घटना 6 मार्च, 2012 को महाराष्ट्र के जालना शहर के इंदिरा नगर इलाके में हुई थी. रवि अशोक घुमारे ने पीड़िता को चॉकलेट का लालच दिया था. जिसके बाद उसे अपनी हवस का शिकार बनाया जिससे एक 2 साल की मासूम बच्ची की मौत हो गई।

**आरोपी को सुनाई मौत की सजा**

निचली अदालत ने रवि अशोक को दोषी ठहराया था और 16 सितंबर, 2015 को मौत की सजा सुनाई थी. उसकी मौत की सजा को बॉम्बे हाई कोर्ट ने जनवरी 2016 में बरकरार रखा था. वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी उसकी दया याचिका को खारिज कर दिया है।

## रांची में व्यापारियों से 1.12 करोड़ रुपये की ठगी के आरोप में दंपति गिरफ्तार

**दंपति ने ओडिशा के एक अन्य व्यापारी से भी 42 लाख रुपये की ठगी की। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले की गहन जांच जारी है और दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।**




**रांची** में दो व्यापारियों को बैंकों की तुलना में रियायती दरों पर ऋण दिलाने का झांसा देकर 1.12 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक दंपति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। आरोपी दंपति की पहचान कांके थाना क्षेत्र के सुकुरहुटू निवासी शिवाजी पाटिल उर्फ अमित महतो (42) और उसकी पत्नी एंजेला कुजूर (42) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) प्रवीण पुष्कर ने बताया, 'गिरफ्तार दंपति रियायती दरों पर ऋण दिलाने का झांसा देकर व्यापारियों और अन्य लोगों से ठगी करते थे। ऐसे ही एक मामले में उन्होंने झारखंड के रामगढ़ जिले के व्यापारी सरोजकांत झा से 70 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। ' उन्होंने बताया कि दंपति ने ओडिशा के एक अन्य व्यापारी से भी 42 लाख रुपये की ठगी की। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले की गहन जांच जारी है और दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। इस बीच, कांके थाना प्रभारी प्रकाश रजाक ने बताया कि सरोजकांत झा ने इस संबंध में इसी वर्ष मई में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## 'मैं जिम्मेदार कैसे...', मेसी के कार्यक्रम के बाद स्टेडियम में तोड़फोड़ पर ऑर्गनाइजर ने दी कोर्ट में दलील

- **मेसी इवेंट ऑर्गनाइजर सताद्रु दत्ता को बिधाननगर कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया है। उन्हें 14 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा गया है।**
- **कोर्ट ने माना कि इवेंट में अव्यवस्था की जिम्मेदारी आयोजक की थी। दत्ता के वकील ने आरोपों से इनकार किया**



लियोनेल मेसी के इवेंट के ऑर्गनाइजर सताद्रु दत्ता को पुलिस ने रविवार सुबह बिधाननगर सब-डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में पेश किया. कोर्ट में उसके वकील ने जमानत की अर्जी दी और कहा कि उन्होंने कार्यक्रम का आयोजन किया था. कोई तोडफोड़ नहीं की, तो स्टेडियम में जो हुआ, उसकी जिम्मेदारी उनकी कैसे हुई? सरकारी वकील ने जवाब दिया और कहा कि यह ऑर्गनाइजर की जिम्मेदारी है कि वह तय किया कि मेसी के सामने कौन जाएगा और कौन नहीं. लेकिन वहां अफरा-तफरी मच गई. इसके बाद कोर्ट ने सताद्रु दत्ता की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

सताद्रु दत्ता को 14 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया. सताद्रु दत्ता को शनिवार को एयरपोर्ट के सामने से गिरफ्तार किया गया था. रविवार को उन्हें बिधाननगर सब-डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में पेश किया गया।

वहां सताद्रु दत्ता ने अपने वकील के जरिए कहा, 'पहले मेरी जो इज्जत थी, वह खराब हो गई है. मेरे खिलाफ कानून की कई धाराएं लगाई गई हैं, लेकिन इसमें कौन दोषी है? मैंने कोई सरकारी प्रॉपर्टी नहीं तोड़ी.' सताद्रु दत्ता के खिलाफ MPO (मेंटेनेंस ऑफ पब्लिक ऑर्डर) एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है. उनके वकील ने कोर्ट में दलील दी, मैंने ऐसा क्या किया है कि मेरे खिलाफ इस कानून के तहत केस दर्ज किया गया है?

**सताद्रु दत्ता को 14 दिनों की पुलिस कस्टडी**

इसके बाद सताद्रु दत्ता ने वकील दुतिमोय भट्टाचार्य के जरिए कोर्ट से कहा कि स्टेडियम में जो हुआ उसके लिए मेरे खिलाफ केस क्यों दर्ज किया जाएगा? 14 दिन की पुलिस कस्टडी क्यों मांगी जा रही है? अगर बेल नहीं मिलती है, तो उन्होंने कस्टडी के दिनों की संख्या कम करने की रिक्वेस्ट की है।

सरकारी वकील अमिताभ लाला ने सताद्रु दत्ता की मांग नहीं मानी. उन्होंने कोर्ट में दलील दी, जांच में पता चला है कि आरोपी ने दूसरों के साथ भी ऐसा ही किया. यह ऑर्गनाइजर की जिम्मेदारी है कि वह तय करे कि मेसी के सामने कौन जाएगा और कौन नहीं. उसने अपने लोगों से खुद को इस तरह घेर लिया कि बाकी लोग मेसी को नहीं देख सके।

**ऑर्गनाइजर ने कोर्ट में दी ये दलील**

शनिवार को साल्ट लेक स्टेडियम के ग्राउंड में मेसी को देखने के लिए दर्शकों ने हजारों रुपये के टिकट खरीदे थे, लेकिन ऑर्गनाइजर और राज्य के नेताओं और मंत्रियों ने पूरे इवेंट के दौरान फुटबॉल स्टार को घेरे रखा. फैंस उन्हें ऑडियंस से नहीं देख पा रहे थे. इसके बाद जब मेसी मैदान से चले गए, तो दर्शक गुस्से में भड़क गए और जमकर तोड़फोड़ की।

कोर्टरूम से बाहर आकर सुतद्रु के वकील ने कहा कि पुलिस ने जिन सभी वजहों से मेरे क्लाइंट को कस्टडी में रखने के लिए कहा है, उन्हें 14 दिन तक कस्टडी में रखने की कोई जरूरत नहीं है. मेरा क्लाइंट घटनास्थल के पास ही रहेगा.

वकील का सवाल है कि मैदान पर कौन क्या कर रहा है और क्या नहीं, इसके लिए सताद्रु दत्ता पर केस क्यों किया जाना चाहिए? एक इवेंट मैनेजर और एक ऑर्गनाइजर का काम एक जैसा नहीं होता. उन्होंने यह भी दावा किया कि उनके क्लाइंट मेसी को एक 'बड़े' मकसद से राज्य में लाए थे. मकसद यह था कि बंगाल के युवा फुटबॉलर उनसे सीख सकें. उनके शब्दों में, 'मेरे क्लाइंट को शिकार बनाया गया है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### तीन वाहनों की भिड़ंत, सात लोग गंभीर घायल




**बेहजम खीरी-** थाना नीमगांव क्षेत्र के लखीमपुर- मैगलगंज मार्ग पर कोरैय्या तालुकेदारी गांव के नजदीक तीन वाहनो की टक्कर मे सात लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। इस घटना मे दो ई रिक्सा एक कार की जोरदार टक्कर हो गई ।ग्रामीणो व पुलिस की मदद से सभी घायलो को इलाज हेतु एम्बूलेन्स से बेहजम सामुदायिक स्वास्थ्य केद्र भेजा गया जिसमें चार की हालत गम्भीर होने के चलते जिला अस्पताल मोतीपुर रिफर कर दिया गया ! घटना स्थल बेहजम चौकी प्रभारी सिद्धान्त पवांर सहित दीवान सुशील कुमार संजय यादव,विकास कुमार मौके पर पहुँच कर सभी छति ग्रस्त हुए वाहनो को रोड से किनारे हटवाकर याता यात शुरू कराया! जानकारी के अनुसार- लखीमपुर की तरफ से जा रहे कार सवार फिरोज (44) पुत्र रहीस ,अनुराग (33) पुत्र अनूप सिंह सीमा देवी(55) पत्नी अनूप सिंह निवासी कृष्णा नगर गांधी नगर थाना चकेरी कानपुर! ई रिक्सा सवार मीना देवी(55)पत्नी कौशल कुमार निवासी छेतौनिया थाना हैदराबाद, गुलफाम (24)पुत्र इरफान निवासी बेहजम थाना नीमगांव, सचिन(18) पुत्र बाबूराम निवासी मल्हपुर गडरिया थाना नीमगांव, मुन्नी देवी (36)पत्नी मुन्नालाल निवासी बेलहरी थाना नीमगांव सभी लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये सभी घायलो को एम्बूलेन्स से बेहजम सामुदाईक स्वास्थ्य केद्र बेहजम लाया गया जहाँ मीना देवी, गुलफाम, सचिन, मुन्नी देवी की हालत गम्भीर होने के चलते जिला अस्पताल मोतीपुर रिफर कर दिया गया!

## युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर-** जरिया थाना क्षेत्र के अमूंद गांव निवासी पुष्पेन्द्र (35) पुत्र मूलचंद ने अज्ञात कारणों के चलते गोहांड क्षेत्र में मुसाई माता मंदिर से पहले नहर पुलिया के पास स्थित एक आम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

ग्रामीणों के अनुसार पुष्पेन्द्र अहमदाबाद में मजदूरी करता था। वह करीब दो-तीन दिन पहले ही बाहर से गांव आया था। इसके बाद वह इटैलिया बाजा गांव स्थित अपनी ससुराल गया, जहां पत्नी और बच्चों से मुलाकात की। वहां से वह धरघवा गांव में अपनी बहन के घर चला गया। शनिवार शाम करीब पांच बजे उसके पिता मूलचंद ने फोन पर उससे घर आने की बात कही, जिस पर पुष्पेन्द्र बहन के घर से निकल पड़ा। इसके बाद उसका मोबाइल फोन बंद हो गया। रात में उसने रास्ते में ही आम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



मृतक अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला बताया जा रहा है। उसके निधन से पत्नी संगीता (32), पुत्र दिव्यांश (5) व अंश (3) तथा पिता मूलचंद का रो-रोकर बुरा हाल है।

थानाध्यक्ष जरिया ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

## आशाओं को भुगतान में हेराफेरी कर कटौती किए जाने के आरोप

- **सूचना अधिकार अधिनियम से सूचना मिलने के बाद होगा भ्रस्टाचार का खुलासा**

**जीने में पड़ा रहा ताला तो दूसरी मंजिल पर बने रिकार्ड रूम का कैसे टूटा ताला-यक्ष प्रश्न**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** मामला सी. एच. सी. बेहजम का है जहाँ पर योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की धज्जियाँ उड़ाते हुए भ्रस्टाचार किए जाने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहजम में अल्प मानदेय भोगी आशाओं के साथ दोहरा मापदंड अपनाए जाने के साथ साथ उनके भुगतान में कटौती किए जाने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं।नाम गुप्त रखने की शर्त पर कई आशाओं ने बताया कि उनको मिलने बाले भुगतान में हेराफेरी कर कटौती की जाती है जो कटौती करवाने से मना करती हैं उन्हें निकाल देने की धमकी दी जाती है।आशाओं के बताये अनुसार पहले भुगतान में हेराफेरी की जाती है फिर उनके बिल बाउचर में छेड़छाड़ की जाती है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राउंड फ्लोर पर अस्पताल है और पहली मंजिल पर आशाओं का रिकॉर्ड रूम है जहाँ बिल बाउचर रखे जाते हैं।गत दिनों पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आशा के भुगतान रूम के रिकॉर्ड का ताला टूटा होने की खबर प्रकाशित हुई थी जिसमें बिल वाउचर अस्त व्यस्त पाए गए थे ।रिकॉर्ड रूम दूसरी मंजिल पर है और दूसरी मंजिल पर जाने के लिए जीने से होकर जाना होता जिस पर भी ताला पड़ा रहता है जीने का ताला पड़ा रहा और दूसरी मंजिल का ताला टूटा मिला ।कोई भी चीज की चोरी नहीं की गई, केवल विल और वाउचर अस्तव्यस्त पाए गए, जिससे साफ जाहिर होता है कि यह एक साजिश के तहत की गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुछ आशाओं से बात की गई तो उन्होंने बताया की सरकार के द्वारा हमसे काम अधिक लिया जाता है पर काम के हिसाब से हमें पैसा नहीं मिल




पा रहा है नाम का खुलासा न करने पर बताया की एचबी एनसी एचबी वाइसी से लेकर परिवार नियोजन तक के काम में पैसा लेकर ही बीसी पीएम के द्वारा पैसा डाला जाता है पहले पैसा डाल दिया जाता है बाद में आशाओं से पैसा लिया जाता है जो आशा पैसा देने से इंकार करती हैं उनके खाते में पैसा नहीं डाला जाता है और उन्हें बराबर धमकी दी जाती है कि हम तुम्हें निकाल कर बाहर कर देंगे जब इसकी शिकायत कई आशाओं ने अधीक्षक अनिल वर्मा से की तो उन्होंने बताया किसी भी आशा के खाते से पैसा नहीं काटा जाएगा और हर महीने आशाओं के खाते में उन्हें पूरा पैसा ही दिया जाएगा ।कई आशाओं ने तो यह भी आरोप लगाया गया है कि अभी हुए भुगतान में दोहरा मापदंड अपनाए जाने के चलते चहेती आशाओं के खाते में अधिक भुगतान और शेष के खाते में हेराफेरी कर काम भुगतान दिया जाता है।

रिकॉर्ड रूम का ताला टूटने पर एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाने का जो काम किया जा रहा है उसकी जानकारी फार्मासिस्ट रोशन लाल से की गई तो उन्होंने बताया उनके रूम की चाबी उनके पास क्यों रहेगी? आशा रिकॉर्ड रूम का ताला टूटने के बारे में अधीक्षक ने बताया इसकी जांच की जाएगी और जो भी दोषी पाया जाएगा उसके ऊपर कारवाई की जाएगी।मामला जांच का विषय बना है।मामले की सूचना अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सूचना चाही गई है।

## गौशाला में सूखी पराली खाने को मजबूर गोवंश, जिम्मेदार भर रहे जेबें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुरः-** गौशालाओं में बंद अन्ना मवेशियों के गौचारा के लिए प्रदेश सरकार पर्याप्त बजट देती है, लेकिन सरकार की मंशा के विपरीत तमाम जिम्मेदार अन्ना जानवरों को धान की सूखी बिना कटी हुई पराली खिलाकर अपनी जेब गर्म करने में लगे हुए हैं।मौदहा विकासखण्ड के मकरांव गांव के लोगों ने गौशाला में बंद जानवरों को बिना कटी हुई सूखी पराली खाते हुए फोटो सोशल मीडिया में वायरल कर सरकार की मंशा पर सवालिया निशान खड़ा किया है।

मौदहा विकासखंड क्षेत्र के मकरांव गांव के लोगों ने सोशल मीडिया में एक फोटो वायरल की है। वायरल फोटो के अनुसार गौशाला में बंद अन्ना जानवर धान की सूखी पराली खाते दिखाई दे रहे हैं। वहीं फोटो वायरल करने वाले युवक ने बताया कि बीते कई दिनों से निरंतर जानवरों को धान की बिना कटी पराली खिलाई जा रही है। लगातार धान की पराली खाने से गौशाला में बंद कई जानवर बीमार भी हुए हैं। आपको बता दें कि प्रदेश सरकार गौशाला में बंद




जानवरों के भरण पोषण हेतु 50 रूपये प्रति जानवर गोवंश पोषण हेतु आवंटित करती है जिसमें जानवरों के खाने के लिए भूसा, दाना, गुड़, चना इत्यादि शामिल है। वहीं प्रधान व सचिव राज्य सरकार द्वारा आवंटित धनराशि का सदुपयोग नहीं कर रहे हैं बल्कि दुरूपयोग करने पर पूर्णतया आमादा हो गए हैं। इस संबंध में प्रभारी खंड विकास अधिकारी अनिल पाठक ने बताया कि गौशाला में बंद जानवरों को राज्य सरकार के निर्देशानुसार 30 प्रतिशत ही पराली छोटे छोटे हिस्सों में हरे चारा के मिश्रण में खिलाने के आदेश हैं ना कि सूखी और बिना कटी हुई पराली खिलाने का। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार जो धन आवंटित करती है वो भूसा, दाना, चुनी, चोकर के लिए होता है।बिना कटी हुई पराली खिलाने की जानकारी प्राप्त हुई है, जिसकी जांच कराई जाएगी। वहीं उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ उपेंद्र ने बताया कि निरंतर पराली खिलाने से जानवर के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है और धीरे-धीरे बीमारी से ग्रसित होना शुरू हो जाते हैं। गौशालाओं में बंद जानवरों को भूसा, हरा चारा खिलाया जाए जिससे कि जानवर स्वस्थ्य रहें। वहीं सोशल मीडिया में वायरल फोटो के अनुसार भूखें जानवर अपना पेट भरते हुए दिखाई दे रहे हैं। अवगत हो कि विकास खंड क्षेत्र में संचालित अधिकांश गौशालाओं का हाल यही है लेकिन जिम्मेदार सब कुछ जानते हुए भी अनजान बने हुए हैं।

## अवैध खनन के दौरान युवक की मौत के मामले में ट्रैक्टर चालकगिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** पुलिस अधीक्षक भदोही अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में थाना औराई पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अवैध मिट्टी खनन के दौरान लापरवाही से ट्रैक्टर चलाकर गैर इरादतन हत्या करने वाले ट्रैक्टर चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया कि 12 दिसंबर 2025 को लगभग 11 बजे खेतलपुर निवासी सुजीत कुमार पटेल (22) बाइक से खेतलपुर से बभनौटी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी टक्कर हो गई, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। इस संबंध में थाना औराई पर मुकदमा संख्या 520/2025 धारा 105(2), 324(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

जांच के दौरान खनन निरीक्षक भदोही की सूचना पर राजस्व टीम द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया, जहां जेसीबी और



ट्रैक्टर-ट्रॉली से अवैध खनन होता पाया गया। खनन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। ग्रामीणों ने भी बताया कि इसी अवैध खनन व परिवहन के दौरान युवक की जान गई।

इस मामले में थाना औराई पर एक अन्य मुकदमा संख्या 519/2025 धारा 303(2), 105 बीएनएस, उत्तर प्रदेश उपखनिज नियमावली 2021 व खान एवं खनिज अधिनियम की धाराओं में पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 13 दिसंबर 2025 को उप निरीक्षक बृजबिहारी व हेड कांस्टेबल राकेश सिंह ने मुखबिर की सूचना पर घटना के आरोपी ट्रैक्टर चालक राजकुमार वनवासी पुत्र लालजी, निवासी सबलपुर बभनौटी, को जानकी मंदिर के सामने से गिरफ्तार कर लिया।

अभियुक्त को विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया गया है। इस मामले में एक अन्य अभियुक्त संदीप दुबे निवासी बभनौटी अभी वांछित है, जिसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन और इससे जुड़ी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### अयोध्या गोरखपुर मार्ग NH28 पर लक्ष्मी ग्रुप के द्वारा हाईवे रेस्टोरेंट का हुआ भव्य शुभारंभ




**बस्ती।** बस्ती मंडल के होटल के मैनेजर नंदन पांडे ने बताया हमारे यहां सभी ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण सेवा एवं सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है एन एच 28 निकट गोरखपुर रोड मगहर जिला संतकबीर नगर में पेपर मिल से 200 मी पूर्व होटल लोटस ग्रैंड बाई लक्ष्मी ग्रुप का हुआ उद्घाटन और उद्घाटन के संचालक श्री हरिकेश सिंह जी और और उनके धर्मपत्नी जी के द्वारा हुआ उद्घाटन होटल लोटस ग्रैंड में अत्याधुनिक सुविधाओं की व्यवस्था है जैसे आरामदायक आवास लोटस ग्रैंड होटल में विभिन्न प्रकार के रूम और अत्याधुनिक सुविधाओं की व्यवस्था सुसज्जित है व्यापारिक को बैठने के लिए व्यवस्था होटल में कांफ्रेंस और सेमिनार के लिए व्यवस्था अत्याधुनिक हॉल्स और सुविधाएं उपलब्ध हैं इस अवसर पर होटल में अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे लोटस ग्रैंड होटल रेस्टोरेंट का शुभारंभ क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत

### मेगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में डीएम ने किया रक्तदान



**रक्तदान को बताया महादान, आमजन से की अपील**

**बलरामपुर।** श महाराजा अग्रसेन मंदिर प्रांगण में रविवार को मेगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने स्वयं रक्तदान कर आमजन को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों के जीवन की रक्षा कर सकता है।जिलाधिकारी ने रक्तदाताओं से संवाद करते हुए कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित अंतराल पर स्वैच्छिक रूप से रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने बताया कि रक्तदान से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती, बल्कि यह समाज के प्रति हमारी मानवीय जिम्मेदारी का निर्वहन है।मेगा रक्तदान शिविर में युवाओं, सामाजिक संगठनों के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा रक्तदाताओं की प्राथमिक जांच, पंजीकरण, सुरक्षित रक्त संग्रह तथा आवश्यक चिकित्सीय व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश रस्तोगी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### उतरौला-गौरा चौराहा-तुलसीपुर मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण



**समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश, देवीपाटन श्रद्धालुओं को मिलेगी राहत**

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने रविवार को उतरौला-गौरा चौराहा-तुलसीपुर मार्ग पर चल रहे चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित मानकों की गहन समीक्षा की और संबंधित कार्यदायी संस्था को समयबद्ध एवं उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि उतरौला-गौरा चौराहा-तुलसीपुर मार्ग देवीपाटन मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी, जिससे श्रद्धालुओं के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों को भी आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या मानकहीनता को अस्वीकार्य बताते हुए स्पष्ट किया कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। साथ ही कार्य में तेजी लाते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीएमओ कार्यालय के नाक के नीचे भारत डायग्नोटिक सेन्टर लाइफ अल्ट्रासाउंड सेन्टर शासनादेशों को अलग से चुनौती दे रहा

**●पंजीकरण कहीं और जगह का संचालित हो रहा है कहीं और विभाग बना अन्जान**

**यहां अप्रशिक्षित महिला करती है अल्ट्रासाउंड, निरीह मरीजों के जान का दुश्मन बना यह सेन्टर**

**प्रकरण गंभीर है जांच करा कर करायी जायेगी कार्यवाही, होगी। डॉ राजीव निगम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में स्वास्थ्य महकमें के अधिकारियों का तिकडम और स्वास्थ्य माफियाओं का गठजोड निरीह मरीजों के जान का दुश्मन बना हुआ है। विभागीय अधिकारी ऐसे स्वास्थ्य माफियाओं पर आखिर महरबान क्यों है ? यह गडबडझाला किसी भी विद्वान के समझ मे नही आ रहा है। सीएमओ कार्यालय के नाक के नीचे




भारत डायग्नोटिक सेन्टर मे घुसे अजब-गजब तरीके से संचालित हो रहे लाइफ अल्ट्रासाउंड सेन्टर शासनादेशों को अलग से चुनौती दे रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों को सब पता है लेकिन कार्यवाही शून्य है। इस सम्बन्ध मे सीएमओ डा0 राजीव निगम ने पूछने पर बताया कि प्रकरण गंभीर है जांच कराकर शीघ्र कार्यवाही करायी जायेगी। दोषी को कदापि बख्शा नही जायेगा।

जानकारी के मुताबिक जिला चिकित्सालय एवं सीएमओ कार्यालय के पास स्थित भारत डायग्नोटिक सेन्टर मे घुसे अजब-गजब तरीके से संचालित हो रहे लाइफ अल्ट्रासाउंड सेन्टर नाजायज गतिविधियों का अलग इतिहास लिख रहा है। बताया जाता है कि लाइफ अल्ट्रासाउंड सेन्टर का पंजीकरण कैली रोड पर कहीं पंजीकृत था। लेकिन बिना किसी विधिक कार्यवाही के भारत डायग्नोटिक सेन्टर मे घुस गया है। जिसमें डीएम का कोई अनुमोदन प्राप्त नही है। लेकिन विभागीय अधिकारियों के सह पर संचालित है। लाइफ अल्ट्रासाउंड सेन्टर मे न तो कोई चिकित्सक अल्ट्रासाउंड करता है और न ही उसका संचालक पीसीपीएनडीटी के निर्देशों का अनुपालन करता है। जिसका खामियाजा निरीह मरीजों एवं उनके परिजनों को भुगतना पड रहा है। खैर मरीज मरें या जियें इससे विभाग को क्या लेना देना है। लाइफ अल्ट्रासाउंड सेन्टर मे अल्ट्रासाउंड करने वाली महिला जो पूर्ण रूप से अप्रशिक्षित है वह मरीजों का अल्ट्रासाउंड करती है। पूछने पर वह प्रेस को अनाप शनाप जबाब देती है। वह कहती है कि सीएमओ को सब मालूम है इसमे प्रेस मेरा क्या कर लेगा। बात उसकी सही भी है जब विभागीय गठजोड फिट है तो कोई क्या कर सकता है। यहां तक डीएम भी ऐसे लोगों का कुछ बिगाड नही सकते। यह नाजायज कार्य दो चार दिन से नही अपितु कई महीनों से संचालित हो रहा है। लाइफ अल्ट्रासाउंड सेन्टर मे कौन चिकित्सक पंजीकृत है संचालिका महिला को भी नही पता है। महिला का यही कहना है कि सीएमओ सब जानते हैं। जब स्वास्थ्य प्रशासन का यही हाल है तो नाजायज गतिविधियों का तरक्की होना तो तय है।

## बस्ती मेंओवरलोड गन्ना ट्रकों परएक बार फिर से ओवरहाइट कार्यवाही शुरू

**●यातायात पुलिस ने ओवरहाइट गन्ना लदे वाहनों पर कसी नकेल, बस्ती में 9 वाहनों का चालान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में सड़क सुरक्षा और सुचारु यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बस्ती में यातायात पुलिस ने ओवरहाइट और ओवरलोड गन्ना लदे वाहनों के खिलाफ सघन अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए गए 9 वाहनों का चालान किया गया।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक बस्ती अभिनंदन के आदेश और अपर पुलिस अधीक्षक श्यामाकांत के निर्देशन में की गई।



क्षेत्राधिकारी यातायात प्रदीप कुमार त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात टीम ने फुटहिया, मनौरी और पॉलिटेक्निक टोल प्लाजा सहित जिले के प्रमुख मार्गों पर वाहनों की गहन जांच की। यातायात पुलिस के अनुसार, यह अभियान हाल ही में हुए एक दर्दनाक हादसे के बाद और अधिक सख्ती से चलाया जा रहा है। लगभग एक सप्ताह पूर्व ओवरलोड गन्ना लदे ट्रक के पलट जाने से एक बैट्री रिक्शा उसके नीचे दब गया था, जिसमें एक दंपति की मौके पर ही मौत हो गई थी। इसी घटना को गंभीरता से लेते हुए ओवरहाइट और ओवरलोड वाहनों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

अभियान के दौरान पुलिस टीम ने वाहन चालकों को ओवरलोडिंग और ओवरहाइट गन्ना लदे वाहनों से होने वाले संभावित हादसों के प्रति जागरूक किया। चालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे निर्धारित मानकों के अनुसार ही वाहन का संचालन करें। पुलिस ने चेतावनी दी कि भविष्य में भी नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।इस अभियान में प्रभारी यातायात अवधेश तिवारी, यातायात उपनिरीक्षक सूर्य नारायण शुक्ला, सुरेश राजभर, नन्हेलाल, हेड कांस्टेबल कृष्णानंद पाण्डेय और कांस्टेबल चंद्रजीत यादव सहित यातायात टीम के अन्य अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे। यातायात पुलिस की इस पहल से आम लोगों ने राहत महसूस की है और सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस की सक्रियता की सराहना की जा रही है।

## जाति के नाम पर समाज को बांटना निंदनीय है - विभाग प्रचारक श्री प्रकाश

**●अमेठी में हिंदू सम्मेलन: जातिवाद के खिलाफ एकजुटता का आह्वान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** भादर के बीएसबी इंटरमीडिएट कॉलेज दसईपुर में शनिवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को जागरूक करना और संगठन की भावना को मजबूत करना था।मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक श्रीप्रकाश ने जातिवाद के खिलाफ एकजुटता की अपील की और कहा कि जाति के नाम पर समाज को बांटकर कुछ लोग अपने स्वार्थ साध रहे हैं,




जिससे हिंदू समाज लगातार कमजोर हो रहा है। उन्होंने लोगों से आपसी भेदभाव को छोड़कर एकजुट और संगठित रहने की अपील की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस वर्ष अपनी यात्रा के 100 वर्ष पूरा कर रहा है संघ अपने इस शताब्दी वर्ष पर जगह-जगह कार्यक्रम करते हुए समाज में अनेकों विकासात्मक परिवर्तन हिंदू जागरण पंच परिवर्तन जैसे कई विषयों पर जागरूक करने के लिए प्रयत्नशील है शनिवार को भादर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विभाग प्रचारक श्री प्रकाश ने कहा कि संघ 100 वर्षों में संपूर्ण हिंदू समाज को संगठित करके राष्ट्र हित में अनवरत कार्य कर रहा है संघ शताब्दी वर्ष पर पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज में परिवर्तन करने का कार्य भी संघ कर रहा है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे, जिनमें कालेज के प्रबंधक सत्यदेव सिंह, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जिला प्रचारक पवन प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश सिंह,किरन सिंह, जिला कार्यवाहक इंद्रजीत खंड कार्यवाह संतोष ,रन बहादुर सिंह, और हरिश्वर सिंह के साथ सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल थे। भारत माता की आरती के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया।

## संस्था प्रबंधक पी.के.तिवारी ने गौ आश्रय केन्द्र मरदानपुर एवं किसनी पहुंचकर गौवंशों को पहनाए जूट कोट

**●प्रधान प्रतिनिधि मरदानपुर फारुक खान एवं प्रधान प्रतिनिधि किसनी शोएब अहमद सोनू तथा केयर टेकर रहे मौजूद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुलबाजार अमेठी।** प्रबुद्धजनों के मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन तथा सहयोग से सामाजिक कार्यो के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि द्वारा सर्दी से बचाव हेतु जहां जरुरतमंदो मे गर्म शाल एवं कम्बल भेंट करने का प्रयास किया जा रहा है और संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी क्षेत्र मे पहुंचकर प्रबुद्धजनों के



सहयोग से अति जरुरतमंदो को शाल एवं कम्बल भेंट करने का कार्य कर रहे हैं वहीं प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सर्दी से बचाव हेतु गौ आश्रय केन्द्र मरदानपुर एवं किसनी पहुंचकर पशुधन प्रसार अधिकारी मनोज पटेल एवं प्रधान प्रतिनिधि शोएब अहमद सोनू एवं केयर टेकरों के साथ छोटे गोवंशों को जूट कोट पहनाने का किया उनकी निस्वार्थ भावना एवं कुशल नेतृत्व मे संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि द्वारा कराए जा रहे पुनीत कार्यो की समाज का प्रत्येक वर्ग सराहना कर रहा है और सहयोग भी कर रहा है जिसे संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी संस्था के लिए गौरवपूर्ण बता रहे हैं समाजसेवी पी के तिवारी ने कहा कि वह ऐसे कार्यो को अपना सौभाग्य समझते हैं और कहा कि ऐसे पुनीत कार्यो से उन्हे आत्मसंतुष्टि मिलती है और यह तभी संभव हो पा रहा है जब संस्था पर विश्वास करते हुए लोगों का मार्गदर्शन उत्साहवर्धन एवं सहयोग प्राप्त हो रहा है।

## पुल निर्माण को मिली स्वीकृति निर्माण की आस लगाए बैठे ग्रामीण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर-** आपको बताते चलें कि जनपद बलरामपुर के विकास खण्ड हर्रैया सतघरवा अंतर्गत शिवपुरा बाजार से बरदौलिया बाजार मुख्य सड़क से करगौलिया गाँव को जोड़ने वाली सड़क के नाले पर बना पुल जुलाई 2024 की बाढ़ में बह गया था जिसके निर्माण के लिए युगल किशोर शुक्ल एडवोकेट ने ग्रामीण जनता की ओर से पुल निर्माण की माँग किया था जिसे



जिलाधिकारी के द्वारा अनुमोदित वित्तीय वर्ष 2025 , 2026 की लघु सेतु निर्माण की कार्ययोजना में शामिल कर लिया गया है जो क्रमांक 80 पर अंकित है इसका निर्माण वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर है यह जानकारी मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल की संदर्भ संख्या 40018225023017 पर अधिशाषी अभियंता प्रांतीय खण्ड लोक निर्माण विभाग बलरामपुर द्वारा दी गई। किन्तु अफसोस इस बात का है कि क्या अगले बारिश से पूर्व हो पाएगा इस पुल का निर्माण या नहीं, क्योंकि ग्रामीणो अपने पैसे से मिट्टी पटवाकर बनाए हैं रास्ता, जो बाढ़ में बह जाएगा, और सरकार से पुल निर्माण की आस लगाए बैठी है जनता।

### बलरामपुर में 139 सड़कों की संवरेगी सूरत! ग्रामीणों के लिए सुगम होगा आवागमन

**बलरामपुर-** जिले में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ने 813 जर्जर और कच्ची सड़कों का सर्वे किया था, जिनमें से 139 सड़कों के निर्माण को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। यह ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत की खबर है, क्योंकि इससे आवागमन सुगम होगा और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इन सड़कों में नेपाल सीमा से सटे गांवों की 44 सड़कें भी शामिल हैं।सभी 793 ग्राम पंचायतों की 1723 पुरवों को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली सड़कों का विभाग ने सर्वे किया था। इसमें 813 सड़कें जर्जर व कच्ची पाई गई। इन सड़कों की लागत का आकलन कर निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया था। इसमें नेपाल सीमा से सटे गांवों की 44 सड़कें भी शामिल हैं। सर्वे पूरा कराकर आकलन रिपोर्ट भेजी गई है। गांव को जोड़ने वाले मुख्य मार्गों का सर्वे ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ने कराया था। इसमें जिले के नौ विकास खंड में 813 सड़क जर्जर व कच्ची मिली थी। इनमें से 139 सड़कों के निर्माण के लिए केंद्र सरकार से स्वीकृति मिली है, जो ग्रामीणों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर है। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

## नशीली चाय पिलाकर किया दुष्कर्म वीडियोवायरल करने की धमकी देकर वसूले हजारों -कोर्ट के आदेश पर मुकदमा का पंजीकृत

**●नशीली चाय पिलाकर दुष्कर्म, अश्लील वीडियो के सहारे 45 हजार की वसूली का आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ दुष्कर्म और जबरन वसूली का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता के आरोपों के आधार पर न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी धर्मेंद्र कुमार निवासी ग्राम सोमा ने पहले उसे नशीली चाय पिलाई, जिससे वह बेहोशी की हालत में चली गई। इसके बाद आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और इस दौरान उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया। होश में आने के बाद जब पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने वीडियो दिखाकर धमकाया और वीडियो को सोशल मीडिया




पर वायरल करने की धमकी दी।

पीड़िता के अनुसार, आरोपी ने इसी वीडियो का भय दिखाकर उससे अलग-अलग किस्तों में कुल 45 हजार रुपये जबरन वसूल लिए। लंबे समय तक मानसिक दबाव और डर में रहने के बाद पीड़िता ने अंत में न्यायालय की शरण ली और मामले से संबंधित प्रार्थना पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।न्यायालय के निर्देश पर कप्तानगंज पुलिस ने आरोपी धर्मेंद्र कुमार के खिलाफ दुष्कर्म, धमकी देने और जबरन वसूली सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव का कहना है कि मामले की विवेचना की जा रही है और सा

## दबंगों ने जेसीबी लगाकर खोद दिया नींव, बेटियों को मारा पीटा: पिता ने एसपी से लगाया न्याय की गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के मूडाडीहा निवासी सियाराम पुत्र रामसजीवन ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर कहा है कि दबंगों ने उनके जमीन पर बनी नींव को जेसीबी लगाकर उजाड़ दिया और निर्माण करा रहे हैं, विरोध करने पर उन्हें और दो बेटियों को मारा पीटा। सिपाही लवकुश चौधरी के कारण मुण्डेरवा पुलिस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होने एसपी से मांग किया है कि दोषियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराकर जमीन और परिवार के जान माल की रक्षा कराया जायएसपी को दिये पत्र में सियाराम ने कहा है कि उनका गाटा संख्या-86 रकबा 0.3110 हे0 संक्रमणीय भूमिधर बकब्जा है, और अपने पूर्वजों के जमाने से ही काबिज दाखिल हैं। जमीन बस्ती-गोरखपुर कांटे मार्ग



पर स्थित है, जिससे उसका व्यावसायिक महत्व काफी ज्यादा है और काफी कीमती है। उसने अपने जमीन में पश्चिम तरफ एक कमरा पक्का मकान व पूरब तरफ नीव भरवाया था, गांव की शीला पत्नी रामलक्ष्मण और उनका परिवार काफी मनबढ़ व सीनाजोर दबंग किरम के व्यक्ति है। दूसरों की जमीन जायदाद को कब्जा करने के अभ्यस्त है। इनका लड़का लवकुश चौधरी सिपाही है। 11 दिसम्बर की रात में शीला उनके पति रामलक्ष्मण लड़का लवकुश व आदित्य पुत्रगण रामलक्ष्मण व मनोज कुमार पुत्र रामजियावन तथा मनोज का भांजा निखिलेश ने जेसीबी लेकर नीव को उजाड़ दिया। दूसरे दिन जब पता चला तो वह अपने जमीन पर गया तो उपरोक्त सभी लोग अपने साथ अन्य 10-15 व्यक्तियों को लेकर जमीन में जबरदस्ती नीव खोदकर निर्माण कर रहे थे। मना करने पर भद्दी-भद्दी गालियाँ देकर मारने-पीटने लगे। उसकी लड़कियाँ निशा चौधरी व उषा चौधरी जब अपने पिता को बचाने के लिये आयी तो उन्हें भी मारा पीटा। घटना के सम्बन्ध में थानाध्यक्ष मुण्डेरवा को प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन लवकुश के सिपाही होने के कारण पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया गया न ही पुलिस द्वारा कोई डाक्टरी मुआयना कराया गया और न ही मुकदमा दर्ज किया गया। उक्त लोग जानमाल की धमकी दे रहे है। उसने दोषियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराकर जमीन और परिवार के जान माल की रक्षा कराया जाय।

## बस्ती अकबरपुर को जोड़ने वाला पुल डैमेज स्थित विभाग तत्काल पुल की तकनीकी जांच कराए

**●जिम्मेदार विभाग तत्काल पुल की तकनीकी जांच कराए और जब तक मरम्मत कार्य पूरी तरह मानकों के अनुरूप सुरक्षितहैं कि नहीटांडा पुल खोलने पर उठे सवाल, ग्राउंड रिपोर्ट में सामने आई मरम्मत कार्य की गंभीर खामियां**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में समाजवादी शासन में बने पुल जो बस्ती अंबेडकर नगर जिले को जोड़ती है जब से उसे पुल का निर्माण हुआ है दयनीय स्थिति बनी हुई है साल में दो बार रिपेयर होती है लेकिन 6 महीना उसका चलना तो दूभर हो जाता हैबस्ती से कलवारी होते हुए अकबरपुर-बनारस मार्ग पर घाघरा नदी पर बने टांडा पुल को 11 सितंबर 2025 को मरम्मत कार्य के लिए पूरी तरह बंद किया गया था। लगभग तीन महीने बाद 13 दिसंबर 2025 को इसे दोपहिया और हल्के चारपहिया वाहनों के आवागमन के लिए खोल दिया गया, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही



है।आज मौके पर जाकर पुल का वीडियो बनाया गया और खुलकर मरम्मत कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया। ग्राउंड रिपोर्ट में जो सामने आया, वह बेहद चिंताजनक है। पुल पर चल रहा मरम्मत कार्य प्रथम दृष्टया ही निम्न स्तर का प्रतीत होता है और वर्तमान स्थिति में यह दोपहिया व हल्के चारपहिया वाहनों के लिए भी सुरक्षित नहीं कहा जा सकता।

पुल के अधिकांश जॉइंट्स पर पतली-पतली सरिया बाहर निकली हुई है, जो नुकीली और खतरनाक स्थिति में है। यह न केवल दोपहिया वाहनों बल्कि चारपहिया वाहनों के टायरों के लिए भी गंभीर जोखिम पैदा कर रही है। पुल का आधे से अधिक हिस्सा अब भी अधूरा है, बावजूद इसके आवागमन शुरू कर दिया गया है।निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि कार्यदायी संस्था द्वारा लगभग एक इंच पुरानी कंक्रीट हटाकर नीचे दिखाई देने वाली सरिया को तोड़ दिया गया है और उसके ऊपर डामर-गिट्टी की परत बिछा दी गई है। यह परत देखने में ही मानकविहीन प्रतीत हो रही है और इसकी मजबूती पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं।पुल के बीच स्थित ओवरहाइट हिस्से पर मजदूर सरिया निकालकर तोड़ते हुए पाए गए। जैसे ही मीडिया द्वारा वीडियो बनाया जाने लगा, मजदूरों ने काम रोक दिया और यह कहते हुए पीछे हट गए कि रिकॉर्डिंग की जा रही है। इसके आगे मशीनों के माध्यम से सड़क पर डामर और गिट्टी का लेपन किया जा रहा था।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब मरम्मत कार्य अभी आधा-अधूरा है और गुणवत्ता पर गंभीर संदेह है, तब ऐसे पुल को आवागमन के लिए खोलने का फैसला किस आधार पर लिया गया। यह निर्णय आम लोगों की सुरक्षा के साथ सीधा खिलवाड़ प्रतीत होता है।गौरतलब है कि कुछ ही दिन पहले बस्ती के पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी द्वारा पुल पर शीघ्र आवागमन शुरू कराने को लेकर एक पत्र लिखा गया था। ऐसे में यह आशंका भी जताई जा रही है कि कहीं उस पत्र की गरिमा बनाए रखने के लिए ही अधूरे और मानकविहीन पुल को जल्दबाजी में खोल तो नहीं दिया गया।अब जरूरत इस बात की है कि जिम्मेदार विभाग तत्काल पुल की तकनीकी जांच कराए और जब तक मरम्मत कार्य पूरी तरह मानकों के अनुरूप सुरक्षित न हो जाए, तब तक आम जनता की जान जोखिम में डालने से बचे।

# जल जीवन मिशन साइट से पाइप चोरी करने वाले चार अभियुक्त गिरफ्तार

**●एचडीपीई 110 एमएम पाइप व उपकरण चोरी कर ले जा रहे थे, ट्रक सहित पकड़े गए**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** थाना कोतवाली जरवा पुलिस टीम ने जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्य स्थल से एचडीपीई 110 एमएम पाइप एवं अन्य उपकरण चोरी करने वाले चार अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री विकास कुमार के निर्देशन में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर जितेन्द्र कुमार के




पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक राकेश पाल के नेतृत्व में थाना कोतवाली जरवा पुलिस टीम ने ग्राम जनकपुर जरवा स्थित जल जीवन मिशन साइट से ट्रक संख्या क्क47८ञ्ज 0615 में लादकर एचडीपीई 110 एमएम पाइप चोरी कर ले जाने के मामले में त्वरित कार्रवाई की। इस संबंध में थाना को0 जरवा पर मु0अ0सं0 63/2025 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया।

दौरान विवेचना प्रकाश में आए अभियुक्तों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में राजेश सिंह पुत्र सभाजीत सिंह निवासी ग्राम रानीपुर कुड़वार थाना महावर जनपद अंबेडकर नगर, अनूप पांडे पुत्र जगदंबिका प्रसाद निवासी जद्दापुर थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर, राघवेंद्र मिश्रा पुत्र अंजनी कुमार मिश्रा निवासी ग्राम केवलापुर थाना गैसड़ी जनपद बलरामपुर तथा दीपक कुमार शुक्ला पुत्र गिरधारी लाल निवासी ग्राम मिरचिहवा थाना पयागपुर जनपद बहराइच शामिल हैं। पुलिस के अनुसार चोरी किए गए पाइप व अन्य सामग्री की बरामदगी के साथ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक कल्याण सिंह, हेड कांस्टेबल उपेंद्र यादव, कांस्टेबल संतोष कुमार एवं कांस्टेबल प्रेमचंद शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# संक्षिप्त खबरें

## शरद चौधरी ने किया अधिवक्ताओ का सम्मान



**बिसवां/सीतापुर** क्षेत्र के विकास पुरुष शरद चौधरी ने अपने निवास अर्जुनगढ़ कदुनी में अधिवक्ताओं, पत्रकारों एवं सम्मानित नागरिकों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कदुनी क्षेत्र का विकास जनसहयोग का परिणाम है। उन्होंने बताया कि रेडिको खेतान कंपनी की स्थापना से क्षेत्र के सैकड़ों युवक-युवतियों को रोजगार मिला है तथा आगे भी विकास योजनाएं प्रस्तावित हैं। उच्च न्यायालय के अधिवक्ता राजन मिश्रा ने शरद चौधरी की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शरद चौधरी ने बिसवां बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष आर.एन. सिंह एवं लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेंद्र बाजपेई का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने काव्य प्रस्तुतियों से उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम के अंत में अधिवक्ताओं ने आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार वर्मा, रामेंद्र शुक्ला, बृजेश गुप्ता, रसिक बिहारी गुप्ता, नीरज श्रीवास्तव, अनिल शुक्ला सहित समाजसेवी अभिषेक अग्रवाल, उमंग राजवंशी, उत्साह राजवंशी, मुदित सिंघल, रोहित नाथ सिंह एवं कई पत्रकार उपस्थित रहे।

## जिला अधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर ने रविवार को बिसवां नगर पालिका का किया गहन निरीक्षण



**बिसवां, सीतापुर** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने रविवार को बिसवां नगर पालिका परिषद का लगभग दो घंटे तक गहन निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न पटलों की जांच की गई। निरीक्षण के समय नगर पालिका कार्यालय के नीचे फरियादियों की भारी भीड़ शिकायतें लेकर मौजूद रही। जिलाधिकारी ने हनुमत रामेश्वर दयाल इंटर कॉलेज के बगल में निर्माणाधीन अमृत सरोवर का निरीक्षण किया, जहां इंटरलॉकिंग के नीचे बजरी गायब पाई गई। इस पर डीएम ने संबंधित ठेकेदार व अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए इंटरलॉकिंग को दोबारा मानक के अनुसार बनवाने के निर्देश दिए। इसके बाद डीएम का काफिला मंसाराम मंदिर परिसर पहुंचा, जहां पड़ी पाइपलाइन को खुदवाकर मौके पर निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात आसरा कॉलोनी, अमरनगर के समीप बने नाले का भी गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने नगर की विभिन्न समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी नीलम चौधरी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय अविष्कार योजना के तहत क्विज व माडल प्रतियोगिताओ का आयोजन




परिषदीय विद्यालय के उच्च प्राथमिक स्तर के छात्र व छात्राओं के लिए राष्ट्रीय अविष्कार योजना के तहत क्विज व माडल प्रतियोगिताओ का आयोजन पूर्व में कराया जा चुका हैं। इन प्रतियोगिताओ के शीर्ष विजेताओं की महात्वाकांक्षी योजना एक्सपोजर विजिट हेतु ब्लाक संसाधन केंद्र सुरियावां खंड शिक्षा अधिकारी श्री यशवंत सिंह के नेतृत्व में वाराणसी शैक्षणिक भ्रमण हेतु जाया गया। इस दौरान टीएससीटी भदोही, टीएफसी वाराणसी, सारनाथ में बौद्ध पार्क, चिड़ियाघर इत्यादि स्थानों का भ्रमण कराया गया। बच्चों को नाश्ता, भोजन व किट प्रदान किया गया। बच्चों ने इस विजिट का भरपूर आनंद उठाया। इस दौरान एसआरजी विनय शंकर पांडेय, एआरपी देवेंद्र कुमार मिश्र भास्करानंद मिश्र, मनोज सिंह, सन्तोष कुमार, एलएलएफ से लालचंद, नोडल शिक्षक संकुल वेद प्रकाश, भोलानाथ सरोज, स.अ. सीताबेन सरोज, रामजी पांडेय, सभाजीत के साथ साथ 100 बच्चों सहित आदि मौजूद रहें।

# सब्जी खरीदने के लिए क्रॉसिंग पर रोका टावर वैगन, 15 मिनट तक रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से लगा जाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में रेलवे की मनमानी का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। बताया जाता है कि खैराबाद क्षेत्र के टप्पा खजुरिया के समीप रेलवे क्रॉसिंग पर सब्जी खरीदने के लिए टावर वैगन को रोक दिया गया जिसके चलते रेलवे बैरियर बंद रहा। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक रेलवे क्रॉसिंग पर टावर वैगन खड़ा हो गया। जिससे फाटक बंद हो गया इस दौरान न तो कोई ट्रेन गुजरने वाली थी और न ही कोई आधिकारिक सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि इंजन में सवार रेलवे कर्मचारी सब्जी खरीदने के लिए नीचे उतर गए पास की दुकानों से सब्जी लेने लगे। इस दौरान लोग बैरियर खुलने का इंतजार करते रहे करीब 15 मिनट बाद जब रेलवे कर्मचारी सब्जी लेकर वापस टावर वैगन में सवार हुए तब जाकर टावर वैगन को आगे बढ़ाया गया। जिसके बाद रेलवे क्रॉसिंग खोला गया इस पूरी घटना से स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखी गई। कई वाहन चालकों ने रेलवे की इस लापरवाही पर सवाल उठाए कहा कि रोजाना इसी मार्ग से स्कूली बच्चे, मरीज और कामकाजी लोग गुजरते हैं जिन्हें इस तरह बेवजह रोका गया। मौके पर मौजूद लोगों ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि रेलवे क्रॉसिंग पर इंजन खड़ा है और बैरियर बंद होने के कारण दोनों ओर वाहन फंसे हुए हैं सोशल मीडिया पर वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और लोग रेलवे अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं जीआरपी इंस्पेक्टर अरविंद पांडे ने कहा कि उन्हें इस तरह की किसी घटना की जानकारी नहीं है वहीं, स्टेशन अधीक्षक आरके शुक्ला ने भी बताया कि उस समय ऐसी कोई ट्रेन गुजरने वाली नहीं थी मामला उनके संज्ञान में नहीं है फिलहाल वायरल वीडियो के बाद रेलवे की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं!!

## डेयरी संचालक के गोली मारकर की हत्या घर में मचा कोहराम, दुकान बंद कर घर जाते समय सिर में मारी गोली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में शनिवार रात एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई, जहां बेखौफ तीन हमलावरों ने डेयरी संचालक की गोली मारकर हत्या कर दी घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। घटना सिधौली कोतवाली क्षेत्र के महमूदाबाद चौराहे की बताई जा रही है यहां रहने वाले राहुल यादव (25) महमूदाबाद चौराहे पर काव्या डेयरी के नाम से दुकान चलाते थे शनिवार रात करीब 12 बजे राहुल रोज की तरह दुकान बंद कर बाइक से अपने घर जा रहे थे जैसे ही वह कुछ दूरी पर पहुंचे, पहले से घात लगाए हमलावर महेश, मटरू और बख्शी तालाब निवासी अभिषेक ने अचानक उन पर हमला कर दिया आरोपी ने बेहद नजदीक से राहुल के सिर में गोली मार दी, जिससे वह मौके पर ही गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। गोली लगने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े। स्थानीय लोगों की मदद से राहुल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सिधौली ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ के अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार सुबह राहुल यादव ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव व इलाके में शोक की लहर दौड़ गई परिजन हत्या के पीछे पुरानी रंजिश की आशंका जता रहे हैं सूचना मिलने पर सिधौली कोतवाली पुलिस के साथ ही उच्चाधिकारी भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है एएसपी दक्षिणी दुर्गेश सिंह ने बताया कि हत्या के कारणों की गहनता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा!!

## 40 रिक्त ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक/एकाउन्टेंट-कम-डाटा इण्ट्री आपरेटर के चयन हेतु करें आवेदनः डीपीआरओ




**रायबरेली,** जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह ने बताया है कि शासनादेश में निहित प्राविधानानुसार जनपद की 40 रिक्त ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक/एकाउन्टेंट-कम-डाटा इण्ट्री आपरेटर के चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। वांछित अहर्ता पूर्ण करने वाले अभ्यर्थी अपना आवेदन 15 दिसम्बर 2025 से 29 दिसम्बर 2025 तक कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी/विकास खण्ड कार्यालय/ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके सम्बन्ध में किसी भी विधिक जानकारी/सहायता हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालयों में किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

## जीआरपी के जवानों ने बुजुर्ग की बचाई जान, रेलवे ट्रैक पर ट्रेन आने से पहले पटरी से हटाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीतापुर** जनपद सीतापुर में रेलवे जंक्शन पर जीआरपी के जवानों की तत्परता और साहस से एक बुजुर्ग व्यक्ति की जान बच गई। यह घटना उस समय हुई जब एक बुजुर्ग रेलवे स्टेशन पर लापरवाही से रेलवे लाइन पार कर रहे थे और उसी दौरान ट्रेन प्लेटफॉर्म की ओर आ रही थी इसी दौरान प्लेटफॉर्म पर मौके पर तैनात जीआरपी के जवानों ने बिना समय गंवाए साहसिक कदम उठाया जानकारी के अनुसार, थाना जीआरपी में तैनात हेड कांस्टेबल राकेश कुमार खरवार और हेड कांस्टेबल रजनीश कुमार ने बुजुर्ग को ट्रेन की चपेट में आते देख तुरंत दौड़ लगाई दोनों जवानों ने अपनी जान की परवाह किए बिना बुजुर्ग को रेलवे ट्रैक से खींचकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया कुछ ही पलों बाद ट्रेन उसी ट्रैक से गुजर गई अगर जवानों ने पल भर की भी देरी की होती तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। इस पूरी घटना का वीडियो स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि किस तरह दोनों जीआरपी जवान बुजुर्ग को बचाने के लिए दौड़ते हैं और समय रहते उसे सुरक्षित कर लेते हैं जवानों की इस फुर्ती और सूझबूझ की चारों ओर सराहना हो रही है। घटना के बाद बुजुर्ग व्यक्ति काफी घबराए हुए नजर आए, जिन्हें बाद में समझाकर सुरक्षित स्थान पर बैठाया गया रेलवे प्रशासन और यात्रियों ने जीआरपी जवानों के इस साहसिक कार्य की प्रशंसा की है लोगों का कहना है कि ऐसे जांबाज पुलिसकर्मियों की वजह से ही रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो पाती है। जीआरपी अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों को स्वयं भी सतर्क रहने की जरूरत है और रेलवे लाइन पार करने के लिए निर्धारित रास्तों का ही उपयोग करना चाहिए!!

## अखिल भारतीय हिंदू महासभा में संगठन विस्तार,अनूप अग्रवाल बने प्रदेश उपाध्यक्ष मुख्य मोर्चा

● **अनूप अग्रवाल के मनोनयन से संगठन को नई दिशा एवं नई ऊर्जा प्राप्त होगी- प्रदेश अध्यक्ष**

**मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है,उसका पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करुंगा- अनूप अग्रवाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली।** अखिल भारतीय हिंदू महासभा उत्तर प्रदेश इकाई में संगठनात्मक विस्तार के क्रम में शनिवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रख्यात समाजसेवी शैलेंद्र अग्निहोत्री ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में कदम उठाते हुए अनूप अग्रवाल को प्रदेश उपाध्यक्ष,मुख्य मोर्चा (उत्तर प्रदेश) के पद पर मनोनीत किया।इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र अग्निहोत्री ने कहा कि अनूप अग्रवाल का मनोनयन संगठन की हिंदू हितैषी विचारधारा,राष्ट्र निर्माण एवं समाज सेवा के उद्देश्यों के अनुरूप किया गया है। उन्होंने कहा कि श्री अग्रवाल लंबे समय से सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे हैं और युवाओं को संगठित करने की क्षमता रखते हैं।उनके मनोनयन से संगठन को गौ रक्षा,राष्ट्र धर्म,सामाजिक समरसता और सेवा भाव के क्षेत्र में नई दिशा एवं नई ऊर्जा प्राप्त होगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें न केवल आशा बल्कि पूर्ण विश्वास है कि अनूप अग्रवाल अपने दायित्वों का निष्ठा,ईमानदारी और सक्रियता के साथ निर्वहन करते हुए संगठन को प्रदेश स्तर पर मजबूती प्रदान करेंगे तथा युवाओं को राष्ट्र सेवा से जोड़ने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।वहीं,अनूप अग्रवाल ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है,उसका वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि वे युवाओं को संगठन से जोड़कर हिंदू समाज के हित,गौ संरक्षण और राष्ट्र सेवा के लिए निरंतर कार्य करेंगे।अनूप अग्रवाल के प्रदेश उपाध्यक्ष मुख्य मोर्चा पद पर मनोनयन की



घोषणा होते ही अखिल भारतीय हिंदू महासभा के रायबरेली जिला संगठन में उत्साह का माहौल बन गया।जिला अध्यक्ष विवेक मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, जिला संरक्षक महेंद्र अग्रवाल, प्रदेश संयोजक राजेंद्र अवस्थी, विधिक सलाहकार राजेश श्रीवास्तव, अमन अग्रवाल, शैलेंद्र सिंह, गंगेश चौरसिया, प्रवेश सिंह जिला महासचिव सहित संगठन के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी और संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संगठन के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि अनूप अग्रवाल के नेतृत्व में हिंदू महासभा प्रदेश में सक्रिय भूमिका निभाएगा और संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का कार्य करेगा।

## पार्श्वनाथ भगवान के जन्म कल्याणक महोत्सव पर जैन मंदिर में हुआ धार्मिक आयोजन

**भदोही।** रविवार को श्री पार्श्वनाथ भगवान के जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर जैन मंदिर में भक्ति एवं श्रद्धा के साथ विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रातः काल से ही मंदिर परिसर में जैन समाज के लोगों की भारी उपस्थिति रही और पूरे वातावरण में आस्था व उत्साह का संचार दिखाई दिया। इस अवसर पर सत्रह भेदी पूजा का सामूहिक आयोजन किया गया, जिसमें पुरुषों एवं महिलाओं ने विधिविधान से पूजा-अर्चना कर भजन-कीर्तन गाए। सुबह 11 बजे पंच कल्याणक पूजा संपन्न हुई, जिसके पश्चात स्वधर्मी वात्सल्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। जैन समाज के लोगों ने एक-दूसरे को जन्म कल्याणक महोत्सव की शुभकामनाएं दीं और अधिक से अधिक संख्या में समय पर पहुंचकर पुण्य लाभ लेने का अनुरोध किया। पूरे आयोजन के दौरान जैन समाज के लोगों में हर्ष, उल्लास और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## ऐहार पीएचसी में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 43 मरीजों का उपचार

**मौसमी बीमारियों से बचाव व स्वच्छता पर किया जागरूक : डॉ. मनीष सिंह**




**लालगंज, रायबरेली।** नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऐहार में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में क्षेत्र के कुल 43 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। मेले के दौरान मरीजों की सामान्य जांच के साथ आवश्यक परामर्श दिया गया तथा रोगियों को निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया।स्वास्थ्य कर्मियों ने मरीजों को मौसमी बीमारियों से बचाव, स्वच्छता बनाए रखने और नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक किया। मेले में एमबीबीएस चिकित्सक डॉ. मनीष कुमार सिंह एवं आयुष चिकित्सक ने मरीजों का परीक्षण किया। वहीं फार्मासिस्ट दिलीप कुमार ने दवाओं का वितरण किया। स्वास्थ्य केंद्र की साफ-सफाई व्यवस्था का दायित्व स्वीपर देवा नंद ने संभाला।उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत प्रत्येक रविवार को आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनके निकट बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

## जे पी ए की छमाही बैठक संपन्न, बैठक में संगठन के सदस्यों ने ली एकजुटता की शपथ



● **पत्रकारों को मिलकर लड़नी होगी अपनी लड़ाईः विवेक प्रताप सिंह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गोमती नगर क्षेत्र अंतर्गत एक निजी प्रतिष्ठान में जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसियेशन (रजि0) उत्तर प्रदेश (जे पी ए) ने 14 दिसंबर रविवार को छमाही बैठक का आयोजन किया। बैठक में संगठन के विस्तार से लेकर पत्रकारों के साथ घटने वाली घटनाएं और पत्रकारों की समस्याओं तथा सामाजिक स्थिति पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारी और सदस्य गण उपस्थित रहे। संगठन के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ पत्रकार फरहान इराकी की माता जी के आकस्मिक निधन की जानकारी पर संगठन के सभी सदस्यों द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति की कामना की गई। जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसियेशन के अध्यक्ष विवेक प्रताप सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की पत्रकारों को संगठित होकर पत्रकारों के विषय में सोचना होगा। हमें समाज की लड़ाई लड़ने के साथ-साथ अपने लिए भी समय निकालना पड़ेगा और एक दूसरे के सुख-दुख में सहभागिता करनी होगी इसके लिए हम सभी को संगठित रहना होगा। कार्यक्रम में सभी ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए साथ ही जनवरी में होने वाली अगली बैठक की रूपरेखा तय की गई। बैठक में उपाध्यक्ष रवि जायसवाल, कोषाध्यक्ष नरसिंह नारायण पांडे, संरक्षक सदस्य विवेक विश्व पांडे, सचिव अभिषेक सिंह, मीडिया प्रभारी सत्येंद्र शर्मा, उपसचिव विजय शंकर दुबे, सह मीडिया प्रभारी सौरभ निगम, रंजीत सिंह, प्रवीण सिंह, जिले की टीम से कोषाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सनी शाह, आनंद सिंह, बबलू, रोशनी सोनकर, पूर्णिमा सोनकर, प्रियंका निगम, निशांत सिंह, शेखर सिंह, अंकित गुप्ता, विशाल कुमार, नीरज कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## अजय कुमार सिंह को अमिटी विश्वविद्यालय से नैनो टेक्नोलॉजी के उन्नत अनुप्रयोगों पर पीएचडी की उपाधि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता एर. अजय कुमार सिंह को अमिटी विश्वविद्यालय द्वारा सड़क निर्माण में नैनो टेक्नोलॉजी के उन्नत अनुप्रयोग (Advanced Applications of Nano Technology in Road Construction) विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। यह शोध कार्य आधुनिक सड़क निर्माण इंजीनियरिंग में नैनो तकनीक के व्यावहारिक, तकनीकी तथा आर्थिक उपयोगों पर केंद्रित है। इस शोध विषय का चयन प्रो. (डॉ.) भरत राज सिंह, महानिदेशक (तकनीकी), स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ द्वारा किया गया, जिन्होंने इस शोध में को-सुपरवाइज़र की भूमिका निभाई। अमिटी विश्वविद्यालय की ओर से प्रो. आशिता कुलश्रेष्ठ एवं डॉ. अनिरुद्ध बनर्जी ने क्रमशः सुपरवाइज़र एवं को-सुपरवाइज़र के रूप में मार्गदर्शन प्रदान किया। शोध कार्य में सड़क निर्माण इंजीनियरिंग में नैनो सामग्री जो अभी तक लागू नहीं हो रहा है, के उन्नत अनुप्रयोगों का विस्तार से विश्लेषण किया गया है। कंक्रीट की बेहतर मजबूती एवं टिकाऊपन प्राप्त करने हेतु नैनो सामग्री की आर्थिक रूप से उपयुक्त मात्रा (Economical Proportion) निर्धारित करने के लिए विस्तृत गणनाएँ प्रस्तुत की गई हैं। इससे लागत में वृद्धि किए बिना संरचनात्मक क्षमता बढ़ाने की संभावनाएँ स्पष्ट होती हैं। इसके अतिरिक्त, प्रबलित कंक्रीट (RC) संरचनाओं में स्टील रीबार में होने वाले क्षरण (Corrosion) का पता लगाने हेतु एक नवीन तकनीक प्रस्तुत की गई है। इसमें डिफेक्ट लेयर्ड वन-डायमेंशनल (vD) बाइनरी, टर्नरी एवं क्वाटरनरी फोटोनिक



क्रिस्टल आधारित डिस्प्लेसमेंट सेंसर्स का उपयोग दर्शाया गया है। शोध में एक उन्नत डबल-डिफेक्ट लेयर्ड vD क्वाटरनरी फोटोनिक क्रिस्टल संरचना भी प्रस्तावित की गई है, जो संरचनात्मक स्वास्थ्य निगरानी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान मानी जा रही है। यह शोध सड़क एवं अवसंरचना विकास के क्षेत्र में नैनो टेक्नोलॉजी के व्यावहारिक एवं भविष्यपरक उपयोगों की दिशा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

## आर्यकुल कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च, सीतापुर में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत हेतु फ्रेशर्स पार्टी का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीतापुर** आर्यकुल कॉलेज आफ फार्मेसी एंड रिसर्च सीतापुर में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत हेतु फ्रेशर्स पार्टी आर्य शुभा 2025' का भव्य एवं हर्षोल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन की सराहना की गई। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के अंतर्गत धर्मेन्द्र को मिस्टर आर्य-शुभा, अपराजिता को मिस आर्य-शुभा, अनुराग को मिस्टर एलिगेंट, क्षमा को मिस एलिगेंट, शुभम को मिस्टर टैलेंट तथा शैलेन्द्री को मिस टैलेंट का खिताब प्रदान किया गया।

इसके साथ ही शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। बी.फार्म छठे सेमेस्टर में प्रथम स्थान रश्मि, द्वितीय स्थान मुदस्सिरा एवं तृतीय स्थान नीरज को प्राप्त हुआ। बी.फार्म चतुर्थ सेमेस्टर में प्रथम स्थान रोली, द्वितीय स्थान अरमान तथा तृतीय स्थान कामरान रहे। बी.फार्म द्वितीय सेमेस्टर में प्रथम स्थान तनवीर, द्वितीय स्थान अरबिया एवं तृतीय स्थान सोनिका भारती ने प्राप्त किया। वहीं डी.फार्म प्रथम वर्ष में प्रथम स्थान तुफैल एवं मो. जाफर, द्वितीय स्थान अनुराग एवं कौशलेंद्र तथा तृतीय स्थान शुधांशु एवं अबू सहामा को संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक डॉ. सशक्त सिंह ने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। डीन एकेडमिक श्रीमती रुचि सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और प्रतिभा को निखारते हैं। प्राचार्या डॉ. स्तुति वर्मा ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने का संदेश दिया।

अंत में अतिथियों द्वारा विजेताओं एवं मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक डॉ. सशक्त सिंह, संकाय प्राचार्या डॉ. स्तुति वर्मा, डीन एकेडमिक श्रीमती रुचि सिंह , उपनिदेशक डॉ. आदित्य सिंह, डॉ. अब्दुल रब खान, रजिस्ट्रार रोहित सिंह, अध्यापक राजीव कुमार, ऋषभ शुक्ल, तबस्सुम बानो, अनुभा धुरिया, रेहान , अभिमन्यु, तान्या उपाध्याय, नीलम वर्मा , प्रांजुल वर्मा, मोहित यादव, साहिल सिंह , तिलक राज , अरुण सिंह, प्रीति यादव, प्रीति तिवारी, प्रवीण , अबरार, रमा सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## मऊ गांव में पंचमुखी प्राचीन हनुमान मंदिर के सौंदर्यीकरण का चल रहा कार्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली:** क्षेत्र के पूरे अहलादी मजरे मऊ गांव में इन दिनो श्री पंचमुखी प्राचीन हनुमान मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा था। सौंदर्यीकरण का कार्य पूर्व प्रमुख सत्येन्द्र प्रताप सिंह के प्रयास से सरकारी व व्यक्तिगत सहयोग से किया गया था। इसमें बाउंड्री वॉल, मंदिर की छत, गेट और इंटरलॉकिंग का निर्माण शामिल है। अब रंग रोगन व मंदिर के अन्य कार्यों के लिए स्थानीय लोगों ने क्षेत्रीय लोगों से फेसबुक वॉल पर एक पोस्ट करके सहयोग की अपील करी है।

आपको बता दें कि, थाना क्षेत्र के मऊ गांव निवासी पूर्व प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह के प्रयासों से व्यक्तिगत और सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत गांव के पूरे अहलादी स्थित प्राचीन पंचमुखी हनुमान मंदिर को भव्य रूप में तैयार किया जा चुका है। मंदिर में मूर्ति सुंदरीकरण, प्लास्टर और रंग-रोगन का कार्य शेष है। इसके लिए क्षेत्र के भामाशाहों से दान की अपील करी गई है। स्थानीय लोगों का मत है कि, मंदिर निर्माण में सभी लोगों के श्रद्धानुसार सहयोग की आवश्यकता होती है, इसीलिए मंदिर के सौंदर्यीकरण में श्रद्धालुओ से दान स्वरूप भेंट का उपयोग मंदिर को दिव्य और भव्य बनाने में किया जाएगा।

सनातन परंपरा के अनुसार दान स्वरूप प्राप्त भेंट से श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर का शेष सौंदर्यीकरण का कार्य पूरा कराया जाएगा। दान स्वरूप सहयोग के लिए फेसबुक वॉलपेपर एक स्थानीय व्यक्ति द्वारा पोस्ट करके सहयोग की अपील करी गई है। अंत में यह भी लिखा हुआ है कि, फेसबुक के माध्यम से कमेंट करके क्षेत्र के दानदाता अथवा भामाशाहों द्वारा किया गया छोटा सा प्रयास मंदिर को दिव्य और भव्य बनाने के लिए काफी होगा। दान की पारदर्शिता के लिए फेसबुक वॉलपेपर पर यह भी कहा गया है कि, जब खर्च की धनराशि पूरी हो जाएगी, तो लोगों के सहयोग से लगने वाला सामान कमेंट के ही माध्यम से मंदिर प्रांगण में मंगवा लिया जाएगा, ताकि



सुगमता से पंचमुखी हनुमान मंदिर को दिव्या और भव्य बनाया जा सके।

इसके अलावा मंदिर प्रांगण में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आगामी मंगलवार को विशाल मेले का आयोजन किया गया है, जिसके लिए कमेटी के सदस्यों द्वारा सोमवार को श्री रामचरितमानस का अखंड पाठ एवं मंगलवार को पूर्ण आहुति के बाद विद्वान पंडितो द्वारा हवन यज्ञ, कन्या भोज एवं विशाल मेले का आयोजन होगा। रात में रंगारंग प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया है। मेला कमेटी द्वारा क्षेत्रीय लोगों को मेले को भव्य बनाने के लिए आमंत्रित किया गया है।

# न्यायपालिका पर नकेल डालने का सियासी प्रयोग है महाभियोग



मद्रास हाइकोर्ट के न्यायाधीश के एक फैसले को लेकर देश की राजनीति में हलचल मची हुई है। अब विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के 107 सांसदों ने मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन को पद से हटाने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक महाभियोग प्रस्ताव सौंपा है। इस प्रस्ताव में कांग्रेस, डीएमके आप, सपा, सीपीआई, सीपीएम, और शिवसेना (उद्धव ठाकरे) सहित कई प्रमुख दलों के सांसदों के हस्ताक्षर हैं। नियम के अनुसार, किसी जज के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश करने के लिए, लोकसभा में कम से कम 100 सांसदों के समर्थन की आवश्यकता होती है,इंडिया ब्लॉक के 107 सांसदों ने महाभियोग प्रस्ताव पर दस्तखत किए हैं।

आपको बता दें कि इस पूरे राजनीतिक विवाद की पृष्ठभूमि में न्यायमूर्ति स्वामीनाथन का एक फैसला है। पिछले हफ्ते, उन्होंने तमिलनाडु के तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित 6वीं शताब्दी के सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर के प्रशासन को एक निर्देश दिया। यह निर्देश था कि 13वीं शताब्दी की सिकंदर बादुशाह दरगाह के पास एक स्तंभ पर 'दीपक जलाने की परंपरा' को फिर से शुरू किया जाए। जब राज्य सरकार ने विरोध किया और मंदिर प्रबंधन ने पालन नहीं किया, तो जज ने अवमानना का आदेश भी जारी किया।न्यायमूर्ति स्वामीनाथन ने अपने आदेशों का पालन न करने पर तमिलनाडु के मुख्य सचिव और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) को 17 दिसंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश होने के लिए भी तलब किया है। उन्होंने राज्य सरकार के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए, कहा, 'मैं यहां हाथ उठाकर असहाय होकर यह कहने के लिए नहीं हूं कि, 'हे पिता, उन्हें माफ कर दो, क्योंकि वे नहीं जानते कि वे क्या कर रहे हैं।' यह जानबूझकर उल्लंघन है।' उन्होंने केओसुबल की रिपोर्ट का संज्ञान लिया, जिसमें बताया गया था कि मदुरै पुलिस आयुक्त ने 200 से अधिक पुलिसकर्मियों के साथ अदालत के आदेश का पालन करने से केओसुबल टुकड़ी को रोका था।

दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न हाई कोर्टों के 56 पूर्व न्यायाधीशों ने विपक्षी सांसदों द्वारा मद्रास हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति जी.आर. स्वामीनाथन के खिलाफ महाभियोग की पहल को लेकर कड़ी आपत्ति व्यक्त की है। पूर्व न्यायाधीशों ने कहा कि यह कदम उन न्यायाधीशों को दबाव में लाने का प्रयास है जो राजनीतिक या वैचारिक उम्मीदों के अनुरूप फैसले नहीं देते। 12 दिसंबर को जारी संयुक्त बयान में उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास लोकतंत्र और न्यायपालिका की स्वतंत्रता की बुनियाद को कमजोर करते हैं। उन्होंने कहा कि महाभियोग का इस्तेमाल न्यायिक आचरण की रक्षा के लिए होता है, न कि राजनीतिक हथियार की तरह।

मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस जी.आर. स्वामीनाथन को हटाने की मांग करते हुए 100 से अधिक सांसदों की ओर से लाए गए महाभियोग प्रस्ताव के खिलाफ बड़ा विरोध सामने आया. 50 से अधिक पूर्व न्यायाधीशों, जिनमें सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज और कई हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश शामिल हैं, ने एक कड़े शब्दों वाला पत्र जारी कर इस कदम की कड़ी निंदा की. उन्होंने इस कदम को जजों को डराने-धमकाने की खुली कोशिश बताया.पूर्व जजों ने कहा कि कार्तिगई दीपम दीप-प्रज्वलन मामले में दिए गए निर्णय के आधार पर जस्टिस स्वामीनाथन को हटाने की कोशिश लोकतंत्र और न्यायपालिका की स्वतंत्रता की जड़ें हिला देने वाली है. उन्होंने लिखा कि सांसदों द्वारा बताए गए कारण सतही और इतने गंभीर संवैधानिक कदम के लिए बिल्कुल भी पर्याप्त नहीं हैं.

पत्र में पूर्व जजों ने इस कोशिश को न्यायपालिका को कमजोर करने वाली लंबी और चिंताजनक राजनीतिक परंपरा का हिस्सा बताया. उन्होंने आपातकाल के बाद तीन वरिष्ठ जजों की सुपरसिडिंग, जस्टिस एचआर खन्ना की उपेक्षा और पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई, एसए बोबडे, डीवाई चंद्रचूड़ और अब सीजेआई सूर्याकांत के खिलाफ चलाए गए राजनीतिक अभियान का उल्लेख किया.

पूर्व न्यायाधीशों ने चेतावनी दी कि महाभियोग जैसे संवैधानिक प्रावधान का इस्तेमाल आर्म-ट्विस्टिंग और बदले की राजनीति के हथियार के रूप में नहीं किया जा सकता. उन्होंने कहा, 'आज निशाना एक जज है, कल पूरा संस्थान निशाने पर होगा. '

पूर्व जजों ने सांसदों, बार काउंसिल, सिविल सोसाइटी और नागरिकों से अपील की कि इस कदम को शुरुआत में ही रोक दिया जाए, क्योंकि जज संविधान के प्रति जवाबदेह होते हैं, न कि राजनीतिक समूहों की पसंद-नापसंद के प्रति कोई जवाबदेही

बता दें कि यह पूरा विवाद तमिलनाडू में तब उठा, जब जस्टिस स्वामीनाथन ने तिरुप्परंकुंद्रम हिल पर दीपथून स्तंभ पर कार्तिगई दीपम का दीप जलाने का आदेश दिया. यह स्थान सिकंदर बादूशा दरगाह के पास है और लंबे समय से संवेदनशील माना जाता रहा है. याचिकाकर्ताओं की मांग पर जज ने 4 दिसंबर शाम 6 बजे तक दीप जलाने का निर्देश दिया. उन्होंने दलील दी कि यह कदम मुस्लिम समुदाय के अधिकारों का उल्लंघन नहीं करता, लेकिन दीप न जलाने से पहाड़ी पर मंदिर के अधिकार कमजोर हो सकते हैं, क्योंकि वहां कथित अतिक्रमण की शिकायतें उठती रही हैं.

हालांकि तमिलनाडू सरकार ने यह कहते हुए कि इससे कानून-व्यवस्था बिगड़ सकती है, आदेश लागू करने से इनकार कर दिया. इसके बाद पुलिस और हिंदू संगठनों के बीच झड़पें भी हुईं. डीएमके ने आरोप लगाया कि जज ने 2017 की डिवीजन बेंच के आदेश को उलट दिया है और उनका निर्देश चुनाव से ठीक पहले सांप्रदायिक तनाव भड़का सकता है. पार्टी नेता टीआर बालू ने लोकसभा में यह मुद्दा उठाते हुए दावा किया कि बीजेपी राज्य में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की कोशिश कर रही है.

वहीं तमिलनाडू बीजेपी अध्यक्ष नैनार नागेन्द्रन ने महाभियोग प्रस्ताव को लोकतंत्र के लिए खतरनाक बताया. उन्होंने कहा कि डीएमके न्यायिक फैसले तभी स्वीकार करती है जब वे उसके हित में हों. भाजपा नेता ने कहा कि जस्टिस स्वामीनाथन ने कोई अपराध नहीं किया और मंदिर व पुलिस प्रशासन की विफलता के कारण ही उन्हें आदेश देना पड़ा. उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह के महाभियोग प्रयास गलत परंपरा कायम करेंगे और संस्थानों के बीच टकराव को जन्म दे सकते हैं.

आपको पता रहे यह मुद्दा सिर्फ अदालत तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि पिछले हफ्ते लोकसभा में भी बवाल मच गया था। डीएमके सदस्यों ने सदन में विरोध प्रदर्शन करते हुए बीजेपी पर 'सांप्रदायिक तनाव' भड़काने का आरोप लगाया। वहीं, केंद्रीय उपमंत्री एल. मुरुगन ने डीएमके पर 'एक विशेष समुदाय को निशाना बनाने' का पलटवार किया। डीएमके सांसद टीआर बालू ने सदन में न्यायमूर्ति स्वामीनाथन के 'एक विशेष विचारधारा' के प्रति निष्ठा रखने की आलोचना की, जिस पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने न्यायपालिका पर आक्षेप न लगाने की चेतावनी दी थी। अब स्पीकर ओम बिरला के सामने इन आरोपों की जांच और प्रस्ताव पर निर्णय लेने की बड़ी जिम्मेदारी है।देखना है कि इस मामले का पटाक्षेप किस तरह होता है।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# पंजाब भूजल में यूरेनियम संदूषण संकटः 62.5% नमूने सुरक्षित सीमा से अधिक हैं

पंजाब को एक चिंताजनक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि केंद्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) के हालिया आंकड़ों से इसके भूजल में यूरेनियम संदूषण के अभूतपूर्व स्तर का पता चलता है। नवीनतम वार्षिक भूजल रिपोर्ट 2025 के अनुसार, राज्य ने पूरे देश में यूरेनियम संदूषण की सबसे अधिक तीव्रता दर्ज की है। सीजीडब्ल्यूबी रिपोर्ट (2025) से प्रमुख निष्कर्ष संदूषण दरः मानसून के मौसम के बाद पंजाब में एकत्रित भूजल नमूनों का 62.5% यूरेनियम की स्वीकार्य सुरक्षित सीमा से अधिक था। यह मानसून से पहले 53.04% नमूनों की तुलना में तेज वृद्धि है। पिछले वर्ष की तुलनाः स्थिति नाटकीय रूप से बिगड़ गई है, सुरक्षित सीमा का उल्लंघन करने वाले नमूनों का अनुपात 2024 में 32.6% से बढ़कर 91.7% से अधिक हो गया है। सुरक्षित सीमा का उल्लंघनः विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) दोनों द्वारा निर्धारित पेयजल में यूरेनियम के लिए अनुमेय सीमा, 30 पार्ट्स प्रति बिलियन (पीपीबी) या 0.03झटेक्स्ट6एमजी/एल8 है। दूषित क्षेत्रः पंजाब के 23 जिलों में से 16 को दूषित क्षेत्रों के रूप में वर्गीकृत किया गया है। संगरूर और बठिंडा जैसे सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में यूरेनियम की सांद्रता 200 पीपीबी से अधिक दर्ज की गई है, जो सुरक्षित सीमा से लगभग सात गुना है। प्रभावित जिलेः दूषित क्षेत्रों में तरन तारण, पटियाला, संगरूर, मोगा, मानसा, बरनाला, लुधियाना, जालंधर, कपूरथला, फिरोज़ेपुर, फजिल्का, फ़तेहगढ़ साहिब, फरीदकोट, अमृतसर, मुख्तार, और बठिंडा शामिल हैं। स्वास्थ्य और पर्यावरणीय प्रभाव यूरेनियम की उच्च सांद्रता सार्वजनिक स्वास्थ्य और राज्य के कृषि के लिए गंभीर खतरा पैदा करती है सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकालः उच्च यूरेनियम स्तर वाले पानी का दीर्घकालिक सेवन मुख्य रूप से इसकी रासायनिक विषाक्तता से जुड़ा हुआ है, जो गुर्दे की बीमारियों, कैंसर और अन्य पुरानी स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। मालवा क्षेत्र में पिछले अध्ययनों ने भी प्रदूषण को ऑटिज्म और सेरेब्रल पाल्सी जैसे न्यूरोलॉजिकल विकारों से जोड़ा है। पर्यावरणीय कारणः यूरेनियम की उपस्थिति को कई कारकों के संयोजन से जोड़ा जाता है, जिनमें शामिल हैं जियोजेनिक कारकः क्षेत्र में प्राकृतिक भूवैज्ञानिक स्थितियाँ। भूजल क्षयः भूजल का अत्यधिक निष्कर्षण जलभृत रसायन विज्ञान को बदल देता है, जिससे प्राकृतिक रूप से होने वाले यूरेनियम की लामबंदी और रिलीज हो सकती है। मानवजनित गतिविधियाँः कृषि में फॉस्फेट उर्वरकों का बड़े पैमाने पर उपयोग एक प्रमुख योगदान कारक है, क्योंकि इन उर्वरकों में यूरेनियम की ट्रेस सांद्रता पाई जाती है। कृषि खतराः रिपोर्ट में अन्य प्रदूषकों पर भी ध्यान दिया गया है, जैसे अवशिष्ट सोडियम कार्बोनेट और 25% नमूनों में लवणता बढ़ना, जो भूमि के क्षरण और मिट्टी की उर्वरता में कमी का कारण बन रहे हैं। तत्काल कार्रवाई के लिए आह्वान केंद्रीय सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग के साथ संसद में संकट उठाया गया है। प्रमुख प्रस्तावित कार्यों में शामिल हैंः 'विशेष भूजल शमन मिशन' का शुभारंभः जल संदूषण आपदा से निपटने के लिए एक समर्पित मिशन।



आरओ-आधारित सामुदायिक प्रणालियों की युद्ध-पैर स्थापनाः सभी प्रभावित गांवों में जल शोधन प्रणाली तैनात करना। स्क्रीनिंग कैंपः रोग प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य जांच और परीक्षण शिविर स्थापित करना। औपचारिक मान्यताः समर्पित वित्तपोषण और राहत प्रयासों को सुव्यवस्थित करने के लिए यूरेनियम को एक प्रमुख भूजल दूषित पदार्थ के रूप में औपचारिक रूप से मान्यता देना। यह बढ़ता हुआ संदूषण न केवल पंजाब में लाखों लोगों के स्वास्थ्य को खतरे में डालता है, बल्कि राज्य की मुख्य रूप से कृषि अर्थव्यवस्था के लिए दीर्घकालिक खतरा भी पैदा करता है।

**डॉ विजय गर्ग**

# भारत के बढ़ते कदमां के पीछे वैचारिक प्रबुद्धता, योजना और समेकित दृढ़ संकल्प

यह भारत के बढ़ते कद के नेपथ्य में कुशल नेतृत्व, सामूहिक चेतना और प्रगतिशील विचारों की उस दीर्घ साधना का फल है, जिसकी जड़ें इतिहास में हैं और शाखाएँ भविष्य तक फैली हुई हैं, भारत आज विश्व-पटल पर केवल एक उभरती शक्ति नहीं बल्कि एक ऐसी निर्णायक उपस्थिति बन चुका है। जिसे अनदेखा करना किसी भी राष्ट्र के लिए संभव नहीं रहा, यह काल किसी एक सरकार, एक व्यक्ति या एक विचारधारा का नहीं बल्कि उस राष्ट्रीय चेतना का है जो सदियों के आत्मसंघर्ष, आत्मचिंतन और आत्मबल से परिपक्व हुई है, मैं स्वयं को किसी राजनीतिक दल का समर्थक नहीं मानता, किंतु यह तथ्य निर्विवाद है कि आज भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा, कूटनीतिक प्रभाव और आत्मविश्वास ऐतिहासिक ऊँचाइयों को छू रहे हैं, अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षणों में भारतीय प्रधानमंत्री की लोकप्रियता का आँकड़ा किसी व्यक्ति की प्रशंसा भर नहीं बल्कि उस विश्वास का प्रमाण है जो विश्व समुदाय भारत की स्थिरता, लोकतांत्रिक परिपक्वता और विकास-दृष्टि पर कर रहा है, महात्मा गांधी ने कहा था कि 'राष्ट्र की वास्तविक पहचान उसकी आत्मा से होती है,' और आज भारत की आत्मा विज्ञान, तकनीक, करुणा, सहअस्तित्व और नवाचार के संतुलन से आलोकित दिखाई देती है, डिजिटल इंडिया के माध्यम से जिस प्रकार भारत ने तकनीक को अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुँचाया है वह केवल प्रशासनिक सफलता नहीं बल्कि लोकतंत्र के विस्तार की ऐतिहासिक घटना है, विश्व बैंक, आईएमएफ और संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टों में भारत को विकासशील देशों के लिए प्रेरणा बताया जाना इस बात का संकेत है कि भारत अब सीखने वाला नहीं बल्कि मार्ग दिखाने वाला राष्ट्र बन चुका है, पंडित जवाहरलाल नेहरू ने स्वतंत्रता के समय कहा



था कि 'हम नियति से साक्षात्कार कर रहे हैं,' और आज वह साक्षात्कार एक नए रूप में हमारे सामने खड़ा है, 1951 से आरंभ पंचवर्षीय योजनाओं ने जिस नियोजनशील दृष्टि को जन्म दिया, 1991 के आर्थिक सुधारों ने उसे वैश्विक पंख दिए और नीति आयोग ने उसे नवाचार व प्रतिस्पर्धा की नई दिशा प्रदान की, अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन का यह कथन कि 'विकास का अंतिम उद्देश्य मानव स्वतंत्रता का विस्तार है,' भारत की विकास यात्रा में सजीव होता दिखाई देता है, विशाल जनसंख्या जिसे कभी बोझ कहा जाता था आज वही भारत की सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभरी है, स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को राष्ट्र की रीढ़ बताते हुए कहा था कि 'उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत,' और भारत की युवा शक्ति आज इसी मंत्र को वैश्विक मंच पर चरितार्थ कर रही है, आईटी, सॉफ्टवेयर, अंतरिक्ष, जैव-प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप संस्कृति में भारत की छलांग यह प्रमाणित करती है कि यह देश केवल संसाधनों का उपभोक्ता नहीं बल्कि विचारों का उत्पादक बन चुका है, सुंदर पिचाई, सत्य नडेला, इंदिरा नूई, अरविंद कृष्णा जैसे वैश्विक नेतृत्वकर्ता भारतीय मस्तिष्क की उसी परंपरा के वाहक हैं जिसे आचार्य चाणक्य ने नीति और विवेक का आधार बताया था, उद्योग जगत में टाटा, अंबानी और मित्तल जैसे नाम यह सिद्ध करते हैं कि भारतीय उद्यमिता अब आत्मविश्वास के साथ विश्व बाजार में प्रतिस्पर्धा कर रही है, रतन टाटा के शब्दों में 'जोखिम उठाए बिना प्रगति असंभव है,' और भारत ने अब जोखिम से भय नहीं बल्कि अवसर का निर्माण करना सीख लिया है, रक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में पोखरण से लेकर अंतरिक्ष अभियानों तक भारत की उपलब्धियाँ उस वैज्ञानिक चेतना का प्रमाण हैं जिसे डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने 'विकसित भारत का सपना' कहा था, असैन्य परमाणु समझौते और रणनीतिक साझेदारियों ने यह स्थापित किया कि भारत विश्व शांति और संतुलन का उत्तरदायी भागीदार है, अंतरराष्ट्रीय संबंधों में भारत की बहुस्तरीय कूटनीति–चाहे वह अमेरिका हो, रूस, जापान, फ्रांस, अफ्रीका या ऑस्ट्रेलिया– वसुधैव कुटुम्बकम् की उस भावना को साकार करती है जिसे भारतीय दर्शन ने सहस्राब्दियों पहले उद्घोषित किया था, दावोस में विश्व आर्थिक मंच से लेकर जी-20 जैसे वैश्विक मंचों पर भारत की भूमिका यह संकेत देती है कि यह देश अब केवल प्रतिक्रियाशील नहीं बल्कि दिशा-निर्देशक बन चुका है, सैमुअल हंटिंगटन का यह कथन कि इक्कीसवीं सदी का संतुलन एशिया में तय होगा, आज भारत-केंद्रित होता प्रतीत हो रहा है, जनसांख्यिकीय लाभ, तीव्र जीडीपी वृद्धि और नवाचार की गति भारत को दीर्घकालीन स्थिरता प्रदान कर रही है, लोकतंत्र जिसकी जड़ें ग्रामसभा से लेकर संसद तक फैली हैं आज विश्व के लिए एक जीवंत उदाहरण है कि विविधता कैसे शक्ति बनती है, डॉ. भीमराव आंबेडकर ने संविधान को सामाजिक न्याय का औजार बताया था और आज वही संविधान भारत की प्रगति का नैतिक आधार बना हुआ है, साहित्य, संस्कृति और विचार के क्षेत्र में भी भारत की उपस्थिति सशक्त है,

नोबेल विजेता रामकृष्णन से लेकर अमर्त्य सेन तक और वैश्विक साहित्य में भारतीय मूल के लेखकों की स्वीकार्यता यह दर्शाती है कि भारत की आवाज केवल आर्थिक नहीं बल्कि वैचारिक भी है, रवींद्रनाथ ठाकुर ने जिस विश्वमानव की कल्पना की थी आज भारत उसी विचार का वाहक बनता दिखाई दे रहा है, यह कहना अतिशयोक्ति नहीं कि भारत अब केवल भविष्य का स्वप्न नहीं बल्कि वर्तमान की सशक्त वास्तविकता है, यह स्वर्णिम काल तभी सार्थक रहेगा जब यह विकास करुणा, समावेशिता और नैतिकता से जुड़ा रहेगा, क्योंकि जैसा कि महात्मा गांधी ने चेताया था, 'नैतिकता के बिना प्रगति विनाश का कारण बन जाती है,' आज भारत के उत्थान की यह गाथा विश्व को यह संदेश दे रही है कि शक्ति का अर्थ प्रभुत्व नहीं बल्कि उत्तरदायित्व है, और इसी उत्तरदायित्व के साथ भारत वैश्विक मंच पर विचार, तकनीक और कूटनीति का सूत्रधार बनकर उभरा है, जहाँ से यह उद्घोष सुनाई देता है कि भारत अब भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान का नेतृत्व कर रहा है।

**संजीव ठाकुर**

# संपादकीय

## सावरकर की चेतना और भागवत का समकालीन राष्ट्रबोध



**[ राष्ट्र के लिए मरने से आगेः जीने की वैचारिक क्रांति ]**

**[ नए युग की राष्ट्रभक्तिः न मरने का आग्रह, न जीने का भय ]**

अंडमान की वह ऐतिहासिक भूमि, जहाँ स्वतंत्रता संग्राम की वेदना आज भी समुद्री हवाओं में मौन होकर गूंजती है, एक बार फिर राष्ट्रचिंतन की साक्षी बनी। काला पानी की सेलुलर जेल केवल ईंट-पत्थरों की संरचना नहीं, बल्कि उन असंख्य तपस्वी आत्माओं का अमिट स्मारक है, जिन्होंने भारतमाता की स्वतंत्रता के लिए अमानवीय यातनाओं को भी व्रत की भाँति स्वीकार किया। इसी पावन पृष्ठभूमि में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का उद्घोष गूंजा– 'यह भारत के लिए जीने का समय है, मरने का नहीं।' यह कथन बलिदान की गौरवशाली परंपरा को नकारे बिना, राष्ट्रभावना को आत्मविनाश से निकालकर जीवन, निर्माण और पुनर्जागरण की दिशा में मोड़ने वाला स्पष्ट एवं सशक्त संदेश है।

दक्षिण अंडमान के बेओदनाबाद स्थित वीर सावरकर प्रेरणा पार्क में, वीर सावरकर की प्रतिमा के अनावरण अवसर पर दिया गया यह वक्तव्य इतिहास की पीड़ा को भविष्य की प्रेरणा में रूपांतरित करता प्रतीत हुआ। सावरकर का स्वप्न केवल विदेशी शासन से मुक्ति तक सीमित नहीं था, बल्कि एक संगठित, आत्मविश्वासी और जाग्रत राष्ट्र के निर्माण का था। उसी तपोभूमि से भागवत जी ने यह स्पष्ट किया कि सच्चा राष्ट्रप्रेम आत्मोत्सर्ग की एकांगी व्याख्या नहीं, बल्कि सृजनशील, सकारात्मक और दीर्घकालीन जीवन-दृष्टि में निहित है–ऐसा जीवन, जो आने वाली पीढ़ियों को एक सशक्त, समर्थ और आत्मनिर्भर भारत का उत्तराधिकार सौंप सके।

आज का भारत एक अलग मोड़ पर खड़ा है। स्वतंत्रता के लिए प्राण देने का युग इतिहास बन चुका है, परंतु राष्ट्र के लिए जीने की चुनौती अब और अधिक व्यापक हो गई है। भागवत जी का संदेश इसी संदर्भ में सामयिक और प्रासंगिक बन जाता है। उन्होंने यह रेखांकित किया कि सावरकर ने कभी जाति, प्रांत या भाषा की सीमाओं में राष्ट्र को नहीं बांधा। अखंड भारत की उनकी परिकल्पना सांस्कृतिक एकता पर आधारित थी। आज जब छोटे-छोटे मुद्दों पर समाज को बांटने की कोशिशें होती हैं, तब यह स्मरण आवश्यक है कि हमारी पहली पहचान भारतीय होना है।

'टुकड़े-टुकड़े' की मानसिकता और विभाजनकारी शब्दावली पर करारा प्रहार करते हुए भागवत जी ने राष्ट्र को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। राष्ट्रभक्ति नारों या आक्रोश तक सीमित नहीं, बल्कि दैनिक आचरण, सहिष्णुता और सहयोग में प्रकट होती है। विविध मतों और परंपराओं के बावजूद एक साझा लक्ष्य की ओर बढ़ना ही भारत की असली शक्ति है। उन्होंने स्पष्ट संकेत दिया कि आंतरिक एकता के बिना बाहरी चुनौतियों का सामना करना असंभव है। इसलिए राष्ट्र को हर प्रकार के संकीर्ण स्वार्थ से ऊपर उठाकर देखना समय की आवश्यकता है।

इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति ने संदेश को और व्यापक संदर्भ दिया। मंच से युवाओं को संबोधित करते हुए भागवत जी ने सफलता की नई परिभाषा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि आज का युवा विश्व की सबसे तेज़ी से उभरती अर्थव्यवस्था का भाग है। आगे बढ़ो, धन अर्जित करो, नवाचार करो, करियर में शिखर तक पहुंचो–लेकिन यह सब राष्ट्र के प्रति दायित्व को भूले बिना हो। साधुता या त्याग का अर्थ समाज से कटना नहीं, बल्कि अपने क्षेत्र में श्रेष्ठ बनकर समाज को सशक्त करना है।

भागवत जी का यह दृष्टिकोण निराशा और हिंसा की प्रवृत्तियों से अलग राह दिखाता है। उन्होंने युवाओं को यह समझाया कि क्रांति केवल सड़कों पर नहीं होती, बल्कि प्रयोगशालाओं, कक्षाओं, खेतों, कारखानों और कार्यालयों में भी जन्म लेती है। सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक गौरव और पर्यावरण संरक्षण को राष्ट्रसेवा का अभिन्न अंग बताते हुए उन्होंने एक संतुलित विकास मॉडल की ओर संकेत किया। यह ऐसा विकास है, जिसमें प्रगति मानवता से कटकर नहीं, बल्कि उसके साथ कदम मिलाकर चलती है।

भारत की विविधता को अक्सर चुनौती के रूप में देखा जाता है, परंतु भागवत जी ने इसे शक्ति का स्रोत बताया। अनेक भाषाएं, असंख्य परंपराएं और विविध संस्कृतियां मिलकर एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करती हैं, जो विश्व को दिशा दे सकता है। जब दुनिया आर्थिक अनिश्चितताओं और संघर्षों से गुजर रही है, तब भारत के पास आशा का केंद्र बनने का अवसर है। इसके लिए आवश्यक है कि हम सावरकर के दर्द को केवल स्मृति न बनाएं, बल्कि उससे प्रेरणा लेकर स्वार्थ त्यागकर कार्य करें।

यह संदेश केवल विचारधारा का उद्घोष नहीं, बल्कि हर नागरिक के लिए आह्वान है। यदि शिक्षक शिक्षा से समाज को आलोकित करे, उद्यमी ईमानदारी से रोजगार सृजित करे, किसान प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर अन्न उपजाए और युवा तकनीक से देश को आगे बढ़ाए, तो भारत को रोक पाना किसी के लिए संभव नहीं होगा। भावनात्मक भाषण क्षणिक उत्साह देते हैं, किंतु स्थायी परिवर्तन अनुशासित और निरंतर प्रयास से ही आता है–यह बात भागवत जी ने स्पष्ट रूप से रेखांकित की। अंडमान से उठा यह स्वर आज पूरे देश में प्रतिध्वनित हो रहा है। यह हमें बताता है कि हमारा समय आ चुका है–निर्माण का, सृजन का और विजय का। मोहन भागवत का यह उद्बोधन नई राष्ट्रभक्ति की नींव रखता है, जहां अतीत के बलिदान सम्मानित हैं, पर भविष्य का मार्ग जीवन, एकता और प्रगति से प्रशस्त होता है। भारत आज तैयार है एक सशक्त, समृद्ध और संगठित राष्ट्र बनने के लिए। भारत के लिए जियो, ताकि विश्व हमारे अनुभव से सीख सके–यही इस जीवन-क्रांति का सार है।

**प्रो. आरके जैन**

# भारत पर अब मेक्सिको का पचास फीसद टैरिफ हमला




AFP

मेक्सिको द्वारा भारत, चीन सहित अनेक एशियाई देशों से आने वाले उत्पादों पर पाँच से पचास प्रतिशत तक नए शुल्क लगाने का निर्णय केवल एक व्यापारिक नीति नहीं है, बल्कि बदलते वैश्विक शक्ति-संतुलन और बढ़ते संरक्षणवाद का स्पष्ट संकेत है। यह कदम उस दौर में उठाया गया है जब मुक्त व्यापार की अवधारणा धीरे-धीरे संदेह के घेरे में आ रही है और राष्ट्र अपने घरेलू उद्योगों की रक्षा के लिए सख्त नीतियाँ अपनाने लगे हैं। मेक्सिको की संसद से पारित यह निर्णय आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय व्यापार, विशेषकर विकासशील देशों की निर्यात संभावनाओं पर दूरगामी प्रभाव डाल सकता है।

मेक्सिको सरकार का तर्क है कि एशियाई देशों से सस्ते उत्पादों की बाढ़ ने उसके स्थानीय उद्योगों को गंभीर क्षति पहुँचाई है। वस्त्र, जूते, इस्पात, धातु, वाहन कलपुर्जे और उपभोक्ता वस्तुओं जैसे क्षेत्रों में स्थानीय उत्पादक प्रतिस्पर्धा में पिछड़ते चले गए। सरकार का मानना है कि ऊँचे शुल्क लगाकर घरेलू विनिर्माण को संजीवनी दी जा सकती है और रोजगार के अवसर बढ़ाए जा सकते हैं। यह तर्क पहली नज़र में आकर्षक लगता है, परंतु इसका दूसरा पक्ष भी उतना ही गंभीर है, जिसे अनदेखा नहीं किया जा सकता।

भारत के लिए यह निर्णय विशेष चिंता का विषय है। बीते कुछ वर्षों में मेक्सिको भारत के लिए एक उभरता हुआ निर्यात बाजार बनकर सामने आया था। वाहन कलपुर्जे, दवाइयाँ, वस्त्र और कुछ औद्योगिक उत्पादों के निर्यात में लगातार वृद्धि हो रही थी। अब ऊँचे शुल्क लगने से भारतीय उत्पाद महंगे हो जाएंगे और उनकी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता कमजोर पड़ जाएगी। इसका सीधा असर निर्यातकों की आय, उत्पादन और रोजगार पर पड़ेगा। विशेष रूप से वाहन उद्योग, जो पहले ही वैश्विक मंदी और तकनीकी परिवर्तन के दबाव में है, इस झटके को झेलने में कठिनाई महसूस करेगा।

यह निर्णय केवल भारत तक सीमित नहीं है। चीन, जो मेक्सिको का एक बड़ा आपूर्तिकर्ता रहा है, इस नीति से सबसे अधिक प्रभावित होगा। दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और अन्य एशियाई देशों के लिए भी यह चेतावनी है कि वैश्विक व्यापार का वातावरण अब पहले जैसा उदार नहीं रहा। दरअसल, यह पूरा घटनाक्रम उस व्यापक प्रवृत्ति का हिस्सा है, जिसमें अमेरिका की नीतियों का प्रभाव उसके व्यापारिक साझेदारों पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उत्तरी अमेरिका के क्षेत्रीय व्यापार समझौते के अंतर्गत मेक्सिको अमेरिकी बाजार पर अत्यधिक निर्भर है, और ऐसे में वह अमेरिकी दबावों की अनदेखी नहीं कर सकता। चीन विरोधी रुख और घरेलू उद्योगों को प्राथमिकता देने की सोच ने मेक्सिको को भी इसी दिशा में धकेल दिया है।

हालाँकि, संरक्षणवाद के ये उपाय अल्पकाल में कुछ स्थानीय उद्योगों को राहत दे सकते हैं, परंतु दीर्घकाल में इसके नकारात्मक परिणाम सामने आने की आशंका अधिक है। ऊँचे शुल्क उपभोक्ताओं के लिए वस्तुओं को महंगा बना देंगे, जिससे महंगाई बढ़ सकती है। आपूर्ति श्रृंखला में बाधाएँ उत्पन्न होंगी और उद्योगों की लागत बढ़ेगी। अंततः इसका बोझ आम नागरिक पर ही पड़ेगा। इसके अतिरिक्त, व्यापारिक साझेदार देशों की ओर से प्रतिशोधात्मक कदम उठाए जाने की संभावना भी बनी रहती है, जिससे वैश्विक व्यापार युद्ध और गहराता चला जाएगा।

भारत के सामने इस स्थिति से निपटने के लिए कई स्तरों पर सोचने की आवश्यकता है। एक ओर सरकार को कूटनीतिक स्तर पर मेक्सिको से संवाद बढ़ाना होगा और द्विपक्षीय व्यापार समझौते की संभावनाओं पर गंभीरता से विचार करना होगा। दूसरी ओर, अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंचों पर अपने हितों की रक्षा के लिए कानूनी विकल्पों का भी आकलन करना पड़ेगा। साथ ही, भारतीय उद्योगों को केवल एक या दो बाजारों पर निर्भर रहने के बजाय अपने निर्यात का विविधीकरण करना होगा। लैटिन अमेरिका, अफ्रीका और अन्य उभरते क्षेत्रों में नए अवसर तलाशना अब अनिवार्य हो गया है।

यह भी स्पष्ट है कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में केवल मुक्त व्यापार के भरोसे बैठना पर्याप्त नहीं होगा। घरेलू विनिर्माण को मजबूत करना, गुणवत्ता और नवाचार पर ध्यान देना तथा लागत प्रतिस्पर्धा बढ़ाना समय की माँग है। यदि भारतीय उत्पाद गुणवत्ता और मूल्य दोनों में मजबूत होंगे, तो ऊँचे शुल्कों के बावजूद वे अपना स्थान बना सकते हैं। इसके साथ ही, विदेशों में उत्पादन इकाइयाँ स्थापित करने जैसी रणनीतियों पर भी विचार किया जा सकता है, जिससे शुल्क बाधाओं को आंशिक रूप से पार किया जा सके।

मेक्सिको का यह कदम इस बात की भी याद दिलाता है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था अब सहयोग से अधिक प्रतिस्पर्धा की ओर बढ़ रही है। राष्ट्र अपने-अपने हितों को सर्वोपरि मानकर नीतियाँ बना रहे हैं। ऐसे में विकासशील देशों के लिए चुनौतियाँ बढ़ना स्वाभाविक है। यदि यह प्रवृत्ति जारी रही, तो वैश्विक आर्थिक विकास की रफ्तार धीमी पड़ सकती है और असमानताएँ और गहरी हो सकती हैं।

अंततः, मेक्सिको द्वारा लगाए गए नए शुल्क केवल एक देश या कुछ उत्पादों तक सीमित मुद्दा नहीं हैं। यह उस व्यापक बदलाव का प्रतीक हैं, जिसमें वैश्विक व्यापार व्यवस्था एक नए मोड़ पर खड़ी है। भारत सहित एशियाई देशों के लिए यह चेतावनी भी है और अवसर भी। चेतावनी इसलिए कि पुरानी रणनीतियाँ अब कारगर नहीं रहीं, और अवसर इसलिए कि आत्मनिर्भरता, विविधीकरण और दीर्घकालिक सोच के साथ आगे बढ़ने का यही सही समय है। यदि सही नीतियाँ और ठोस कदम उठाए गए, तो इस चुनौती को भविष्य की मजबूती में बदला जा सकता है।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## अपना दल (एस) ने सरदार पटेल की पूर्व संध्या पर निकाली सामाजिक एकता संदेश पदयात्रा



**मनकापुर, गोण्डा।** राष्ट्रीय एकता के शिल्पी भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल के 75वें परिनिर्वाण दिवस की पूर्व संध्या पर अपना दल (एस) बस्ती व गोण्डा के कार्यकर्ताओं द्वारा बभनान कस्बे में भव्य सामाजिक एकता संदेश पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा का शुभारंभ SBP पब्लिक स्कूल परिसर से होकर रेलवे स्टेशन, विजय चौक, सब्जी मंडी, हरेंया तिराहा और पेट्रोल पंप तिराहा से गुजरते हुए किया गया। इसमें कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की और धर्म-जाति से ऊपर उठकर राष्ट्र व समाज की एकता का संदेश दिया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अपना दल (एस) विधायक दल के नेता मा0 राम निवास वर्मा ने कहा कि सरदार पटेल ने देशी रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत का निर्माण किया, उनसे प्रेरणा लेकर हमें भी राष्ट्रीय एकता के लिए समर्पित रहना चाहिए। अतिविशिष्ट अतिथि युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय चौरासिया ने सामाजिक एकता को राष्ट्रीय एकता की आधारशिला बताया और पार्टी नेतृत्व को और मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक गौर तृतीय राम सिंह पटेल ने उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजमणि पटेल तथा संचालन इंद्रजीत प्रजापति ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## घायल बंदर का ग्रामीणों ने कराया इलाज



**बंदर को होश आने के बाद वन विभाग की टीम ने सुरक्षित जंगल में छोड़ा**

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जिगिना टोला गंगापुर चौराहे पर रविवार की शाम को एक बंदर बिजली के चपेट में आकर अचेत हो गया। ग्रामीणों ने तत्काल पशु डॉक्टर को बुलाकर उसका इलाज कराया और वन विभाग के कर्मियों को सूचना देकर सुपुर्द कर दिया। बताया जा रहा है कि एक बंदर बिजली के पोल पर चढ़ गया था। कूदते समय वह बिजली के चपेट में आकर नीचे गिर गया। मौके पर ग्राम प्रधान राकेश कुमार पटेल, समाज सेवी शिवेंद्र यादव, मुस्ताक खान, मुन्ना यादव, मोकादम, संतोष यादव आदि लोगों ने तत्काल पशु डॉक्टर को बुलाकर उसका इलाज कराया। काफी देर इलाज के बाद बन्दर को होश आया। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दिया। मौके पर पहुंचे फारेस्टर जितेन्द्र कुमार गोड ने बन्दर को ग्रामीणों के सहयोग से जंगल में छोड़ दिया। इस सम्बन्ध में फारेस्टर जितेन्द्र कुमार गोड़ का कहना है कि बिजली के चपेट में आकर बन्दर घायल हो गया था, ठीक होने पर उसे जंगल में छोड़ दिया गया है।

## सामान लेने जा रहे युवक से मारपीट

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला शान्तिनगर में रहने वाले शुभम शर्मा पुत्र स्व.भगवानदास ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 8 दिसम्बर को शाम करीब 6.30 बजे जरूरत का सामान लेने जा रहा था, तभी बड़ी नहर पुल के पास उदय पुत्र सुन्दर पंथ, टोन उर्फ राकेश पुत्र अज्जू आये और गालियां देते हुये एक राय होकर मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## युवती पर सोने का हार व अंगूठी चोरी करने का आरोप

**ललितपुर।** कैलगुवां रोड रावतयाना निवासी मुस्कान पत्नी जुबेर खां ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि 7 दिसंबर की अपराह्न करीब 1.45 बजे वह कैलगुवां रोड से स्टेशन की ओर अमन खान पुत्र हनीफ के रिक्शा में बैठकर जा रही थी। आरोप है कि स्टेशन के पास खड़ी लड़की द्वारा उसके पर्स से एक सोने का हार व एक सोने की अंगूठी निकाल ली। इस सम्बन्ध में उसने उसी दिन कोतवाली में शिकायत की तो कार्यवाही नहीं की गयी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# नगर पंचायत गोला में लगाए गए आरओ वॉटर कूलर छह माह भी नहीं कर पाए पूरे

**●40 वाटर कूलर में से अधिकांश मशीनें हुईखराब, शुद्ध पेयजल व्यवस्था पर उठ पड़े सवाल**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोलाबाजार गोरखपुर** – नगर पंचायत गोला के जिम्मेदार लोग भले ही साफ-सफाई और शुद्ध पेयजल आपूर्ति को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रहे हों, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। नगर पंचायत क्षेत्र में नागरिकों को शुद्ध व ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगाए गए लगभग चालीस आरओ वॉटर कूलर में अधिकांश महज पांच से छह माह में ही खराब हो गए हैं। परिणामस्वरूप आमजन को फिर से दूषित पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। प्राप्त विवरण के अनुसार लगभग छह माह पूर्व नगर पंचायत गोला के विभिन्न वार्डों में शुद्ध जल पेय हेतु करीब 40 आरओ मशीनें स्थापित की गई थीं। इन मशीनों पर लाखों रुपये खर्च किए गए, लेकिन देखरेख और गुणवत्ता के अभाव में अधिकांश मशीनें कुछ ही महीनों में जवाब दे चुकी हैं। लगातार शिकायतों के बावजूद मरम्मत या पुनर्स्थापन की कोई ठोस पहल नहीं दिख रही है। ठंड के मौसम में जिम्मेदार अधिकारी शिकायतों पर कार्रवाई करने के बजाय निष्क्रिय बने हुए हैं। वार्ड नंबर 18 के सभासद श्रवण कुमार वर्मा ने बताया कि डाक बंगला रोड पर लगा आरओ कुछ ही महीनों में खराब हो गया, जिसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। इसी तरह वार्ड नंबर 10 सब्जी मंडी, दो रानीपुर 3 रामलीला मैदान, 13 एमसीए स्कूल के सामने, 16 गोपालपुर पुलिया के नीचे, 12 भीटी सहित कई अन्य वार्डों में लगे आरओ कूलर खराब पड़े हैं। जानकारी के अनुसार, सभी आरओ मशीनें देवरिया की बीएस कंस्ट्रक्शन द्वारा स्थापित कराई गई थीं। एक-एक मशीन की कीमत लगभग 65 हजार रुपये बताई जा रही है, ऐसे में मशीनों के इतनी जल्दी खराब होने से निर्माण गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि नगर पंचायत की यह शुद्ध पेयजल योजना सिर्फ कागजों तक सिमट कर रह जाती है या वास्तव में जनता को राहत दिलाने के लिए समयबद्ध कार्रवाई की जाती है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी वैभव चौधरी ने बताया कि आरओ मशीनों के खराब होने की सूचना मिलते ही कार्यदायी संस्था को अवगत करा दिया गया है। जब तक सभी मशीनें दुरुस्त नहीं हो जातीं, तब तक संबंधित भुगतान नहीं किया जाएगा।

## ग्राम पंचायतों के कार्यों की 'रेट लिस्ट' उजागर, हर फ़ाइल पर अवैध वसूली आरोप

**●ब्लॉक में तैनात अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (एपीओ) के. पी. सिंह ने इन सभी आरोपी को बताया निराधार**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोण्डा।** जनपद गोण्डा के रूपईडीह विकासखंड में ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों को लेकर अवैध वसूली का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि ब्लॉक में तैनात अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (एपीओ) के. पी. सिंह के बिना इशारे के किसी भी कार्य की फ़ाइल आगे नहीं बढ़ती। मनरेगा सहित अन्य योजनाओं से जुड़ी पत्रावलियों के निस्तारण, सत्यापन और भुगतान की प्रक्रिया को कथित तौर पर कमाई का जरिया बना दिया गया है।

**हर फ़ाइल का तय रेट**

सूत्रों के अनुसार, हर फ़ाइल के लिए अलग-अलग 'रेट' फिक्स कर रखा गया है, जो 500 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक बताया जा रहा है। कार्य स्वीकृति, कार्य आईडी जनरेशन, मस्टररोल जारी करना, भुगतान की पत्रावली और भौतिक सत्यापन—हर स्तर पर तय रकम दिए बिना काम आगे नहीं बढ़ता। पैसे न देने पर फ़ाइलों में जानबूझकर आपत्तियाँ लगाई जाती हैं और प्रक्रिया को अनावश्यक रूप से लंबित रखा जाता है।

**कर्मचारियों पर दबाव, विकास कार्य प्रभावित**

ग्राम रोजगार सेवकों और पंचायत प्रतिनिधियों का आरोप है कि वसूली का विरोध करने वालों पर मानसिक दबाव बनाया जाता है, कई मामलों में मानदेय रोकने तक की स्थिति बन जाती है। इसका सीधा असर ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों पर पड़ रहा है—काम अटकते हैं, भुगतान देर से होता है और ग्रामीणों को योजनाओं का समय पर लाभ नहीं मिल पाता।

**सत्यापन प्रक्रिया पर सवाल**

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि पत्रावली सत्यापन जैसी पारदर्शी और जवाबदेह प्रक्रिया को भी कथित तौर पर सौदेबाज़ी का माध्यम बना दिया गया है। यदि सत्यापन निष्पक्ष और नियमों के अनुरूप होता, तो फर्जी भुगतान और कागज़ी कामों पर रोक लग सकती थी। लेकिन आरोप है कि यहाँ सत्यापन ही अवैध वसूली की कड़ी बन गया है।

**डिजिटल सिस्टम भी सवालों के घेरे में**

डिजिटल और ऑनलाइन प्रक्रियाओं के बावजूद वसूली के आरोप सामने आना व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। आरोप है कि तकनीकी खामियों का हवाला देकर फ़ाइलें रोकी जाती हैं, जबकि कागज़ी औपचारिकताएँ पूरी होती हैं। इससे यह सवाल उठता है कि डिजिटल पारदर्शिता का दावा ज़मीनी हकीकत में क्यों नाकाम हो रहा है?

**प्रशासन से जवाबदेही की मांग**

अब निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं—क्या रूपईडीह ब्लॉक में तैनात एपीओ के. पी. सिंह पर लगे इन गंभीर आरोपों की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच होगी? या फिर यह मामला भी पहले की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा?

यदि समय रहते सख़्त कार्रवाई नहीं हुई, तो यह स्पष्ट होगा कि भ्रष्टाचार को मौन संरक्षण मिला हुआ है और जनकल्याणकारी योजनाएँ जनता के हित के बजाय कुछ लोगों की निजी कमाई का साधन बनती जा रही हैं। एपीओ के. पी. सिंह ने इन सभी आरोपों को निराधार बताया कहा कि जो भी आरोप लगाया जा रहा वह सब गलत है। कहा कि ये सब फर्जी तरीके से मुझे फसाने के लिए गलत आरोप लगाया जा रहा है। वही इस संबंध में खंड विकास अधिकारी अभय सिंह द्वारा बताया गया की जो भी तथ्य है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## साइकिल से गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण कराने पहुंचे ग्राम विकास अधिकारी

**ललितपुर।** ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा पंचायत सचिव की उपस्थिति को ऑनलाइन किये जाने को लेकर जो आदेश विगत दिनों निर्गत किया गया था। ऑनलाइन उपस्थिति आदेश के परिप्रेक्ष्य में ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा इसे वर्तमान समय में ऐसे आदेश को अव्यवहारिक और शासकीय कार्यों को बाधित करने वाला बताते हुये सांकेतिक सत्याग्रह जो की साइकिल चला कर भी किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को विकासखंड जखौरा के ग्राम पंचायत गनगौरा में संचालित अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल गनगौरा में ग्राम विकास अधिकारी हिमांशु कुशवाहा साइकिल से पहुंचे जहां अधिकारियों द्वारा गौशाला का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी डा.सरस कुमार तिवारी, विषय वस्तु विशेषज्ञ धीरज कुमार वर्मा, भूमि संरक्षण विभाग से अवर अभियंता राधेश्याम, प्राविधिक सहायक कृषि विभाग श्रीमती अंजुलिका सेन, विषय वस्तु विशेषज्ञ धीरज कुमार वर्मा के द्वारा गौशाला का निरीक्षण किया गया जिसमे गौशाला की व्यवस्था दुरुस्त पाई गई तथा गौवंश का सर्दी से बचाव भी किया जा रहा था और खानपान की व्यवस्था भरपूर मात्रा में पर्याप्त पाई गई।

## भाजपा में गोरखपुर मंडल की मजबूत पकड़



**●-सत्ता व संगठन में शामिल हैं कद्दावर**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**रूद्रपुर,देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई में संगठन और सत्ता में गोरखपुर मण्डल का दबदबा बना हुआ है। गोरखपुर मण्डल में चार जिले गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर और महराजगंज जिले हैं। गोरखपुर सदर से विधायक योगी आदित्यनाथ प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। महराजगंज जिले के निवासी पंकज चौधरी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पर निर्वाचित हुए हैं जबकि गोरखपुर शहर के निवासी भाजपा के वरिष्ठ नेता शिव प्रताप शुक्ला इस समय हिमाचल के राज्यपाल है। इसी तरह गोरखपुर के बांसगांव सुरक्षित सीट से भाजपा सांसद कमलेश पासवान केन्द्र सरकार में राज्य मंत्री हैं।

गोरखपुर सदर विधानसभा सीट से चार बार विधायक रहे डा.राधामोहन दास अग्रवाल इस समय भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री पद की शोभा बढ़ा रहे हैं जबकि गोरखपुर से ही संगीता यादव राज्य सभा सांसद के साथ वर्तमान में भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय इकाई में राष्ट्रीय मंत्री की भूमिका निभा रही हैं। देवरिया जिला निवासी धर्मेन्द्र सिंह भाजपा में प्रदेश उपाध्यक्ष की भूमिका निभा रहे हैं। गोरखपुर मण्डल से ही पूर्व विधायक बेचन राम एससी/ एसटी आयोग के उपाध्यक्ष की भूमिका निभा रहे हैं। गोरखपुर मण्डल के व्यापारी नेता पुष्पदंत जैन व्यापारी कल्याण बोर्ड के प्रदेश उपाध्यक्ष है और राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त है। चिल्लूपार के विधायक राजेश त्रिपाठी विधानसभा में मुख्य सचेतक की भूमिका निभा रहे हैं।

## घर के सामने सड़क की सफाई को लेकर दो पक्षों में मारपीट, सात पर केस दर्ज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

सहजनवां गीडा थाना क्षेत्र के कालेसर गांव में शनिवार को घर के सामने सड़क और नाली की सफाई को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ओर से मारपीट हो गई, जिसमें कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर कुल सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कालेसर निवासी सुजित मौर्या पुत्र रामवृक्ष मौर्या के घर के सामने सड़क और नाली है। शनिवार को उनकी मां द्वारा सड़क व नाली की साफ-सफाई की जा रही थी। इसी दौरान पड़ोसियों से पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज शुरू हो गई। पीड़ित पक्ष के विरोध करने पर आरोप है कि सोनू, सोनम, उसकी पत्नी सहित एक अज्ञात व्यक्ति मौके पर जुट गए और मारपीट करने लगे। हमले में सुजित मौर्या घायल हो गए। बीच-बचाव करने आए उनके भाई के साथ भी मारपीट की गई, जिससे वह भी घायल हो गए।

पीड़ित की तहरीर पर गीडा पुलिस ने आरोपी सोनू, सोनम, उसकी पत्नी और एक अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से रामप्रीत पुत्र स्वर्गीय राम दुलारे ने भी पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी पक्ष ने उनके छत पर गंदगी फेंकी थी। इसका विरोध करने पर चार लोगों ने एकजुट होकर उनके साथ मारपीट की, जिससे वह घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने आशा, अजित और रामसिंह के खिलाफ केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष गीडा ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है और मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बुलेट की टक्कर से टूटा पैर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर अंतर्गत थाना चंदेरी के ग्राम लड़ेरी निवासी आशीष पुत्र अज्जी प्रजापति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसके चाचा गज्जू पुत्र कम्मोदा 25 नवम्बर को शाम 6 बजे ललितपुर से दवा कराकर घर जा रहा था। तभी रास्ते में राजघाट चौराहा के सामने तेज रफ्तार आ रही बुलेट गाड़ी नं. एम.पी.07 एन.क्यू. 5637 के चालक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके चाचा का पैर फ्रैक्चर हो गया। राहगीरों ने एंबुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार किया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बुलेट चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## पंकज के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर हर्ष

**रूद्रपुर, देवरिया।** राजनीति को अपने पुरुषार्थ के बल पर कसने वाले महाराजगंज के लोकप्रिय सांसद सम्मानित पंकज चौधरी को उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर हम सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उनको दिल से बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं और उनकी लंबी पारी के लिए बाबा दुग्धेश्वरनाथ नाथ जी से प्रार्थना करते हैं। आपके नेतृत्व में आने वाले आसन्न विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी फिर से प्रचंड बहुमत के साथ आप और माननीय योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में सरकार बनाने का कार्य करेगें। आपका राजनीतिक संघर्ष , त्याग, ईमानदारी एवं सहनशीलता हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहेगा। बधाई देने वाले में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष दिलीप जायसवाल , वरिष्ठ भाजपा नेता छट्ठेलाललाल निगम इंजीनियर सुशील चंद्र गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, मनीष गुप्ता, रमेश गुप्ता, सुभाष चंद्र मद्धेशिया, महेश वर्मा, पंकज कनौजिया, शिवम श्रीवास्तव, सुनील जायसवाल आदि शामिल रहे।

## गोंडा ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के लगातार सातवीं बार जिलाध्यक्ष बने राघवेंद्र तिवारी महामंत्री देवमणि

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोण्डा–** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ शाखा जनपद गोंडा का दिवार्षिक चुनाव अधिवेशन चौधरी चरण सिंह सिंचाई डाक बंगला में दोपहर 12:00 बजे संपन्न हुआ चुनाव अधिकारी विनोद वर्मा के द्वारा नामांकन पत्र का वितरण किया गया जिसमें जिलाध्यक्ष पद पर राघवेंद्र तिवारी महामंत्री पद पर देवमणि कोषाध्यक्ष पद पर अमीर अहमद संगठन मंत्री उधो राम गौतम जिला संप्रेक्षक राम रूप वर्मा सभी लोगों ने अपना अपना नामांकन किया निर्धारित समय में सभी पदों पर अकाल नामांकन होने के कारण चुनाव अधिकारी के द्वारा सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई सुबह 10:00 बजे से धीरे-धीरे ब्लॉकों के कर्मचारी पदाधिकारी का जमावड़ा सिंचाई विभाग डाक बंगला पर शुरू हुआ दोपहर 12:00 बजे तक सैकड़ो कर्मचारी उपस्थित हुए इस मौके पर मंडल अध्यक्ष नरसिंह नारायण पांडेय मॉडल वरिष्ठ उपाध्याय सचिन मोहन श्रीवास्तव ब्लॉक अध्यक्ष कर्नलगंज रवि गोस्वामी ब्लॉक अध्यक्ष परसपुर जितेंद्र तिवारी बेलसर ब्लॉक अध्यक्ष रघुनाथ मौर्य ब्लॉक अध्यक्ष हलदरमऊ रमेश सिंह इटियाथोक ब्लॉक अध्यक्ष लोकनाथ शुक्ला मुझेहना ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे पडरी कृपाल अभिमन्यु कुमार विनोद मिश्रा मनकापुर ब्लॉक अध्यक्ष अतुल तिवारी छपिया ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप वर्मा बभनजोत ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सरिता कश्यप महामंत्री रामरति संगीता गुप्ता जुबेर अहमद फौजदार पांडे रामपाल सिंह अरुण चतुर्वेदी अजय यादव राम निहोर संजय श्री प्रकाश मिश्रा भीम सिंह मुकेश सोनकर सहित सैकड़ो कर्मचारी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्रामीण पत्रकारों ने समस्याओं को लेकर विधायक को सोपा ज्ञापन

**●ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर तरबगंज तहसील के पत्रकारों ने समस्याओं के निराकरण की उठाई मांग**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोंडा** – ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश व जिला नेतृत्व के निर्देश पर सदर तहसील के समस्त पत्रकारों द्वारा विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक विस्तृत ज्ञापन संगठन के जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी के नेतृत्व मे महनौन के विधायक विनय कुमार द्विदी को दिया गया। वही तरबगंज तहसील के पत्रकारों ने मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री के प्रतिनिधि वेद प्रकाश दूबे को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में कहा गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकार सीमित संसाधनों और असुरक्षित माहौल में जनहित की खबरें प्रकाशित कर रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें शासन-प्रशासन स्तर पर अपेक्षित सुविधाएं और सुरक्षा नहीं मिल पा रही है। संगठन ने तहसील स्तर पर पत्रकारों को मान्यता दिए जाने, पत्रकार सुरक्षा के लिए जिला एवं तहसील स्तर पर स्थायी समितियों के गठन, स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने, आयुष्मान कार्ड जारी करने, उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क अथवा रियायती यात्रा की सुविधा देने,प्रदेश स्तरीय विज्ञापन व मान्यता समितियों में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को शामिल करने जैसी मांगें प्रमुख रूप से उठाई। विधायक प्रतिनिधि वेद प्रकाश दूबे ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि इसे मुख्यमंत्री तक शीघ्र भेजा जाएगा। साथ ही पत्रकारों की मांगों को पूरा कराने के लिए वह अपने स्तर से हरसंभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर अशोक पाठक, आशीष श्रीवास्तव,अर्जुन प्रसाद मिश्रा, विपिन तिवारी, अखिलेश त्रिपाठी,आशीष त्रिपाठी, रामशंकर शर्मा,आनंद दूबे,रियाजुद्दीन,विवेक तिवारी,सुनील चौबे,बृजेश पाठक,अशोक यादव,गौरव यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण पत्रकार मौजूद रहे।

## भारत सनातन राष्ट्र की तरफ, मुग़ल राष्ट्र बनने नही देंगे -पप्पू पाण्डेय

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कुशीनगर।** भाजपा नेता पप्पू पाण्डेय के नेतृत्व में सेमरा हर्दो चौराहे पर पश्चिम बंगाल में हूँमायु नामक मुस्लिम द्वारा मुग़ल शासक बाबर के नाम पर मस्जिद बनवाये जाने के विरोध में हुमायूं का प्रतीकात्मक पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन विशुनपुरा भाजपा मण्डल मंत्री व पूर्व प्रधान मनोज कुमार गौंड ने किया। विरोध प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए पप्पू पाण्डेय ने कहा कि भारत हिन्दू राष्ट्र है, फिर मुग़ल सल्तनत का सपना देखना हुमायूं जैसे लोगों को भारी पड़ेगा, किसी भी कीमत पर इस देश में मुगलो के नाम का मस्जिद नहीं बनने दिया जायेगा, भारत हिन्दू राष्ट्र बनने की तरफ अग्रसर हो गया है, भारत में बाबरी मस्जिद का निर्माण किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं किया जायेगा, क्योंकि भारत का बागडोर आज विश्व के सबसे बड़े नेता के हाँथो में है, अगर कोई राष्ट्र की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करेगा तो उसे किसी भी क़ीमत पर बर्दास्त नहीं किया जायेगा, ऐसे कृत्य करने वाले लोग देश से बाहर भेजे जायेंगे, और वहीँ अपना बाबरी मस्जिद बनवा सकते हैं, यह कुकृत्य करना राष्ट्रद्रोह है और सूरज को दीपक दिखाने के समान है।

इस कार्यक्रम को कठकुयां भाजपा मण्डल अध्यक्ष विजय सोनी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद का निर्माण हिन्दू राष्ट्र और हिन्दू आस्था के खिलाफ है, इसे किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं किया जायेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से चन्दन पाण्डेय, रोशन चौधरी, राजेश यादव, रामेश्वर कुशवाहा, डमडम सिंह,अमन तिवारी, राजेश पासवान, रामू मौर्या, बिग्गू प्रसाद, जवाहिर गौतम, देवसिंह पटेल, आशुतोष पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

## पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन, मुख्यमंत्री से सुरक्षा व सम्मान की मांग

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**खजनी/गोरखपुर।** ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान एवं सुविधाओं में सुधार की मांग को लेकर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील खजनी के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन खजनी विधायक के प्रतिनिधि एडवोकेट विनोद कुमार पांडेय को दिया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन प्रदेश के 18 मंडलों, 75 जिलों और 551 तहसीलों में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है, इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाले पत्रकारों को समाचार संकलन और प्रकाशन के दौरान कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। शासन-प्रशासन स्तर पर अपेक्षित सहयोग और सुरक्षा न मिलने से पत्रकारों की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से तहसील स्तर पर मान्यता प्रक्रिया में संशोधन, जिला व मंडल स्तर पर स्थायी समितियों के गठन, ग्रामीण पत्रकारों को आयुष्मान कार्ड की सुविधा, परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा की व्यवस्था जैसी मांगें शामिल की गई हैं। इसके साथ ही मान्यता एवं विज्ञापन समिति में संगठन को प्रतिनिधित्व देने, लखनऊ में कार्यालय हेतु भवन उपलब्ध कराने तथा ग्रामीण पत्रकार आयोग के गठन की मांग भी उठाई गई। संगठन ने यह भी मांग की कि समाचार कवरेज के दौरान किसी विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर पत्रकारों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने से पूर्व सक्षम अधिकारी द्वारा निष्पक्ष जांच की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि पत्रकारों का उत्पीड़न रोका जा सके। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष राम आशीष तिवारी, उपाध्यक्ष गजेंद्र त्रिपाठी, महामंत्री शत्रुघ्न मणि त्रिपाठी, संगठन मंत्री संतोष त्रिपाठी, जिला मंत्री आशुतोष त्रिपाठी सहित उमेश दुबे, अर्धचंद्रधारी त्रिपाठी, उमेश तिवारी, देवेंद्र यादव, सेराज आलम खां, नंदकिशोर जायसवाल, शक्ति ओम सिंह, नन्हे यादव, अवधेश प्रसाद, राजाराम यादव, कमल किशोर जैसवाल सहित अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने सरकार से मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई की उम्मीद जताई।

## उधार की रकम मांगना बना विवाद की वजह, जीजा की ससुराल में पिटाई, तीन पर मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




सहजनवां थाना शाहपुर क्षेत्र के मोहनापुर निवासी कृष्ण पाल यादव पुत्र स्वर्गीय रामनरेश यादव को अपने साले से उधार दिए गए रुपये मांगना भारी पड़ गया। पीड़ित का सहजनवां क्षेत्र के बोकटा गांव में ससुराल है। कृष्ण पाल यादव ने अपने साले अमरजीत यादव को करीब डेढ़ लाख रुपये उधार दिए थे। लंबे समय से रकम वापस न मिलने पर शुक्रवार की शाम करीब सात बजे वह अपने ससुराल पहुंचकर साले से रुपये लौटाने की मांग करने लगे। आरोप है कि रुपये मांगते ही साला अमरजीत यादव उग्र हो गया और पैसे देने के बजाय विवाद करने लगा। देखते ही देखते मामला बढ़ गया और गाली-गलौज शुरू हो गई। विरोध करने पर अमरजीत यादव ने अपने परिवार के एक लड़के और एक लड़की के साथ मिलकर जीजा कृष्ण पाल यादव की पिटाई कर दी। मारपीट में पीड़ित को चोटें आई, जिसके बाद आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।

घटना के बाद पीड़ित कृष्ण पाल यादव ने थाना शाहपुर पहुंचकर लिखित तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अमरजीत यादव सहित एक लड़का और एक लड़की के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधार के लेन-देन को लेकर सगे रिश्तों में हुए इस विवाद से क्षेत्र में चर्चा बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पैसों के लेन-देन में आपसी विश्वास टूटने से ऐसे विवाद सामने आ रहे हैं, जिससे पारिवारिक रिश्तों में भी कड़वाहट बढ़ रही है।

# संक्षिप्त खबरें

## महिला थानाध्यक्ष द्वारा काउंसलरों के सहयोग 12 मामलों में सुलह का प्रयास करके 06 जोड़े की कराई विदाई



**लखीमपुर-** खीरी, रविवार 14 दिसम्बर 2025 , पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में थानाध्यक्ष थाना महिला शिल्पी शुक्ला ने परामर्शदाताओं के सहयोग से 12 परिवारिक विवादों में पक्षकारों के मध्य सुलह का प्रयास कर के 06 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराके बिखरते परिवारों को जोड़ने का सराहनीय कार्य किया है ! बताते चलें कि जनपद मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में महिला थानाध्यक्ष शिल्पी शुक्ला, काउंसलर सुश्री कुसुम गुप्ता, कय्यूम ज़रवानी श्रीमती नीति गुप्ता के द्वारा दहेज उत्पीड़न,घरेलू हिंसा के उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के 12 शिकायती प्रार्थना-पत्र में काउंसलरों व महिला आरक्षी सुमन लता के सहयोग से 06 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई है 03 मामले ऐसे थे जिसमें पति-पत्नी में अत्यधिक मनमुटाव था, दोनों पक्षों की सहमति से सोचने का समय दिया गया ,एवं 03 मामले माननीय न्यायालय में लम्बित होने के कारण पक्षकार न्यायालय में उपस्थित होकर मामले का निस्तारण करेगें, पति- पत्नी की विदाई कराके बिखरते परिवारों को जोड़ने का सराहनीय कार्य किया है !

## भयंकर ठंड और कोहरे में अलाव न जलने से जनता परेशान, नगर पंचायत की लापरवाही उजागर

**धौरहरा खीरी-** नगर पंचायत में भयंकर कोहरे और ठंड के बावजूद नगर पंचायत द्वारा सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों पर अलाव की कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। ठंड से बचने के लिए मजबूर लोग अपने स्तर पर पुराने कपड़े, कागज़ और प्लास्टिक जैसी हानिकारक वस्तुएँ जलाकर ताप रहे हैं, जिससे न केवल प्रदूषण फैल रहा है बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है। नगर के प्रमुख चौराहों, बस स्टैंड, अस्पताल के आसपास, मंदिरों एवं अन्य धार्मिक स्थलों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग सुबह और रात के समय एकत्र होते हैं। अलाव की व्यवस्था न होने के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और छोटे बच्चों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हर वर्ष ठंड के मौसम में नगर पंचायत द्वारा अलाव जलाने की व्यवस्था की जाती रही है, लेकिन इस वर्ष अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत इस गंभीर समस्या के प्रति पूरी तरह से उदासीन बनी हुई है। मजबूरी में लोग प्लास्टिक और अन्य जहरीले पदार्थ जलाते हैं तो उससे निकलने वाला धुआँ सांस संबंधी बीमारियों को बढ़ावा दे रहा है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि नगर के सभी प्रमुख सार्वजनिक और धार्मिक स्थानों पर तुरंत अलाव की व्यवस्था की जाए, ताकि लोग सुरक्षित तरीके से ठंड से बच सकें। साथ ही नगर पंचायत से यह भी अपेक्षा की जा रही है कि वह समय-समय पर अलाव की निगरानी करे और स्वच्छ ईंधन का उपयोग सुनिश्चित करे।

# सी. एम. पोर्टल पर शिकायत करने के बाद भी नहीं की जा रही जांच

**● ग्राम पंचायत मूडा बुजुर्ग में भ्रस्टाचार की ऑनलाइन शिकायत की जांच नहीं होना बना चर्चा का विषय**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी** जनपद के विकासखंड बिजुआ की ग्राम पंचायत मूडा बुजुर्ग में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग किए जाने का मामला सीएम पोर्टल पर दर्ज कराकर जांच कराए जाने की मांग की गई है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायत कर्ता राधेश्याम ने सीएम पोर्टल पर की गई अपनी शिकायत में ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ता राधेश्याम का आरोप है कि ग्राम पंचायत में आज तक कभी भी साफ सफाई कार्य नहीं कराया गया और ना ही कभी एंटी लारवा दवा का छिड़काव ही कराया गया है। दवा छिड़काव और साफ सफाई के नाम पर फर्जी बिल वाउचर लगाकर पैसा निकाल कर आपस में बंदर बांट कर लिया गया है ।इतना ही नहीं शिकायत कर्ता ने नल रिबोर एवं मरम्मत के साथ-साथ गांव में लगवाई गई अधो मानक सट्रीट लाइट के मामले की जांच कराए जाने की भी मांग की है ।ग्राम सभा में लगवाई गई इंटरलॉकिंग और खेल मैदान निर्माण में जमकर मानकों की धज्जियां उड़ाते हुए गुणबत्ताविहीन निर्माण कार्य कराए जाने के गंभीर आरोप लगाए हैं फिलहाल मामला जांच का विषय बना हुआ है ।यदि मामले की कराई गई निष्पक्ष जांच और कराए गए विकास कार्यो का किया गया स्थलीय सत्यापन तो सरकारी धन के दुरुपयोग होने के मामले का खुलासा होना तय बताया जाता है।

**गर्दन फंसते देख नहीं दी जा रही वांछित सूचनाएं**

विकास खंड बिजुआ की ग्राम पंचायत मुड़ा बुजुर्ग में हुए भ्रस्टाचार की ऑनलाइन शिकायतें किए जाने के बाद शिकायत कर्ता ने सूचना अधिकार अधिनियम के तहत कुल 5 बिंदुओं पर आधारित सूचना खंड विकास अधिकारी बिजुआ से चाही गई थी। वांछित सूचनाओं में नल रिबोर एवं मरम्मत की जानकारी वर्ष 2022,2023,2023-2024,2024-25 एवं 2025-26 की जानकारी चाही है 2.ग्राम पंचायत में उपरोक्त वित्तीय वर्षों में लगवाई गई स्ट्रीट लाइट के बिल बाउचर और आपूर्तिकर्ता फर्म का नाम भुगतान मोड ऑफ पेमेंट शासन द्वारा जारी स्ट्रीट लाइट खरीद में मानकों की गाइड लाइन की छाया प्रति चाही थी ।खेल मैदान निर्माण कहा कहा बनाए गए इस पर व्यय धनराशि का विवरण भी चाहा था। इसके साथ ही उक्त वर्षों में आय व्यय का विवरण दे की भी जानकारी चाही थी।लेकिन घोटाले के खुलासे के भय से पंचायत सचिव द्वारा जानबूझकर सूचनाएं नहीं उपलब्ध करायी जा रही है। सूचना न दिया जाना आर. टी.आई. का खुला उल्लंघन है। आवेदक ने मामले की अपील मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष करने की बात कही है।

# यक्ष प्रश्न:आखिर किसकी शह पर फल फूल रहा अवैध काला कारोबार

**● अपने चहेते कच्ची कारोबारी पर कार्रवाई करने से क्यों बचते नजर आ रहे चौकी प्रभारी कुकुरा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बांकेगंज खीरी** थाना मैंलानी की पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत कई गांवों में कच्ची शराब कारोबार अपने पूरे शबाब पर होने का मामला प्रकाश में आया है। सूत्र बताते हैं कि कस्बा कुकुरा निवासी एक कच्ची शराब कारोबारी खुला कच्ची शराब की बिक्री करते देखा जा रहा है।इसके बावजूद पुलिस प्रशासन और आबकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा इस कारोबार पर कोई रोक नहीं लगाई जा रही है। जिसके चलते आसानी से उपलब्ध हो रही कच्ची शराब के नशे में युवा पीढ़ी नशे की गर्त में समाता जा रहा है ।सूत्र बताते हैं कि यह कच्ची शराब कारोबारी अपनी बाइक पर बोरियों में भरकर गांवों में शराब के पाउच की सप्लाई करते देखा जा रहा है।पुलिस चौकी कुकुरा के तेज तर्रार चौकी प्रभारी इस कारोबार पर रोक लगा पाने में नाकाम रहे हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि इस काले कारोबार की जानकारी थाना प्रभारी से लेकर ऊपर तक है फिर भी इस पर रोक ठ लगना संदेह पैदा करता है।लोगों का आरोप है कि यहां दाल में काला नहीं बल्कि पूरी दाल ही काली है। लोग कयास लगा रहे हैं कि ऐसी क्या बात है जो इस अवैध कारोबार पर प्रतिबंध लगा पाने में पुलिस प्रशासन नाकाम दिखाई पड रहा है। मामला अखबारी सुर्खियां बनने के बाद भी जिम्मेदार लोगों के कान पर जू नहीं रेंग रहा है।नाम न छापने की शर्त पर कुकुरा निवासी कई लोगों ने बताया कि सेटिंग गेटिंग से कारोबार संचालित होने के चलते इस पर रोक लग पाना सम्भव नज़र नहीं आ रहा है। अब देखना यह है कि मैलानी पुलिस इस कारोबार पर प्रतिबंध लगा पाती है या फिर यू ही काली कमाई का खेल जारी रहेगा। और जिले के तेज तर्रार तथा इमानदार पुलिस अधीक्षक की छवि को धूमिल किया जाता रहेगा।

## मदरसा अरबिया मदीनतुल इल्म में जश्न-ए-तकमील-ए-हिफ़्ज़ कुरआन का आयोजन

**भदोही।** नगर स्थित मदरसा अरबिया मदीनतुल इल्म में दिनांक 10 दिसंबर को जश्न-ए-तकमील-ए-हिफ़्ज़ कुरआन का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर नगर भदोही के नामचीन शोअरा और उलेमा-ए-किराम ने शिरकत की तथा बारगाहे नबी में नात के अशआर पेश किए गए, जिससे पूरा माहौल रूहानी बन गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मौलाना अब्दुल समद जियाई ने नसीहत आमेज तकरीर में कुरआन और सुन्नत के मुताबिक जिंदगी गुजारने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जश्न- ए-तकमील- ए-कुरआन दरअसल एक पैगाम है कि हम अपनी नई नस्ल को कुरआन व सुन्नत से जोड़ें, उसकी तालीमात को आम करें और अपनी जिंदगियों को उसके नूर से मुनव्वर करें। ऐसे आयोजन समाज में दीनी शऊर को बेदार करते हैं और अखलाकी मूल्यों को मजबूत बनाकर एक नेक और पुरअमन समाज की बुनियाद रखते हैं। मौलाना ने चिंता जताते हुए कहा कि अगर आज हम बच्चों को सही तालीम और दीन की समझ नहीं दे सके, तो कल बरोज-ए-कयामत अल्लाह के सामने क्या जवाब देंगे।

# छात्र आंदोलन से डरी सरकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**आजमगढ़ प्रयागराज** में कल दिनांक 15 दिसंबर को होने वाले छात्र आंदोलन से सरकार के पसीने छूट रहे ,इसीलिए आज जनपद आजमगढ़ में समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष कुणाल मौर्य एवं उनके साथ आशुतोष चौधरी तथा कई अन्य छात्र नेताओं को कोतवाली पुलिस आज सुबह ही उनके घरों से गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई।इसकी जानकारी जैसे ही सोशल मीडिया के द्वारा समाजवादी नेताओं को लगी तुरंत वो कोतवाली पहुंचने लगे। जहां सांसद धर्मेंद्र यादव ने प्रशासन से वार्ता की तो वहीं जिला अध्यक्ष हवलदार यादव एवं जिला उपाध्यक्ष विवेक सिंह अपने समर्थकों के साथ कोतवाली पहुंच गए। जिलाध्यक्ष हवलदार यादव ने कहा कि की लोक सेवा आयोग अब तमाशा आयोग बन गया है। भर्तियां निकल नहीं रही और जो निकल भी रही तो उनके पेपर लीक हो जा रहे हैं।यही नहीं जिनके पेपर हो भी जाते है तो उनके परिणाम नहीं घोषित हो रहे।4 साल पहले भरे फार्मों की परीक्षाएं अभी तक नहीं हो पाई है,बच्चे प्रयागराज में रह कर सालों से इन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।

अब उनका धैर्य टूट गया इसलिए उन्होंने लोक सेवा आयोग के घेराव का फैसला लिया है इसमें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उनका समर्थन किया है। प्रशासन के इस रवैया से समाजवादी नेता डरने वाले नहीं है। जिला उपाध्यक्ष विवेक सिंह ने कहा कि छात्रों ने




सदैव अपने आंदोलन से सरकार को आइना दिखाया है लेकिन यह पहली सरकार है जो छात्र आंदोलन को दबाना चाहती है छात्र अपने आंदोलन से अपने हक की मांग कर रहा है जिसे सरकार देना नहीं चाह रही। समाजवादी पार्टी प्रयागराज में होने वाले छात्र आंदोलन को अपना नैतिक समर्थन दे रही है।

# ट्राइबल गांव में टी एस पी (क्षमता) के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** चंद्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, जमुनाबाद, लखीमपुर खीरी द्वारा टी एस पी (क्षमता) के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉ0 मोहम्मद सुहैल ने योजनाओं की सार्थकता के विषय में विस्तार पूर्वक बताया तथा कहा कि योजनाओं की जानकारी से ही अधिक से अधिक लाभ लिया जा सकता है, यह योजना थारू जनजातीय में कृषि, उद्यान, पशुपालन इत्यादि में त्वरित विकास से संबंधित कार्यों में गति देने से संबंधित है। केंद्र के सस्य वैज्ञानिक डॉ0 प्रदीप कुमार बिसेन ने किसानों एवं कृषक महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि वे उद्यमी बनें जिससे कि उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति में त्वरित विकास एवं स्थाई सुधार हो सके। डॉ0 बिसेन ने दलहनी, तिलहनी और धान्य फसलों के विषय में विस्तार से तकनीकी जानकारी देते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक के प्रयोग से उत्पादन करने से




लागत में कमी लाते हुए बाजार की मांग के अनुसार गुणवत्ता युक्त उत्पाद प्राप्त किया जा सकता है, उन्होंने जैविक खाद तैयार करने की केंचुआ खाद, नाडेप कंपोस्ट आदि विधियों के साथ जैविक एवं प्राकृतिक खेती की विधियों और उनसे होने वाले लाभों की विस्तार से जानकारी दी केंद्र के पशुपालन वैज्ञानिक डॉ0 एन. के. त्रिपाठी ने टी एस पी कार्यक्रम के अंतर्गत कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों जैसे जागरूकता, गोष्ठी, प्रशिक्षण, परीक्षण और प्रदर्शन की सार्थकता के विषय में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कुटीर उद्योगों, गृह वाटिका, बीज उत्पादन के लाभों की जानकारी दी तथा भैंस, गाय, बकरी, सुअर, मुर्गी पालन को सफल व्यवसाय के रूप में अपनाने को कहा तथा इसमें आने वाली रुकावटों के निराकरण के बारे में आधुनिक एवं व्याहारिक तकनीक की जानकारी भी दी।

# औरंगाबाद पावर हाउस की बिजली आपूर्ति में नहीं हो रहा सुधार, टोलप्लाजा फीडर पर 30 घंटे का ब्लैक आउट

**● अतिरिक्त कार्यभार होने के चलते जेई नहीं ले रहे रुचि**

**जेई उमेश कुमार के खुद के कर्मचारी नहीं उठाते उनका फोन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मैगलगंज खीरी।** सरकार के मंसूबों पर क्षेत्र के बिजली विभाग के कर्मचारी पानी फेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। हालात यह है कि बीते 30 घंटे से ज्यादा समय से औरंगाबाद विद्युत उपकेंद्र से संचालित होने वाला टोलप्लाजा फीडर बंद रहा। किसानों की फसलें बिना पानी के दम तोड़ती हुई दिखाई दे रही हैं। मोहम्मदी डिवीज़न के औरंगाबाद विद्युत उपकेंद्र की विधुत सप्लाई रामभरोसे चल रही है। औरंगाबाद विधुत उपकेंद्र से संचालित होने वाली टोल प्लाजा फीडर की सप्लाई करीब 30 घंटे बाधित रही। बताते चलें औरंगाबाद फीडर का यह कोई नया मामला नहीं है। इसी पावरहाउस से इछनाफीडर को दी जाने वाली सप्लाई



पिछले एक सप्ताह से 24 घंटो में बमुश्किल 3 से 4 घंटे आपूर्ति हो रही है। आलम यह है कि अतिरिक्त कार्यभार के रूप में तैनात जेई उमेश कुमार के द्वारा इस व्यवस्था को सही कराने में रुचि नहीं ली जा रही है या फिर उनके अधीनस्थ कर्मचारी जिम्मेदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन नही कर रहे है। लोगों की माने तो जेई उमेश कुमार के कर्मचारी खुद जेई का ही फोन नहीं उठाते। जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार औरंगाबाद विद्युत उपकेंद्र के दर्जनों गांवों की बिजली सप्लाई बाधित है। विधुत कर्मियों से कटौती की जानकारी के लिए फ़ोन करने पर ब्रेकडाउन बता फोन काट देना उचित समझते हैं। अधीक्षण अभियंता गोला से जब इस विषय में बात की गई तो उन्होंने कहा कि सहायक अभियंता मोहम्मदी से जानकारी करने के लिए कहा गया है।

## नवागत चौकी इंचार्ज सिकंदराबाद ने सम्हाली चौकी की कमान

**पत्रकारो से हुये रूबरू होकर सहयोग बनाये जाने की अपील की।**



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** थाना नीमगांव क्षेत्र की चौकी सिकंदराबाद मे विगत दो वर्षो से तैनात चौकी इंचार्ज आशीष शेरावत का पिछले सप्ताह जिले के कप्तान से उनका तबादला लखीमपुर खीरी के लिये कर दिया था। इसके बाद लखीमपुर पुलिस लाइन से उनकी पोस्टिंग चौकी सिकंदराबाद मे कर दी गई है।सिकंदराबाद पोस्टिंग के पश्चात नवागत चौकी मुकेश कुमार ने चार्ज ग्राहक करने के पश्चात पत्रकारो से रूबरू होकर पुलिस का सहयोग बनाये रखने की अपील की है।हालाकि चौकी इंचार्ज मूल रूप से फर्खावाद जिले के मूल निवासी है और वह 1998 बैच के सब इंस्पेक्टर है। हलाकि सुरुआती दौर मे बागपत, गौतमबुद्धनगर, सीतापुर के जिलो मे अपनी सेवाये दे चुके है। इस दौरान फैसल खान, अख्तर अंसारी पंकज शुक्ला, सत्यम मिश्र, श्याम सिंह पत्रकार मौजूद रहे।

# निर्विरोध नवमी बार जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुए रामलाल कश्यप किया स्वागत



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/**उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ जनपद बरेली के चुनाव अधिवेशन में आज सुरेंद्र कुमार संघ चुनाव अधिकारी लखनऊ के नेतृत्व में निम्न पदों पर नामांकन लिए गए इस क्रम में जिला अध्यक्ष के लिए रामलाल कश्यप ने नवमी बार नामांकन पत्र दाखिल किया। इनके मुकाबले किसी ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया जिसके तहत उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष पद पर रामलाल कश्यप निर्विरोध नवमी बार निर्वाचित किए गए यह कार्यक्रम कैंप कार्यालय बिथरी चैनपुर मैं आयोजित की गई इसी क्रम में जिला अध्यक्ष पद पर रामलाल कश्यप जिला महामंत्री पद पर महेश चंद बाल्मिक।

जिलाकोष्यक्ष पद पर अजीत सिंह यादव जिला संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह कोहली जिला संयोजक पद पर मिस्त्र या खान आदि पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित किए गए जबकि निर्वाचन प्रक्रिया के तहत 21 दिसंबर 2025 को चुनाव होना था परंतु किसी भी दावेदार के विपरीत किसी ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया तो सभी पदाधिकारी निर्विरोध विजय घोषित किए गए यह घोषणा चुनाव अधिकारी सुरेंद्र कुमार के द्वारा की गई सभी पदाधिकारी के निर्विरोध निर्वाचित होने पर लोगों ने उन सभी पदाधिकारीयों मंडल अध्यक्ष रविंद्र कमार कश्यप ने बधाई दी तो इसमें संतराम दिवाकर ने भी बढ़कर हिस्सा लिया।

# स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत मीना मंच कार्याशाला का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मितौली-खीरी।** विकासखंड मितौली के पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय रतहरी में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी के दिशा निर्देशन एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी मितौली भगवान राव , जिला समन्वयक बालिका शिक्षा रेनू श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत मीना मंच तथा पावर एंजिल सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता तथा जीवन कौशल शिक्षा विकसित करने तथा सेल्फ एस्टीम के क्रियान्वयन के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। विकास खण्ड नोडल बालिका शिक्षा सलीम अहमद व सन्दर्भदार्ता के रूप में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर सत्येन्द्र बहादुर सिंह, गरिमा सिंह कुशवाहा ने मीना मंच सुगमकर्ता की कार्यशाला को आयोजित किया। इस कार्यशाला में विकास खण्ड मितौली के समस्त कंपोजिट विद्यालय , समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालय व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के सुगमकर्ताओं ने प्रतिभाग किया। विकास खण्ड मितौली से कुल 94 सुगमकर्ताओं को कार्यशाला में प्रशिक्षण दिया जायेगा जिसके प्रथम चरण में 48 सुगमाकर्ता जिसमें 18 पुरुष सुगमकर्ता व 32 महिला सुगमकर्ता को प्रशिक्षण दिया जा चुका है द्य प्रशिक्षण में विकास खण्ड नोडल बालिका शिक्षा सलीम अहमद के द्वारा प्रशिक्षण से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओ को बताया गया।

प्रशिक्षण में संदर्भदाताओं के द्वारा प्रगति के पंख, आधा फुल कॉमिक सीरीज, अरमान माड्यूल, सेल्फ डिफेंस, रानी लक्ष्मी बाई आत्मा रक्षा प्रशिक्षण, सामाजिक व्यवहार परिवर्तन, मीना मंच का गठन, मीना मंच के उद्देश्य, टूल 10 आदि विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान आत्मरक्षा क्लब, सुगमकर्ता के कार्य पर भी विस्तार से चर्चा हुई प्रशिक्षण के उपरांत सभी सुगमकर्ताअपने अपने विद्यालयों में बच्चों के सशक्तिकरण हेतु कार्य करेंगे। कार्यशाला के समापन पर ब्लॉक नोडल बालिका शिक्षा सलीम अहमद व राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर सत्येन्द्र बहादुर सिंह व गरिमा सिंह कुशवाहा के द्वारा कार्यशाला में प्रशिक्षण लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। मीना मंच कार्यशाला की मॉनिटरिंग सीमेट प्रयागराज के द्वारा की जा रही है द्य आज की कार्यशाला में यूनिसेफ की तरफ से टीम व मीना सुगमकर्ता के रूप में अनीता, आरती कनौजिया, निधि, अमित कुमार, लोकेंद्र कुमार आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# किसानों की फसलों को नष्ट कर रहे आवारा पशु

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मैलानी (खीरी):** हरी-भरी फसलों को लगातार नुकसान पहुँचा रहे आवारा पशुओं से त्रस्त किसानों का सब्र आखिरकार जवाब दे गया। मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम सुरजनपुर में किसानों ने बड़ी संख्या में आवारा पशुओं को हांककर प्राथमिक विद्यालय के परिसर में बंद कर दिया। किसानों का कहना है कि आवारा पशुओं के कारण उनकी मेहनत से उगाई गई फसलें लगातार बर्बाद हो रही हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई बार संबंधित विभाग एवं प्रशासन से शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका, जिससे आक्रोशित किसानों ने यह कदम उठाया।



इस दौरान ग्राम प्रधान प्रत्याशी आनंद कुमार भी ग्रामीणों के साथ मौके पर नजर आए। उन्होंने किसानों की समस्या को गंभीर बताते हुए कहा कि आवारा पशुओं से फसलों को बचाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने मांग की कि जल्द से जल्द पशुओं को गोशालाओं में भेजने, निगरानी व्यवस्था मजबूत करने तथा किसानों को हो रहे नुकसान की भरपाई के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय लोग एवं जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुँचे। किसानों ने एक स्वर में प्रशासन से मांग की है कि आवारा पशुओं की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में फसलों को नुकसान न हो। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो किसान आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# 'ओडिसी ' बना संस्कृति, संस्कार और सृजनात्मकता का भव्य उत्सव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**आजमगढ़ करतालपुर** बाइपास स्थित जीडी ग्लोबल स्कूल का वार्षिक समारोह 'ओडिसी 2025-26' शनिवार को अत्यंत भव्यता, अनुशासन और कलात्मक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। समारोह ने यह सिद्ध कर दिया कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को भी समान महत्व देता है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री रवींद्र जी जिलाधिकारी आजमगढ़, विद्यालय की निदेशिकाश्रीमती स्वाति अग्रवाल, प्रबंधक श्री गौरव अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक श्री श्रीश अग्रवाल तथा प्रधानाचार्या श्रीमती दीपाली भुस्कुटे के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से हुआ, जिससे पूरा प्रांगण देशभक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से गूंज उठा। नन्हे-मुन्हें विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना ने दर्शकों का मन मोह लिया और कार्यक्रम के मंगलमय का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री रवींद्र जी ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए बच्चों को प्रेरित किया और उन्हें अपने लक्ष्य से भी आगे बढ़कर अपने स्वप्न को पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया।

इसके पश्चात छात्रों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। शास्त्रीय नृत्य, साउथ इंडियन डांस, राजस्थानी लोक नृत्य, गोंधल नृत्य, रेट्रो बॉलीवुड, रोबोटिक्स डांस, सेवन सिस्टर्स डांस जैसी रंगारंग प्रस्तुतियों ने भारतीय संस्कृति की विविधता को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। फैंसी ड्रेस शो बच्चों की रचनात्मकता और आत्मविश्वास का प्रतीक बना।

कार्यक्रमों में सामाजिक सरोकार भी प्रमुखता से दिखाई दिए। 'से नो टू प्लास्टिक', 'रक्तबीज' एवं 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे नाट्य एवं नृत्य प्रस्तुतियों ने समाज को जागरूक करने का प्रभावी संदेश दिया, जिसे दर्शकों ने करतल ध्वनि से सराहा। विद्यालय की निदेशिका श्रीमती स्वाति अग्रवाल ने बताया कि वार्षिकोत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि पूरे वर्ष के परिश्रम, रचनात्मकता और उपलब्धियों का उत्सव है। हमारी संस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है, ताकि वे ज्ञान के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व को भी आत्मसात कर सकें।

प्रबंधक श्री गौरव अग्रवाल ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए शिक्षकों एवं अभिभावकों के सहयोग को विद्यालय की सफलता का आधार बताते हुए कहा कि विद्यालय का वार्षिकोत्सव हमारे लिए आत्ममंथन, उपलब्धियों के उत्सव एवं भविष्य की दिशा तय करने का महत्वपूर्ण अवसर है। यह प्रसन्नता का विषय है कि हमारे विद्यार्थी शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद के प्रत्येक क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहे हैं। अनुशासन, परिश्रम और मूल्यों के साथ शिक्षा ही सच्ची सफलता की कुंजी है।

कार्यकारी निदेशक श्री श्रीश अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में अद्यतन शिक्षा प्रणाली पर जोर देते हुए कहा कि आधुनिक युग में शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में सफलता नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास है। इसको दृष्टिगत रखते हुए विद्यालय में समय-समय पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है । इसी का सबसे महत्त्वपूर्ण आयाम है वार्षिकोत्सव -ओडिसी।आज बदलती तकनीक और वैश्विक चुनौतियों के बीच वही युवा सफल होगा जो ज्ञान के साथ कौशल, और कौशल के साथ संस्कार को अपनाएगा। इसलिए आप सभी सीखने की जिज्ञासा बनाए रखें, असफलताओं से घबराएँ



नहीं और अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार रहें। याद रखें—सफलता केवल ऊँचाई तक पहुँचने में नहीं, बल्कि उस ऊँचाई पर अपने मूल्यों को बनाए रखने में है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती दीपाली भुस्कुटे ने 'विद्या ददाति विनयम्' से वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शैक्षिक उपलब्धियों, खेलकूद एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में विद्यालय की निरंतर प्रगति पर प्रकाश डाला और गौ-सेवा सहभागिता पर बल देते हुए राष्ट्र सेवा के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय के एक नये संकल्पित आयाम की घोषणा करते हुए बताया कि इस वर्ष से हमारा विद्यालय 'फिजिक्स वाला ' के साथ जुड़कर बच्चों को विद्यालयी स्तर पर ही इंजीनियरिंग और मेडिकल की शिक्षा प्रदान करने जा रहा है। कार्यक्रम का समापन हनुमान चालीसा के भक्तिमय गायन से हुआ जिससे संपूर्ण परिसर भक्तिमय हो गया। धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ, जिसने समारोह को भावनात्मक और गौरवपूर्ण ऊँचाई प्रदान की। बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावक, गणमान्य अतिथि एवं स्थानीय नागरिक कार्यक्रम से अत्यंत प्रभावित नजर आए। 'ओडिसी 2025-26' केवल एक वार्षिक समारोह नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा, संस्कारों और सामाजिक चेतना का सशक्त मंच बनकर उभरा, जो लंबे समय तक दर्शकों की स्मृतियों में अंकित रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### भटेवरा मेजलसे का आयोजन किया गया



**भदोही/सुरियावां** 14 दिसंबर 2025 रविवार को सुरियावा क्षेत्र के ग्राम सभा भटेवरा मे जलसे का आयोजन किया गया जिसमें मोहम्मद सल्लल्लाहू अलैहिस्सलाम के जिवनी के चंद पहलुओं पर पवित्र कुरान की रोशनी में हाफिज सहाबुद्दीन खान सदर तरबितुल मुस्लिमीन अकैडमी एंड वेलफेयर सोसाइटी रजिस्टर्ड के द्वारा चला जिसमें मानवता ही के मुख्य हैं संदेश दिया गया जिसमें सभी लोग बगैर भेदभाव शिकरत किया इस मौके पर ग्राम प्रधान भटेवरा सिराज अहमद द्वारा जरूरतमंद बच्चों को बैग पुस्तक कलाम इत्यादि सामान दिया गया तथा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी हुआ लोगों को संदेश दिया गया कि देश की तरक्की तभी हो सकती है जब हम लोग एक दूसरे के साथ मिलजुल कर रहे जिससे हमारे गांव प्रदेश एवं देश का विकास संभव हो सके क्योंकि अज्ञानता देश की तरक्की में सबसे बड़ी समस्या है इसलिए हम सब मिलकर इस इस समस्या को दूर करने आपस में मिलजुल कर आपस रहे तथा शिक्षा के प्रकाश को आगे बढ़कर अज्ञानता को दूर भगाएं जिससे हमारा राष्ट्र मजबूत हो और तरक्की करें

### गोसाई श्री विट्ठल नाथ जी के 511वें प्राकट्य के तृतीय दिवस पर नन्द महोत्सव आयोजित



**चुनार, मीरजापुर।** गोसाई श्री विट्ठल नाथ जी के 511 वें प्राकट्य महोत्सव के तृतीय दिवस रविवार को प्रभु श्री विट्ठल नाथ जी के प्राकट्य दिवस पर षष्ठ पीठाधीश्वर गोसाई 108 श्री श्याम मनोहर जी महाराज व षष्ठ पीठ युवराज गोसाई प्रियेंदु बाबा ने महाप्रभु जी गोसाई श्री विट्ठल नाथ जी को नन्द महोत्सव कर उत्सव मनाया। श्रीनामरत्नाख्या स्तोत्रम नामक ग्रंथ का विमोचन प्रो हरी प्रसाद अधिकरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर वैष्णव जनों ने श्री विट्ठल नाथ जी की जयकार कर आनंद कर दर्शन का लाभ उठाया। इस अवसर पर वाराणसी के साथ-साथ मिर्जापुर, लखनऊ, कानपुर, दिल्ली से उत्सव में शामिल वैष्णव जन आनंदित होकर जयकारा कर रहे थे। रात्रि में गोसाई श्री विट्ठल नाथ जी के प्राकट्य उत्सव पर बधाई कीर्तन हुआ। कीर्तन मंडली ने बहुत ही सुंदर कीर्तन का गान किया। इस अवसर पर षष्ठ पीठ युवराज गोसाई प्रियेंदु बाबा व परिवृण लालन व श्रृंगार लालन ने भी कीर्तन किया।

### निरंकारी मिशन की मानव सेवा में दुर्गागंज में 28 भक्तों ने किया रक्तदान

**भदोही।** संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार को दुर्गागंज स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले इस शिविर में 28 निरंकारी भक्तों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सच्ची सेवा का परिचय दिया। रक्तदान करने वालों में 23 पुरुष एवं 5 महिलाएं शामिल रहीं, जबकि कुल 45 लोगों ने पंजीकरण कराया। आयोजकों ने बताया कि एक व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान चार लोगों की जान बचाने में सहायक हो सकता है, साथ ही यह स्वास्थ्य की दृष्टि से भी लाभकारी होता है। निरंकारी मिशन द्वारा रक्तदान को भक्ति और सेवा का अभिन्न अंग माना जाता है। निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी महाराज द्वारा वर्ष 1986 में दिया गया संदेश 'रक्त नाड़ियों में बहे, न कि नालियों में आज भी लाखों भक्तों को प्रेरित कर रहा है। मिशन द्वारा अब तक देशभर में लाखों यूनिट रक्तदान किया जा चुका है। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज जी के संदेशों से प्रेरित होकर मिशन के सेवादार निरंतर निःस्वार्थ भाव से जनकल्याण के कार्यों में लगे रहते हैं। रक्त संग्रह का कार्य राजकीय ब्लड बैंक महाराज चेत सिंह, ज्ञानपुर द्वारा किया गया। शिविर के दौरान स्थानीय संयोजक राजेश कुमार ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया, जबकि दुर्गागंज मुखी डॉ. अशोक ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन जाहिद बेग द्वारा किया गया।

# गोपीगंज से बिहार पहुंची साइकिल यात्रा

● चन्दौली में उप जिलाधिकारी ने किया भव्य स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोपीगंज** से बिहार के कर्मनाशा कैमुर तक भदोही साइकिलिंग क्लब की ऐतिहासिक साइकिल यात्रा ने जन-जागरूकता की नई मिसाल कायम की। इस प्रेरणादायक अभियान का नेतृत्व क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष अताउल मुस्तफा अंसारी ने किया, जिनकी सोच और संकल्प ने युवाओं से लेकर समाजसेवियों तक को एक मंच पर लाकर पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। तड़के भोर में गोपीगंज राष्ट्रीय राजमार्ग बड़ा चौराहा से प्रारंभ हुई यात्रा माधोसिंह, औराई, कछवां, मोहन सराय, रामनगर होते हुए चंदौली जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची, जहां उप जिलाधिकार चंदौली विजय कुमार त्रिवेदी ने सभी साइकिल चालकों का गर्मजोशी से स्वागत किया, फूलमालाओं, तालियों और नारों के बीच इस अभियान को जनसमर्थन मिला। उप जिलाधिकार चंदौली विजय कुमार त्रिवेदी ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया और स्वयं कुछ दूर साइकिल चलाकर सभी का हौसला बढ़ाया। साइकिल यात्रा पुनः आरंभ होकर सैयद राजा होते हुए बिहार में प्रवेश करके कर्मनाशा तक गई और वापसी में सैयदराजा में समाजसेवी वसीम अंसारी के आवास पर इसका समापन हुआ।

कार्यक्रम के दौरान अताउल मुस्तफा अंसारी ने कहा कि उनका उद्देश्य हर व्यक्ति को फिटनेस और प्रकृति से जोड़ना है। अंसारी के प्रयासों से यह यात्रा अब जन-आंदोलन का रूप ले चुकी है, जो आने वाले समय में और व्यापक होगी। यात्रा में शामिल लोगों ने भी अताउल मुस्तफा अंसारी की प्रेरणा को अनुकरणीय बताया। रास्ते में साइकिल चालकों द्वारा लगाया गया नारा *वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ, वृक्षों की जब करोगे रक्षा, तभी बनेगा जीवन अच्छा, हिंदुस्तान जिंदाबाद, स्वस्थ रहे मस्त रहे, करो योग रहो निरोग, हम सबने ये ठाना है पुरे उत्तर प्रदेश को स्वस्थ्य बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम* लोगों में चर्चा का विषय रहा।

गौरतलब है कि गोपीगंज भदोही निवासी अताउल मुस्तफा अंसारी के मार्गदर्शन में यह क्लब वर्ष 2021 से लगातार उत्तर प्रदेश, बिहार, नेपाल और मध्य प्रदेश तक जागरूकता फैला रहा है। अताउल मुस्तफा अंसारी के इस ऐतिहासिक अभियान से प्रेरित होकर बड़ी संख्या में युवा, चिकित्सक, अधिवक्ता और समाजसेवी जुड़ रहे हैं। इस यात्रा में जगदीश यादव, प्रमोद मौर्या, सरफराज अहमद, श्याम सुंदर बिंद, सुंदरम चौधरी, मोहम्मद इंतियाज़, अजय बिंद, मुजतबा अंसारी, हिमांशु चौधरी, गोपाल चौधरी सहित अनेक लोगों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। यह साइकिल यात्रा न केवल एक कार्यक्रम रही, बल्कि समाज को स्वस्थ, स्वच्छ और जागरूक बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हुई।

## इलेक्ट्रानिक की दुकान में आग लगने से भारी नुकसान

**चुनार, मीरजापुर।** नगर पालिका क्षेत्र के सराय टेकौर मार्केट स्थित रविवार की बीते रात्रि सरदार देवेन्द्र कुमार सिंह के इलेक्ट्रॉनिक की दूकान में बिजली के शार्क शर्किट से आग लगने से लाखों रुपए से अधिक ग्राहकों का टीवी, रेडियो सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक समान जल कर राख हो गया। घटना की जानकारी सुबह टहलने निकले लोग दुकान में धुआं निकलते देख दुकानदार को आग लगने की जानकारी दी। आनन फानन में दुकानदार और आसपास के लोगों के सहयोग से बिजली का कनेक्शन काट कर आग को बुझाया गया। नगर पालिका क्षेत्र के सराय टेकौर निवासी देवेंद्र कुमार सिंह पुत्र स्व जगजीत सिंह की इलेक्ट्रॉनिक्स की दूकान खोल कर ग्राहकों का टीवी, रेडियो अन्य इलेक्ट्रॉनिक बिगड़े हुए समानों का मरम्मत करतें हैं। उन्होंने बताया कि दर्जनों ग्राहकों का टीवी सहित अन्य सामान जल गया है उन्होंने बताया कि शनिवार की देर शाम रोज की भांति दुकान बन्द कर पिछे अपने आवास चला गया इस दौरान देर रात के बिजली के तार से शार्क शर्किट से दुकान में आग लग गई जिससे ग्राहकों का कीमती इलेक्ट्रॉनिक का समान जल कर राख हो गया। वहीं चौक बाजार स्थित मुस्ताक की कपड़े की दुकान में शार्ट सर्किट से आग लगने से लाखों का रेडिमेट का समान जल कर राख हो गया मुहल्ले वालों ने मिलकर सुबह आग को बुझाया जिससे आग पर काबू पाया गया।

## हिन्दू सम्मेलन में सनातनियों का लगा जमावड़ा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**रैपुरी** स्थित हनुमान मंदिर पर हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया।इस अवसर पर आस-पास के हजारों ग्रामीण व सैकड़ों समाजसेवी व संत आदि उपस्थित हुए और सनातन की जड़ों को मजबूत करने के लिए अपने अपने विचार प्रस्तुत किए।कार्यक्रम की शुरुवात यज्ञ व हवन के साथ प्रारम्भ हुई।कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह शारीरिक शिक्षण प्रमुख श्री परीश पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य हिन्दू समाज को एकजुट करना और हिन्दू हितों की रक्षा करना है।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर डॉ. सुखदेव जी(प्रांत कुटुंब प्रबोधन संयोजक)का आगमन हुआ था।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि साध्वी माँ राजलक्ष्मी नन्दा जी, विशिष्ट अतिथि श्री प्रेम शंकर मौर्य (अध्यक्ष,जयगुरुदेव संगत भदोही)व श्री गोल्हई गौतम(अड़गड़ानंद आश्रम) तथा कार्यक्रम अध्यक्ष श्री बिहारी लाल केशरवानी (संस्थापक केसरवानी ब्रदर्स) रहे। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक व आध्यात्मिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में प्रयागराज से अमित आभास(ओज), राजकुमार अंजाना(हास्य-व्यंग्य), कमलेश पांडेय 'कमल'(गीतकार)व रायबरेली से अभिजीत मिश्रा(ओज) ने राष्ट्र गीतों के माध्यम से श्रोताओं को मन्त्रमुग्ध कर दिया। डॉ सुखदेव जी ने अपने सम्बोधन में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की प्रमुखता से चर्चा की। जयगुरुदेव संस्था से आए श्री प्रेमशंकर मौर्य ने शाकाहार अपनाने का समाज से आग्रह किया और संस्कारित समाज और सनातन के मूल्यों की स्थापना के लिए इसे बेहद आवश्यक बताया।माँ राजलक्ष्मी नन्दा जी व गोल्हई गौतम जी ने सभी हिंदुओं को एकजुट रहने का आवाहन किया।वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री बिहारी लाल जी ने समाज के सभी वर्गों से जात-पात,ऊंच-नीच का भेद मिटाकर सनातन संस्कृति और परंपरा के उत्थान के लिए सदैव प्रयासरत रहने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान आरएसएस भदोही के जिला प्रचारक कमलेश जी,विभाग कुटुंब प्रबोधन प्रमुख हरिराम जी,विनय जी,सुनील जी,मुकेश माधव जी,प्रताप रामपालजी,विशाल जी,सुंदरम जी,संगम जी,शिव विजय पाठक जी,दीपक जी,सिद्धार्थ जी समेत अनेक स्वयंसेवको की उपस्थिति रही।कार्यक्रम में औराई ब्लॉक अध्यक्ष श्री बृजमोहन मिश्र व सांसद प्रतिनिधि श्री संजय बिंद के साथ जनपद के ख्यातिलब्ध समाजसेवी,व्यवसायी व शिक्षक भी उपस्थित रहे।

## विद्या फाउंडेशन माधोपुर वाराणसी के सौजन्य से अंतराष्ट्रीय दिव्यांग दिवश मनाया गया



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीखड़, मीरजापुर।** रविवार चौदह दिसम्बर आज विद्या फाउंडेशन, माधोपुर, वाराणसी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन विकास खण्ड अन्तर्गत खैरा ग्राम पंचायत में किया गया जहाँ पर कुल 62 दिव्यांगजन और उनके अभिभावकों ने सक्रिय भागीदारी कर आयोजन को सफल बनाया तथा विद्या फाउंडेशन की ओर से सरकारी सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। दिव्यांगजनो की समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई। संगठन ने प्रतिभागियों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में उपलब्ध कराई और दिव्यांगजन के परिवारों ने अपने अनुभव साझा किए तथा सुझाव दिए। इस अवसर पर स्थानीय समुदाय का सहयोग सराहनीय रहा विद्या फाउंडेशन की सचिव श्रीमती स्वाति ने दिव्यांगजन संगठन की महत्व पर प्रकाश डाला जबकि श्री नितेश ने भी दिव्यांगजन संगठनों की भूमिका को विस्तार से समझाया और सुझाव दिया कि दिव्यंजन संगठन (DPOs) का गठन किया जाना चाहिए ताकि अन्य दिव्यांगजन भी सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई प्रतिभागियों को पेंशन, छात्रवृत्ति तथा कौशल विकास योजनाओं के बारे में बताया गया जिस पर दिव्यांगजन परिवारों ने इन योजनाओं को अपनाने की इच्छा व्यक्त की। आयोजन में बच्चों के लिए विशेष गतिविधियाँ कराई । वहीं विद्या फाउंडेशन ने दिव्यांगजन के अधिकारों और जागरूकता बढ़ाने का संकल्प दिलाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजन को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना था उक्त अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने मिलकर दिव्यांगजन दिवस को सफल बनाया।

## जिलाधिकारी ने पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ




**मीरजापुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुरसंडी में जिलाधिकारी पवन कुमार ने पोलियो की दो बूंद दवा पिलाकर पोलियो पर जीत बरकरार रखने के उद्देश्य से फीता काटकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपद के सभी 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाए जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत पोलियो मुक्त है और इसे बरकरार रखने के लिए जनपदवासियों से अपील है कि 5 वर्ष के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अपने बच्चों की सुरक्षा में कोई चूक न होने दें। उन्होंने कहा कि पोलियो पर देश की जीत बनाए रखने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि पोलियो से अपने बच्चे के भविष्य एवं बीमारी पर जीत बनाए रखने में अपना अमूल्य योगदान दे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 छोटे लाल वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## विजडम विंग पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न, अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया शुभारंभ

● शिक्षा के साथ-साथ संस्कार,अनुशासन एवं खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक- एएसपी शुभम अग्रवाल

विद्यालय द्वारा शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों को समान महत्व देने की बीएसए ने की सराहना

विजडम विंग पब्लिक स्कूल छात्रों के समग्र उन्नयन हेतु प्रतिबद्ध-प्रोफेसर बृजेश शर्मा

सांस्कृतिक मंच विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को मजबूत करते हैं- डीआईओ डॉ पंकज कुमार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** सारीपुर उमरपुर चकसुंदरपुर स्थित विजडम विंग पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम भव्य एवं गरिमामय वातावरण में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पांडेय, जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार, प्रोफेसर बृजेश शर्मा, प्रोफेसर विपुल सिंह एवं समाजशास्त्री प्रदीप पाल द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा भारतीय संस्कृति पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। बच्चों ने 'अनेकता में एकता' की भावना को दर्शाते हुए नृत्य, गीत एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति ने भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों, परंपराओं एवं सामाजिक समरसता का सुंदर संदेश दिया, जिसकी उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।




कार्यक्रम के एक अन्य महत्वपूर्ण सत्र में विगत दिनों आयोजित स्पोर्ट्स डे के दौरान विभिन्न खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने विजेता बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अनुशासन, परिश्रम एवं खेल भावना के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

अपने संबोधन में एएसपी शुभम अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन एवं खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। बीएसए शिवम पांडेय ने विद्यालय द्वारा शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों को समान महत्व देने की सराहना की। जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे मंच विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को मजबूत करते हैं। प्रोफेसर बृजेश शर्मा, प्रोफेसर विपुल सिंह एवं समाजशास्त्री प्रदीप पाल ने भी अपने विचार रखते हुए विद्यालय परिवार को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। वार्षिकोत्सव ने शिक्षा, संस्कृति एवं खेल के समन्वय के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य शिशिर कुमार यादव द्वारा किया गया। विद्यालय के संरक्षक राजेंद्र प्रसाद यादव, प्रबंधक डॉ बसंत कुमार यादव, कार्यक्रम संयोजक हेमंत कुमार यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों का धरातलीय सर्वे, औराई व ज्ञानपुर विकासखंडों में किया गया व्यापक अध्ययन

● स्वयं सहायता समूह का नवाचार पोषण पोटली 'प्रोटीनला' की सराहना कर सर्वे टीम ने इसे महिलाओं के आत्मनिर्भरता एवं पोषण सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया

वासुदेवपुर स्थित कौशल विकास केंद्र पर सर्वे टीम ने बालिकाओं के जीवन में आए सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन की स्थिति को सराहा

कन्या सुमंगला योजना, विधवा एवं वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों ने इन योजनाओं को अपने जीवन में सुरक्षा, आत्मनिर्भरता एवं सम्मान का आधार बताया

सर्वे टीम ने मयूर स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित 'प्रेरणा' कैंटीन की संचालक सुमित्रा देवी से संवाद कर महिला आर्थिक स्वावलंबन के विभिन्न आयामों को किया रेखांकित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही** शासन की मंशानुरूप महिलाओं को कौशल विकास, रोजगार एवं डिजिटल साक्षरता जैसे अवसरों के माध्यम से सशक्त बनाने हेतु संचालित कार्यक्रमों की वास्तविक स्थिति का आकलन करने के उद्देश्य से तीन सदस्यीय सर्वे टीम द्वारा जनपद के औराई एवं ज्ञानपुर विकासखंडों में महिला केंद्रित नीतियों का स्थलीय सर्वे किया गया। सर्वे टीम में प्रोफेसर पूनम कुमारी, धीरज सिंह एवं कुलदीप उपाध्याय शामिल रहे। सर्वे के दौरान टीम ने विकासखंड औराई एवं ज्ञानपुर के सभागारों में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से संवाद किया। इस अवसर पर महिलाओं ने विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से उनके जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों, आत्मविश्वास में वृद्धि, आर्थिक सशक्तिकरण तथा सामाजिक सम्मान के विषय में अपने अनुभव साझा किए। सर्वे टीम ने महिलाओं से प्राप्त फीडबैक को गंभीरता से सुना एवं समझा। सर्वे टीम द्वारा कन्या सुमंगला योजना, विधवा पेंशन एवं वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों से भी संवाद कर योजनाओं से उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को रेखांकित किया गया। लाभार्थियों ने इन योजनाओं को उनके जीवन में सुरक्षा, आत्मनिर्भरता एवं सम्मान का आधार बताया।

विकासखंड औराई के ग्राम वासुदेवपुर स्थित कौशल विकास केंद्र पर सर्वे टीम ने बालिकाओं से संवाद कर कौशल विकास, रोजगार एवं डिजिटल साक्षरता जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। बालिकाओं ने प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त कौशल, रोजगार की संभावनाओं एवं आत्मनिर्भर बनने की दिशा में किए गए प्रयासों की जानकारी दी। टीम ने बालिकाओं के जीवन में आए सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन की स्थिति को सराहा। इसके अतिरिक्त विकासखंड औराई के कटेबना स्वयं सहायता समूह द्वारा नवाचार के रूप में तैयार की गई पोषण पोटली 'प्रोटीनला' की सराहना करते हुए सर्वे टीम ने इसे महिलाओं के आत्मनिर्भरता एवं पोषण सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। वहीं मयूर स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित 'प्रेरणा' कैंटीन की संचालक सुमित्रा देवी से संवाद कर महिला आर्थिक स्वावलंबन के विभिन्न आयामों को समझा गया।

तीन सदस्यीय सर्वे टीम ने जिलाधिकारी शैलेष कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में महिला उन्नयन हेतु जनपद में संचालित सभी कार्यक्रमों, विशेष रूप से कौशल विकास, रोजगार एवं डिजिटल साक्षरता से संबंधित कार्यों की सराहना की। सर्वे टीम ने इन प्रयासों को जनपद के समग्र विकास में एक महत्वपूर्ण आयाम बताते हुए महिला सशक्तिकरण की दिशा में जनपद की पहल को अनुकरणीय बताया। कार्यक्रम में उपायुक्त मनरेगा राजाराम ,जिला प्रोवेशन अधिकारी शत्रुघ्न कनौजिया, विकासखंड औराई व ज्ञानपुर के एडीओ, प्रमोद पांडेय, निखिल आदि अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## डीएम ने 5 साल तक के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाकर अभियान का किया शुभारम्भ

● दो बूंद हर बार,पोलियो पर जीत रहे बरकरार- जिलाधिकारी

5 साल तक के हर बच्चे को हर बार पोलियो की खुराक दिलाए-सीएमओ

जनपद में बनाए गए कुल 633 बूथों पर 5 साल से कम उम्र के बच्चों ने पी पोलियो रोधी खुराक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही–** पोलियो दिवस 14 दिसंबर को जनपद में सघन पल्स पोलियो का अभियान जिलाधिकारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। यह अभियान 14 से 22 दिसम्बर तक चलेगा। महाराजा चेतसिंह जिला चिकित्सालय ज्ञानपुर से जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने फीता काट कर व 0 से 5 साल के बच्चे को पोलियो ड्राप पिलाकर अभियान का शुभारम्भ किया।14 दिसंबर को पोलियो बूथ पर व 15 से 19 दिसंबर तक घर-घर जाकर एवं 22 दिसंबर को बी टीम एक्टिव होकर पोलियो ड्रॉप पिलाएगी। 0 से 5 साल तक के सभी बच्चों को चाहे वह पहले भी दवा पी चुके हो अथवा बीमार ही क्यों ना हो सभी को पिलाना जरूरी है। अभियान की शुरूआत के दौरान



जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि शून्य से पांच वर्ष तक के कुल 2,78010 बच्चों को इस दौरान पोलियो ड्राप पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जनपद में कुल 633 पोलियों बूथ बनाये गये है। इस अभियान में 2,38,038 घरों पर निर्धारित 05 दिनों तक पोलियों टीम घर-घर सम्पर्क करके छूटे हुये बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने का कार्य करेगी। इसके लिए ट्राजिट व मोबाइल टीम का गठन किया गया है। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा रोडवेज, रेलवे स्टेशन, ईट भठ्ठो, टैम्पों स्टैण्ड एवं मुख्य चैराहों पर पोलियो का खुराक पिलाने का कार्य किया जायेगा। इसके लिए कुल 1947 टीकाकर्मी एवं 154 पर्यवेक्षक लगाये गये है अभियान की निगरानी के लिए पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संतोष कुमार चक ने बताया कि पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए विभाग की ओर से अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों व प्रभारी चिकित्साधिकारियों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। जो अपने-अपने स्तर पर लगातार टीम की निगरानी व उनकी मदद करने का काम करेगे। पोलियो ड्राप तीनों जिला चिकित्सालय के अलावा सभी सामुदायिक केन्द्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था कर दी गई है। जहां पर स्वास्थ्यकर्मियों की टीम के अलावा पहुंचने वाले बच्चों को पोलियों ड्राप पिलाने के लिए एक सीनियर स्टाफ की भी तैनाती की गई है। अभियान को शत प्रतिशत सफल बनाने के लिये अभिभावकों से अपील किया हैं कि शून्य से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाकर राष्ट्रीय कार्यक्रम में भागीदार बने, जिससे जनपद में एक भी बच्चा इस अभियान का लाभ लेने में वंचित न होने पाये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार चक, एसीएमओ ओपी शुक्ला, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ विवेक श्रीवास्तव, डिप्टी सीएमओ रामपाल, डब्लू एच ओ व यूनेस्को टीम एवं संबंधित अधिकारीगण, डॉक्टर्स, स्वास्थ्य कर्मी, आशा, एएनएम आदि उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब मिर्ज़ापुर ने फ्रेंडली क्रिकेट मैच जीता

**मीरजापुर।** रोटरी क्लब मिर्ज़ापुर गौरव एवं रोटरी क्लब मिर्ज़ापुर के बीच रविवार को एक फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मैच एस.एन. पब्लिक स्कूल के खेल मैदान, लोहंदी में खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए रोटरी क्लब मिर्ज़ापुर गौरव की टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में 102 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रोटरी क्लब मिर्ज़ापुर की टीम ने 104 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

मैच में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। ओम प्रकाश मौर्य को बेस्ट बॉलर, अनिकेत गुप्ता को बेस्ट फील्डर, श्रेयांश जैन को बेस्ट बैट्समैन तथा श्रेष्ठ अग्रवाल को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। समापन अवसर पर रोटरी क्लब मिर्ज़ापुर गौरव के अध्यक्ष रो. संदीप जैन एवं रोटरी क्लब मिर्ज़ापुर के अध्यक्ष डॉ. राजीव अग्रवाल ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से आपसी सौहार्द और खेल भावना को बढ़ावा मिलता है। इस सफल आयोजन के लिए एस.एन. पब्लिक स्कूल के संस्थापक एवं रोटरी क्लब मिर्ज़ापुर गौरव के सदस्य रो. राजेश सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### अपराध निरोधक समिति यूथ टीम ने पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया



**नैनी, प्रयागराज।** जिला अपराध निरोधक समिति की यमुनानगर नैनी यूथ टीम की ओर से स्थानीय स्तर पर सामाजिक सरोकारों से जुड़े तीन सक्रिय पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में नैनी थाना प्रभारी बृज किशोर गौतम, एसीपी अरुण कुमार त्रिपाठी और अरैल चौकी प्रभारी राजेश प्रसाद बाजपेयी को हनुमान चालीसा चिन्ह, गुलदस्ता और समिति की 'सेवा पथ' पुस्तिका भेंट कर सम्मानित किया गया।माघ मेले के मद्देनज़र सुरक्षा और जनसेवा को लेकर यूथ टीम व अधिकारियों के बीच विस्तृत चर्चा हुई। पुलिस व समिति के पदाधिकारियों ने मेले के दौरान अपराध निवारण, भीड़ प्रबंधन और स्थानीय स्तर पर जागरूकता कार्यक्रमों में सहयोग की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया।नैनी क्षेत्र में सुरक्षा की मौजूदा स्थिति और भविष्य की आवश्यकताओं पर भी विचार किया गया और आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए सामुदायिक भागीदारी पर जोर दिया गया। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान सेवा कार्य रजिस्टर पर नैनी थाना प्रभारी से हस्ताक्षर भी करवाए गए।कार्यक्रम में जिला अपराध निरोधक समिति यमुनानगर यूथ टीम प्रभारी मनीष विश्वकर्मा, अश्वनी कुशवाहा, संदीप चंद्र श्रीवास्तव, सक्षम विश्वकर्मा, ऋषभ सिंह, गौरव विश्वकर्मा, आकाश सिंह, नीरज कुशवाहा समेत समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### नैनी मंडल द्वारा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को बनाने पर खुशी



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी मंडल अध्यक्ष रजत दुबे के अध्यक्षता में रविवार को एक बैठक नैनी मंडल द्वारा की गई। जिसमे मंडल के समस्त पदाधिकारी,कार्यकर्ताओं द्वारा भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के नए प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के निर्विरोध चुने जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। रजत दुबे ने बताया की सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को एक नवीन ऊर्जा साथ,7 बार के सांसद 'केंद्र सरकार में मंत्री लंबे समय से संगठनात्मक गुणों में अनुभव रखने वाले सामान्य कार्यकर्ता को प्रदेश अध्यक्ष का जिम्मा दिया गया, यह बहुत ही हर्ष एवं ऊर्जावान भविष्य के संकेत हैं।वही मीडिया प्रभारी आकाश जायसवाल का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भाजपा नैनी मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष दिलीप बब्लू केसरवानी, हरि कृष्णा तिवारी, ओम प्रकाश मिश्रा, दिनेश सिंह, घनश्याम जायसवाल, लक्ष्मीकांत तिवारी, समर सिंह, श्याम मिश्रा, विनोद तिवारी, वी बी सिंह, राजेश तिवारी आदि।

### गुरुद्वारे पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया



**नैनी, प्रयागराज।** रविवार सुबह रामनगर स्थित गुरुद्वारे पर शिवम् अक्षयवट अस्पताल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें 100 से अधिक लोगों ने जांच आदि कराया।जिसमे बीपी, शुगर, थायराइड, आदि जांच किए गए। जांच करने वाली टीम में डॉ एके राय,डॉ सीवी उपाध्याय, डॉ तोसी जैन, डॉ शिव कुमार,डॉ आन्नद पाण्डे, व उनकी टीम अजय उपाध्याय, वीरेन्द्र मिश्रा, सौरभ जायसवाल, डॉ प्रखर आन्नद, शीतल, रजनीश, अभिषेक जायसवाल,जितेन्द्र कुमार सिंह, आदि रहे।

### बॉन्डी बीच पर बच्चों समेत 12 की मौत, यहूदी उत्सव था निशाना

रविवार शाम ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में स्थित बॉन्डी बीच पर बंदूकधारियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। इस भयानक आतंकी हमले में एक पुलिस अधिकारी और बच्चों समेत कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कम से कम 29 अन्य घायल हुए हैं। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

**यहूदी उत्सव था निशाना**

ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने इस घटना को यहूदी हनुक्का उत्सव पर एक लक्षित आतंकवादी हमला बताया है। न्यू साउथ वेल्स के प्रीमियर क्रिस मिन्स ने स्पष्ट कहा, 'यह हमला सिडनी के यहूदी समुदाय को निशाना बनाने के लिए किया गया था।' अधिकारियों ने बताया कि यह हमला 'चानुका बाय द सी' नाम के एक कार्यक्रम के दौरान हुआ, जो यहूदी त्योहार हनुक्का की शुरुआत के मौके पर आयोजित किया गया था। गोलीबारी शुरू होने के समय सैकड़ों लोग बच्चों के खेल के मैदान के पास बॉन्डी बीच पार्क में इकट्ठा थे।

## सुप्रीम कोर्ट में 16 दिसंबर को अगली सुनवाई; अभ्यर्थियों का आरोप- यूपी सरकार लटका रही मामला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** यूपी में 69000 सहायक शिक्षक भर्ती मामले की अगली सुनवाई 16 दिसंबर 2025 को होगी. इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने कॉज लिस्ट जारी कर दी है. सुप्रीम कोर्ट में 16 दिसंबर को दोपहर 12 बजे होने वाली इस सुनवाई को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों की ओर से इस मामले का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष अपना पक्ष प्रभावी ढंग से रखने में उदासीनता बरत रही है। सरकार की ओर से पैरवी न किए जाने से आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों में भारी नाराजगी है. पिछली सुनवाई 18 नवंबर को हुई थी और 1 घंटे चली थी. अमरेंद्र पटेल ने बताया कि करीब 5 वर्ष से आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी न्याय के लिए संघर्ष कर रहे हैं. वहीं, सरकार उनकी बात सुनने को तैयार नहीं है। अमरेंद्र ने बताया कि लखनऊ हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार सरकार को इस प्रकरण का निबटारा तीन महीने के भीतर करना था, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई. इससे अभ्यर्थियों में असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने मांग की है, 16 दिसंबर को होने वाली सुनवाई में सरकार के अधिवक्ता आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए मजबूती से अपना पक्ष रखें, ताकि लंबे समय से चले आ रहे विवाद का समाधान हो सके। उत्तर प्रदेश में 69000 शिक्षक भर्ती प्रक्रिया की शुरुआत वर्ष 2018 में हुई थी. आरोप है, कि परिणाम जारी होने के दौरान आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ बड़े पैमाने पर अन्याय किया गया. उन्हें नियुक्ति से वंचित कर दिया गया। इसके विरोध में अभ्यर्थियों ने लंबा आंदोलन चलाया और मामला न्यायिक प्रक्रिया में पहुंचा. लंबी सुनवाई के बाद 13 अगस्त 2024 को लखनऊ हाईकोर्ट की डबल बेंच ने नियमों का पालन करते हुए योग्य अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने का आदेश दिया था। हालांकि, इस फैसले के खिलाफ सामान्य वर्ग के कुछ अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर दी. इसके बाद से ही यह मामला शीर्ष अदालत में लंबित है. अब 16 दिसंबर की सुनवाई को इस प्रकरण के लिए निर्णायक माना जा रहा है।

## स्वच्छता है एक नेक अभियान , आप भी दे अपना योगदान- सुनील कुशवाहा



**नैनी, प्रयागराज।** कोहरे की चादर ओढ़े कड़कड़ाती ठंड में सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा प्रतिमाह चलने वाले स्वच्छता अभियान रविवार को कार्यक्रम अधिकारी - सुनील कुशवाहा के नेतृत्व में अरैल घाट, सेल्फी प्वाईट पर भव्य स्वच्छता अभियान चलाया।जिसमें उन्होंने आम जनमानस, स्नानार्थियों तीर्थ पुरोहितों एवं नाविकों से जन-जागरूकता अपील करते हुए घाट को साफ़ सुथरा रखने पर जोर दिया।कार्यक्रम में सर्वश्री कुंवर जी तिवारी,धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, ऋषि दीक्षित, एडवोकेट आत्म प्रकाश यादव, संदीप केसरवानी, विनोद गुरानी, धीरज राजवानी,ज्ञान प्रकाश मिश्रा, शशिकांत पांडेय, पुष्पेंद्र कुमार द्विवेदी, कार्तिकेय तिवारी, इंदु प्रकाश सिंह,प्रियांशु उपाध्याय,शिबू सिंह, उज्जवल यादव, आर्यन यादव, सौरभ यादव, सनी यादव, निर्मल कुशवाहा,तुलसी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेशः कफ सिरप तस्करी नेटवर्क पर एक्शन, दो फर्मों का लाइसेंस रद्द, सीमा पार तक फैले तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध तस्करी के मामले में प्रशासन ने कार्रवाई की है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने लखनऊ से संचालित बताए जा रहे नेटवर्क से जुड़े दो कारोबारों पर कार्रवाई करते हुए उनके लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए हैं। एफएसडीए के अनुसार, विभोर राणा के नाम से पंजीकृत जीआर ट्रेडिंग और उसके भाई विशाल द्वारा संचालित एवट हेल्थ केयर का लाइसेंस रद्द किया गया है। जांच में इन फर्मों की सप्लाई चेन, खरीद-बिक्री के रिकॉर्ड और वितरण नेटवर्क में गंभीर खामियां सामने आई। अधिकारियों का कहना है कि कागजी तौर पर वैध दिखने वाले दस्तावेजों की आड़ में कोडीन युक्त कफ सिरप की बड़ी खेप अलग-अलग राज्यों में भेजी जाती रही। जांच एजेंसियों को मिले सुरागों के अनुसार, इस नेटवर्क के तार लखनऊ से निकलकर पश्चिम बंगाल, असम, उत्तराखंड और बिहार तक जुड़े पाए गए हैं। इतना ही नहीं, बांग्लादेश तक अवैध आपूर्ति के संकेत भी मिले हैं। एफएसडीए का मानना है कि लाइसेंस निरस्तीकरण आगे होने वाली आपराधिक कार्रवाई के लिए मजबूत आधार तैयार करेगा। यूपी एसटीएफ ने 12 नवंबर को इस मामले में विभोर राणा, विशाल, सचिन और बिट्टू को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से आलोक सिंह और अमित सिंह टाटा से लगातार पूछताछ चल रही है। जांच एजेंसियां वित्तीय लेनदेन, परिवहन के रास्तों और गोदामों की कड़ियां जोड़ने में जुटी हैं। खबरों के मुताबिक, पूछताछ के दौरान कई नए नाम और ठिकानों की जानकारी सामने आई है। मामले में शुभम जायसवाल पर पूरे नेटवर्क का ठीकरा फोड़े जाने की बातें भी सामने आई हैं, हालांकि उसने खुद को निर्दोष बताया है। एजेंसियां सभी बयानों और दस्तावेजों का आपस में मिलान कर रही हैं, ताकि किसी भी स्तर पर सच्चाई से समझौता न हो। खबरों के मुताबिक, आलोक सिंह पिछले तीन सालों में करीब 20 करोड़ रुपये की लागत से बने एक आलीशान बंगले के खर्च का संतोषजनक हिसाब नहीं दे सका है। जांच में उसकी ज्ञात आय और संपत्ति के अनुपात पर सवाल खड़े हुए हैं। एफएसडीए और एसटीएफ मिलकर बैंक खातों, संपत्तियों और कंपनियों के रिकॉर्ड खंगाल रही हैं।

## मिजोरम को रेलगाड़ी से चलने वाली पहली रेलगाड़ी मिली

**● 119 रेलगाड़ी के डिब्बे साइरंग पहुंचे, मिजोरम के बुनियादी ढांचे और अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** सैरंग रेलवे स्टेशन ने पहली बार गुवाहाटी के पास चांगसारी से 119 मारुति कारों को लेकर सीधी आवक वाली ऑटोमोबाइल रैक को संभाला। यह ऐतिहासिक आवागमन आइजोल में वाहनों की उपलब्धता बढ़ाएगा, लंबी सड़क परिवहन पर निर्भरता कम करेगा और डीलरों, सेवा प्रदाताओं और ग्राहकों सहित मिजोरम के ऑटोमोबाइल क्षेत्र को लाभ पहुंचाएगा, जो राज्य के बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह उपलब्धि कनेक्टिविटी बढ़ाने, क्षेत्रीय विकास का समर्थन करने और पूरे देश में समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन मिजोरम के लिए एक महत्वपूर्ण अवसंरचनात्मक उपलब्धि है। चुनौतीपूर्ण भूभाग से सावधानीपूर्वक निर्मित यह लाइन 51.38 किलोमीटर लंबी है और 45 सुरंगों से होकर गुजरती है। यह रेलवे लाइन क्षेत्र के रणनीतिक एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस लाइन का उद्घाट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 सितंबर 2025 को किया था। इस अवसर पर उन्होंने आइजोल (सैरांग) और दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल) के बीच राजधानी एक्सप्रेस, आइजोल (सैरांग) और गुवाहाटी के बीच मिजोरम एक्सप्रेस और आइजोल (सैरांग) और कोलकाता के बीच एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही मिजोरम का भारत के राष्ट्रीय रेल नेटवर्क में पूर्ण एकीकरण हो गया। नई रेल सेवाओं को लेकर यात्रियों की प्रतिक्रिया बेहद उत्साहजनक रही है। तीनों ट्रेनें अच्छी क्षमता के साथ चल रही हैं, जिनमें सैरांग-आनंद विहार टर्मिनल राजधानी एक्सप्रेस 147%, सैरांग-गुवाहाटी मिजोरम एक्सप्रेस 115% और सैरांग-कोलकाता एक्सप्रेस 139% शामिल हैं। यात्रियों को ये ट्रेनें सुविधाजनक, किफायती और समय बचाने वाली लग रही हैं। रेल संपर्क से प्रमुख शहरों और आर्थिक केंद्रों तक यात्रा आसान हो गई है। साथ ही, आसपास के राज्यों में शिक्षा और चिकित्सा सुविधाओं तक पहुंच भी बेहतर हुई है। बैराबी-सैरांग लाइन पर माल ढुलाई का संचालन उद्घाटन के तुरंत बाद शुरू हो गया। 14 सितंबर 2025 को पहली मालगाड़ी असम से आइजोल तक 21 सीमेंट वैगनों को लेकर रवाना हुई। तब से, इस मार्ग पर सीमेंट, निर्माण सामग्री, वाहन, रेत और पत्थर के टुकड़े जैसी आवश्यक वस्तुओं का परिवहन किया जा रहा है। सैरांग से पार्सल की पहली खेप भी 19 सितंबर 2025 को बुक की गई थी, जब एंथुरियम के फूलों को पार्सल वैन (सैरांग-आनंद विहार टर्मिनल राजधानी एक्सप्रेस) के माध्यम से आनंद विहार टर्मिनल तक पहुंचाया गया था। 17 सितंबर से 12 दिसंबर 2025 के बीच कुल 17 रेक संचालित किए गए। ये विकास दर्शाते हैं कि यह लाइन एक विश्वसनीय लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर बन रही है, जिससे परिवहन लागत कम हो रही है और मिजोरम के आर्थिक और बुनियादी ढांचे के विकास में सहयोग मिल रहा है।

## तेलंगाना पंचायत चुनावः कांग्रेस ने 2425 सीटें जीतीं, BRS को 1168 और BJP को 189 सीट मिली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** तेलंगाना ग्राम पंचायत चुनाव 2025 के पहले चरण में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने बड़ी जीत हासिल की. कांग्रेस पार्टी द्वारा समर्थित उम्मीदवारों ने कुल 4,230 सीटों में से 2,425 सीटें जीतीं. पार्टी को 57.32 प्रतिशत ग्राम पंचायतों में जीत हासिल हुई है। तेलंगाना राज्य चुनाव आयोग ने उन 4,230 ग्राम पंचायत में वोटों की गिनती के अंतिम नतीजे जारी कर दिए हैं, जहां चुनाव हुए थे. चुनाव नतीजों के अनुसार, विपक्षी पार्टी भारत राष्ट्र समिति (BRS) द्वारा समर्थित उम्मीदवारों ने 1,168 सीटें (27.6 प्रतिशत) जीतीं। भाजपा ने 189 सीटें (4.5 प्रतिशत), सीपीएम ने 24 सीटें (0.54 प्रतिशत), सीपीआई ने 23 सीटें (0.57 प्रतिशत) और निर्दलीय उम्मीदवारों ने 401 सीटें (9.47 प्रतिशत) हासिल कीं। कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, उसके द्वारा समर्थित उम्मीदवारों ने 60.69 प्रतिशत सीटों पर जीत हासिल की, जिनमें निर्विरोध जीते उम्मीदवार शामिल हैं. इस रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी ने 2,567 पंचायतों में जीत का दावा किया है. सिद्दीपेट को छोड़कर सभी जिलों में कांग्रेस का दबदबा रहा. पार्टी ने नलगोंडा जिले में सबसे अधिक सीटें जीतीं, और 211 सरपंच पदों पर कब्जा जमाया। इसके अलावा, कांग्रेस पार्टी ने विकाराबाद (179), खम्मम (137), निजामाबाद (134), और मेदक (111) जिलों में भी 100 से अधिक सीटें जीतीं. विपक्षी BRS की तुलना में, कांग्रेस ने निजामाबाद जिले में 119 ज्यादा सीटें, नलगोंडा में 112, विकाराबाद में 108, खम्मम में 99, और जोगुलम्बा गडवाल जिले में 78 ज्यादा सीटें जीतीं। बीआरएस पार्टी ने सिद्दीपेट जिले में 71 सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस ने 66 सीटें हासिल कीं. महबूबनगर, जगतियाल, कुमुरम भीम, वनपर्थी, हनमकोंडा, रंगारेड्डी और संगारेड्डी जिलों में भी बीआरएस को कांग्रेस से कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ा. बीआरएस को जोगुलम्बा गडवाल जिले में सबसे कम सिर्फ आठ सीटें मिलीं. जबकि मुलुगु और नारायणपेट जिलों में 10-10 सीटें जीतीं, और निजामाबाद में सिर्फ 15 सीटें जीत पाई। भाजपा भद्राद्री, खम्मम, मुलुगु, मेदक और पेद्दापल्ली जिलों में अपना खाता भी खोल नहीं सकी. पार्टी को जनगांव और वरंगल जिलों में सिर्फ एक-एक सीट मिली. महबूबनगर जिले में, जहां पार्टी का एक सांसद है, वहां भी उसे सिर्फ दो सीटें मिलीं. भाजपा ने सबसे अधिक 23 सीटें कामारेड्डी जिले में जीतीं. इसके बाद निर्मल में 18, निजामाबाद में 16, करीमनगर में 13 और सिद्दीपेट में 11 सीटें जीतीं। सीपीआईएम ने खम्मम जिले में सबसे अधिक 10 सीटें जीतीं. पार्टी ने भद्राद्री में नौ, नलगोंडा में 2 और महबूबनगर, सूर्यापेट और यादद्री में एक-एक सीट हासिल की. सीपीआई ने भद्राद्री जिले में सबसे अधिक 8 सीटें जीतीं, उसके बाद खम्मम में 5, नलगोंडा में 4, यादद्री में 2 और नागरकुरनूल, हनमकोंडा, विकाराबाद और संगारेड्डी में एक-एक सीट जीती। आदिलाबाद जिले में सबसे ज्यादा 31 निर्दलीय उम्मीदवार चुने गए. निजामाबाद में 19, करीमनगर में 16, कुमुरम भीम और सिद्दीपेट में 15-15, कामारेड्डी, नलगोंडा और निर्मल में 14-14, भद्राद्री में 13 और संगारेड्डी और विकाराबाद में 10-10 निर्दलीय उम्मीदवार जीते. वनपर्थी जिले में सभी सीटें बड़ी पार्टियों ने जीतीं।

**केरल निकाय चुनाव में यूडीफ की निर्णायक जीत**

केरल के स्थानीय निकाय चुनाव 2025 में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने निर्णायक जीत दर्ज की है। वाम मोर्चे को करारा झटका लगा है। हालांकि तिरुवनंतपुरम नगर निगम पर भाजपा की जीत को मीडिया काफी प्रचारित कर रहा है। केरल में स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजे राज्य की राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ लेकर आए हैं। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (DF) ने बड़ी जीत हासिल की है। इससे यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक हवा किस ओर बह रही है। यूडीएफ ने कई नगर निगमों और पंचायतों में निर्णायक बढ़त हासिल की है, जो सत्ताधारी लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (LDF) के लिए एक बड़ा झटका है। यह जीत न केवल यूडीएफ कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाएगी, बल्कि यह भी दर्शाती है कि राज्य के मतदाताओं का रुझान अब कांग्रेस के पक्ष में मुड़ रहा है। निकाय चुनाव दो चरणों में 9 और 11 दिसंबर को हुए थे। जिसमें 6 कॉर्पोरेशनों, 86 नगरपालिकाओं, 14 जिला पंचायतों, 152 ब्लॉक पंचायतों और 941 ग्राम पंचायतों के लिए मतदान हुआ। मतगणना शनिवार सुबह 8 बजे शुरू हुई थी।

**मुख्य नतीजे इस तरह रहेः 6 नगर निगम**

यूडीएफः 4 (कोल्लम, कोच्चि, थ्रिसूर, कन्नूर)। कई एलडीएफ गढ़ों को छीना।

एलडीएफः 1 (कोझिकोड)।

एनडीएः 1 (तिरुवनंतपुरम) - तिरुवनंतपुरम में एनडीए ने 50 वार्ड जीते, एलडीएफ 29 और यूडीएफ 19। यह एलडीएफ के 45 वर्षों के शासन का अंत है।




86 नगरपालिकाएं

यूडीएफः 54- एर्नाकुलम, अलप्पुझा, मलप्पुरम, कोट्टायम आदि में प्रभुत्व।

एलडीएफः कई गढ़ बरकरार रखे लेकिन 2020 की तुलना में कमजोर।

एनडीएः पलक्कड़ बरकरार रखा, त्रिपुनिथुरा जीता।

14 जिला पंचायतें

यूडीएफः 8 एलडीएफः 6 (2020 में एलडीएफ के पास 11 थीं)।

152 ब्लॉक पंचायतें

यूडीएफः 81 एलडीएफः 63 (2020 में एलडीएफ के पास 108 थीं)।

941 ग्राम पंचायतें

यूडीएफः 492

एलडीएफः 347

एनडीएः 25

टाईः 64

(2020 में एलडीएफः 514, यूडीएफः 321)।

2020 की तुलना में यूडीएफ ने ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बड़ा उछाल दिखाया, जबकि एलडीएफ की पकड़ कमजोर पड़ी। एनडीए का प्रदर्शन मुख्य रूप से शहरी क्षेत्रों तक सीमित रहा, लेकिन तिरुवनंतपुरम की जीत को ऐतिहासिक माना जा रहा है।

## रामलीला मैदान से मोदी सरकार पर बरसे राहुल गांधी

**● निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर सम्पन्न**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस रविवार को दिल्ली में कथित 'वोट चोरी' के खिलाफ विशाल रैली कर रही है।दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि गांधी जी कहते थे कि सत्य बहुत जरूरी चीज है। आपने सत्यमेव जयते सुना होगा। मोहन भागवत ने एक बयान दिया है। उन्होंने कहा कि विश्व सत्य को नहीं शक्ति को मानता है। हमारी विचारधारा कहती है कि सत्य बहुत जरुरी है। लेकिन मोहन भागवत कहते हैं कि सत्य नहीं सत्ता जरूरी है। राहुल गांधी ने कहा कि आप देखना हम सत्य को लेकर सत्य के पीछे खड़े होकर नरेंद्र मोदी और आरएसएस की सरकार को हटाएंगे। उनके पास सत्ता है, वह वोट चोरी करते हैं। 10 हजार रुपये चुनव के दौरान देते हैं। चुनाव आयुक्त ज्ञानेश्वर कुमार बीजेपी के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी जी ने चुनाव आयुक्त के लिए कानून बदला। चुनाव आयुक्त कुछ भी करे उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि इस कानून को हम बदलेंगे और आपके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों में बीजेपी ने वोट चोरी की। हमने इसके सबूत दिए कैसे उसने लाखों वोट चोरी किए। वोट चोरी अंबेडकर जी के संविधान पर हमला है। यह वोट चोरी करके सरकार चलाते हैं। अगर यह वोट चोरी नहीं करते तो इन्हें आप पांच मिनट में सरकार से निकाल देते। नेता विपक्ष ने कहा कि इस देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक मोहन भागत की विचारधारा है, कि सत्य नहीं, सत्ता की अहमियत है। एक हमारी विचारधार कि हम सत्य के साथ खड़े हैं। उनके डीएनए में असत्य और वोट चोरी है। आप घबराओ मत सत्य की जीत होगी हम सत्य से बीजेपी को सत्ता से हटाएंगे। रामलीला मैदान में 'वोट चोर, गद्दी छोड़' रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने 'वोट चोर, गद्दी छोड़' के नारे लगाए। उन्होंने कहा कि वोट की कीमत क्या है, इसे समझना बहुत जरूरी है। देश की संस्थाओं को कुचला जा रहा है। ऐसे में सभी को इसके खिलाफ एक साथ उठ खड़ा होना चाहिए। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश की न्यायपालिकाएं दबाव में हैं। पिछले चुनाओं में कांग्रेस पार्टी के अकाउंट जब्त कर दिए गए। ईडी, सीबीआई भेजी गई। आज संसद को देखिए, मुश्किल से एक सत्र में एक दो बहस होती है। जब राहुल गांधी और खड़गे ने मुद्दा उठाया कि हमें बहस करनी है, वोट चोरी के मुद्दे पर। लेकिन वह मानने को तैयरा नहीं हो रहे थे। वह तब तैयार हुए जब वंदे मातरम पर चर्चा की बात हुई। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि पूरा देश जानता है कि यह 'वोट चोरी' करते हैं और उसी से जीतते हैं। राहुल गांधी ने इसके सबूत दिए। बिहार में आदर्श आचार संहिता के दौरान लोगों के खाते में 10-10 हजार रुपये दिए गए और चुनाव आयोग आंख मूदे हुए था।प्रियंका गांधी ने कहा कि हम आपसे यहां यह कहने आए हैं कि हम लड़ते रहेंगे और कभी झुकेंगे नहीं। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम लोगों को बताना चाहते हैं कि आज सत्ता में 'चोरी की सरकार' है। लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान को लेकर मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'सदन में बयान देना एक बात है, लेकिन उन्होंने सदन में पूछे गए हमारे सवाल का जवाब नहीं दिया। इसके बजाय



उन्होंने अपना जवाब दिया। दूसरी बात, उन्होंने सदन को गलत जानकारी दी। हमने डिटेल्स मांगी थीं कि वोट कैसे और किस तरह चुराए गए, और हमने सबूत पेश किए। दिल्ली की रैली को लेकर पूर्व कांग्रेस सांसद पीएल पुनिया ने कहा, 'राहुल गांधी ने महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनावों को लेकर रिसर्च की। महाराष्ट्र और हरियाणा में चुनावों के एनालिसिस से पता चला कि उनकी रणनीति हेरफेर वाली है। मतदाताओं के वोट काटे गए और फर्जी वोटरों से मतदान कराया गया। इसके सभी सबूत हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त बातों को सुनने को तैयार नहीं है। 'कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने कहा, 'हर राज्य से बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। हर राज्य का प्रतिनिधित्व होगा। केंद्र शासित प्रदेशों का भी प्रतिनिधित्व होगा। राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' के सबूत पेश किए। इस रैली से पूरी उम्मीद है कि राहुल गांधी के संदेश को हर राज्य में जमीनी स्तर तक पहुंचाया जाएगा। महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता नाना पटोले ने कहा, 'सरकार यह सच्चाई छिपाने की कोशिश कर रही है कि वोट चोरी कैसे हो रही है। लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है और चुनाव आयोग की मिलीभगत से लोगों के वोटों में हेरफेर किया जा रहा है। हम कह सकते हैं कि 'वोट छोड़ो, गांधी छोड़ो' का नारा हमारे नेता राहुल गांधी ने दिया था और वह हमारा है। '

## सामूहिक विवाह को लेकर जयसवाल समाज की हुई बैठक



**नैनी प्रयागराज।** रविवार को हनुमान नगर स्थित समाजसेवी विनोद जायसवाल के आवास पर जयसवाल समाज की एक बैठक संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता त्रिलोचन जायसवाल ने की बैठक में त्रिलोचन जायसवाल ने बताया की आगामी 22 फरवरी 2026 को फफामऊ प्रयाग में होने वाले 25 जोड़े सामूहिक विवाह के संबंध में चर्चा की गई सभी स्वजातीय बंधुओ से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाए।बैठक में मुख्य रूप से त्रिलोचन जायसवाल, विनोद जायसवाल, घनश्याम जायसवाल, गोल्डी जायसवाल, सभासद राकेश जायसवाल ,आदि रहे।

## विनोद तावड़े और पीयूष गोयल ने की घोषणा; सीएम योगी रहे मौजूद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** यूपी भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल गया है। केंद्रीय पर्यवेक्षकों ने उनके नाम की घोषणा की। हालांकि शनिवार को एकमात्र नामांकन होने की वजह से पहले ही उनके नाम पर औपचारिक मुहर लग गई थी। लखनऊ के राम मनोहर लोहिया विवि कैंपस के सभागार में इसकी घोषणा की गई। इस मौके पर केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक, राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन के केंद्रीय प्रभारी, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, प्रदेश चुनाव अधिकारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडेय ने पंकज चौधरी की जीत की घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह संगठन की ताकत है कि पार्टी आज इस मुकाम पर है। पीयूष गोयल की घोषणा करते ही पूरा सभागार तालियों से गूंज गया। भूपेंद्र चौधरी ने पार्टी का झंडा नव निर्वाचित अध्यक्ष को सौंपा। इस मोके पर राष्ट्रीय परिषद के 120 नव निर्वाचित सदस्यों की भी घोषणा की गई।

## कमांडेंट होमगार्ड ने माघ मेला क्षेत्र में किया भूमि पूजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** आगामी माघ मेला 2026 को सकुशल संपन्न कराने तथा तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा, सहायता और सहयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से होमगार्ड विभाग द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में होमगार्ड विभाग के जिला कमांडेंट रंजीत कुमार सिंह ने रविवार को माघ मेला परेड क्षेत्र में विधिवत भूमि पूजन किया।भूमि पूजन के अवसर पर जिला कमांडेंट रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि माघ मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुचारु व्यवस्था के लिए प्रयागराज मंडल मिर्जापुर मंडल और अयोध्या मंडल से होमगार्ड स्वयंसेवकों की तैनाती की जा रही है। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ तीर्थ यात्रियों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराना होमगार्ड विभाग की प्राथमिकता है उन्होंने बताया कि इस वर्ष माघ मेला में कुल 1250 होमगार्ड स्वयंसेवकों की तैनाती की जा रही है। इसमें प्रयागराज जनपद से 400, कौशांबी से 100, प्रतापगढ़ से 200, फतेहपुर से 100, मिर्जापुर से 100, भदोही से 100, सोनभद्र से 100, सुल्तानपुर से 100 तथा अमेठी से 50 होमगार्ड शामिल होंगे। ये सभी स्वयंसेवक मेला क्षेत्र मेंकानून-व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सहायता में तैनात रहेंगे। भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रंजीत सिंह, जिला कमांडेंट प्रयागराज, लक्ष्मी शंकर यादव, रंजीत कुमार, राजेश कुमार सरोज, इंद्र नारायण यादव, उपेंद्रनाथ ओझा, भानू प्रकाश शुक्ला, रितेश सिंह सहित अन्य व लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे। अधिकारियों ने माघ मेला को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सफल बनाने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### ध्वस्त आरईओ सड़क पर आवागमन हुआ कठिनाई भरा



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** पाकुड़िया प्रखंड अंतर्गत डोमनगड़िया पंचायत के ग्राम तीलडांगा आरईओ पथ के जीर्ण होने की बात ग्रामीणों ने बताई। उक्त जर्जर पथ के संदर्भ में ग्रामीणों ने 14 दिसम्बर को बताया कि अंगरगड़िया गोलपुर आरईओ पथ मोड़ से तीलडांगा गांव होते हुए खाकसा लखीजोल पीडब्ल्यूडी रोड तक सड़क पूर्णतः जीर्ण हो चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त पथ का निर्माण वर्षों पूर्व किया गया था लेकिन विगत कई वर्षों से पथ पर बड़े-बड़े गड्ढे बनने से वर्षा के दिनों में ग्रामीणों के आवागमन में बड़ी कठिनाई होती रही है।

ग्रामीणों ने स्पष्ट शब्दों में बताया कि इस जर्जर सड़क से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। यह पथ पीडब्ल्यूडी रोड से जुड़ा होने के कारण ग्रामीण रामपुर हाट अस्पताल एवं बाजार आने-जाने के लिए इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। इसके अलावा रेल एवं बसों की सुविधा होने से भी लोग इस मार्ग से आवागमन करते हैं। ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक प्रोफेसर स्टेफन मरांडी से उक्त ध्वस्त पथ का पुनर्निर्माण कराने की मांग की है ताकि ग्रामीणों के आवागमन में सुविधा हो।

### 85 वर्ष की आयु में सुखदेव यादव का निधन, जोकाही नदी तट पर हुआ अंतिम संस्कार, गांव में शोक की लहर



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखण्ड अंतर्गत धनवार पंचायत के लठिया गांव निवासी सुखदेव यादव उम्र 85 वर्ष पिता स्वर्गीय जानकी महतो का शनिवार रात्रि लगभग 9 बजे निधन हो गया। उनके निधन से पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। वे लंबे समय से सामाजिक एवं पारिवारिक जीवन में सक्रिय और सम्मानित व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे।परिजनों के अनुसार स्व. सुखदेव यादव अपने पीछे पांच पुत्र एवं एक पुत्री को छोड़ गए हैं। रविवार को उनका अंतिम संस्कार लठिया गांव स्थित जोकाही नदी के तट पर पूरे विधि-विधान के साथ किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान उनके बड़े पुत्र रामचन्द्र यादव ने मुखाग्नि दी।

श्मशान घाट पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, रिश्तेदार एवं शुभचिंतक उपस्थित थे।निधन की सूचना मिलते ही धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे और गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्व. सुखदेव यादव एक सरल, मिलनसार एवं समाजप्रिय व्यक्ति थे। उनके निधन से गांव ने एक अनुभवी और मार्गदर्शक अभिभावक को खो दिया है।मौके पर समाजसेवी प्रकाश साव सहित अजय कुमार कुशवाहा, ब्रह्मदेव यादव, शिवाली यादव, रामचन्द्र यादव, बैजनाथ यादव, विनय गोप, उमेश यादव, सुरेश पंडित, विकाश यादव, पिंटू यादव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को ढांढस बंधाया।ग्रामीणों ने बताया कि स्व. सुखदेव यादव अपने शांत स्वभाव और सामाजिक सहयोग के लिए जाने जाते थे। उनके निधन से गांव को अपूरणीय क्षति हुई है।ईश्वर से प्रार्थना की गई कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल दें।

### सीताराम सिंह खंगार बने राष्ट्रीय महामंत्री

**चित्रकूटः** खंगार क्षत्रिय समाज सेवा विकास संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संयोजक रमेश सिंह खंगार उर्फ नन्ना द्वारा जनपद निवासी सीताराम सिंह खंगार एडवोकेट को राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत किया गया है। सीताराम सिंह खंगार को खंगार क्षत्रिय समाज सेवा विकास संघ का राष्ट्रीय महामंत्री बनाए जाने पर खंगार क्षत्रिय समाज धर्मशाला के अध्यक्ष भोलानाथ खंगार, सुरेश सिंह खंगार, सत्यनारायण सिंह खंगार, कुशल सिंह आदि लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त की है।

## सूचना अधिकार है आम आदमी का सबसे बड़ा हथियार, इससे भ्रष्टाचारपर लगेगी रोक

● जिले में शुरू होगा 'ऑपरेशन आरोग्य', आरटीआई कार्यकर्ताओं की बैठक में ऐलान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**त्रिवेणीगंज, निजप्रतिनिधि।** आरटीआई से जुड़े कार्यकर्ताओं की एक बैठक रविवार को सार्वजनिक हिंद सरस्वती पुस्तकालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता आरटीआई क्लीनिकके संस्थापक डॉ. इंद्रभूषण प्रसाद ने की। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सूचना का अधिकार आम आदमी का सबसे सशक्त हथियार है, जिसके माध्यम से न सिर्फ भ्रष्टाचार पर सीधा वार किया जा सकता हैबल्कि इसपर रोक लगाया जा सकता है। जरूरत है कि आम लोग इसका अधिक से अधिक इस्तेमाल करें।और जागरूक हो।

बैठक को संबोधित करते हुए भ्रष्टाचार मुक्त जागरूकता अभियान सुपौल के संयोजक अनिल कुमार सिंह ने कहा जिले के भ्रष्टाचार मुक्त करने के लिए अलग अलग प्रयास कर रहे है उन्हें एक प्लेटफार्म पर आकर प्रयास करने की आवश्यकता है।उन्होंने जिले में 'ऑपरेशन आरोग्य' चलाने की घोषणा करते हुए कहा कि , जिले के स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त अनियमितताओं और भ्रष्टाचार को उजागर किया जाएगा।

डॉ इंद्रभूषण प्रसाद ने कहा कि आरटीआई के माध्यम से सरकारी योजनाओं और खर्चों की पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी।और बिभिन बिभाग में व्याप्त गड़बड़ी को उजागर कर आम अवाम को निजात दिलाने के लिए, जागरूक करने के साथ ही उन्हें आवश्यक सहयोग दिया जाएगा

बैठक में प्रमुख रूप से मनोज रोशन, संतोष पप्पू, गौतम कुमार, मो. कासिम, अभिषेक कुमार, अनुपम कुमार, राजेश भारती, मुकेश कुमार, सुधीर कुमार, गजेंद्र यादव, रोशन मंडल, किशोर कुमार, नीतीश कुमार, कपिल कुमार, जितेंद्र कुमार, अवनीश कुमार, मिथुन कुमार, लक्ष्मण कुमार सहित अन्य आरटीआई कार्यकर्ता उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि आने वाले दिनों में जिले के विभिन्न विभागों में आरटीआई के जरिए सूचनाएं मांगकर भ्रष्टाचार को जनता के सामने लाया जाएगा।

## रांची-चंदवा एनएच पर पलटा संदिग्ध ट्रेलर, महंगी अंग्रेजी शराब की खेप बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, झारखंडः-** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-डाल्टनगंज राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार की अहले सुबह एक सनसनीखेज मामला सामने आया, जब देवनद पुल के समीप तेज रफ्तार में जा रहा एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना ने अवैध शराब तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रेलर डाल्टनगंज से रांची की ओर जा रही थी। हादसे के बाद जैसे ही वाहन का डाला खुला और उसमें लदा सामान सड़क किनारे बिखरा, वैसे ही ट्रेलर के अंदर छुपाकर रखी गई महंगी अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप सामने आ गई। शराब की बोतलें कार्टनों में पैक थीं, जिनके ऊपर व्हाइट सीमेंट की बोरियां रखी गई थीं और पूरे ट्रेलर को तिरपाल से इस तरह ढका गया था कि बाहर से देखने पर यह सामान्य निर्माण सामग्री प्रतीत हो।

जिस तरीके से शराब को छुपाया गया था, उससे यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि यह खेप सुनियोजित तरीके से अवैध व्यापार के लिए, एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाई जा रही थी। दुर्घटना के तुरंत बाद ट्रेलर का चालक और उपचालक मौके से फरार हो गए, जिससे मामला और भी संदिग्ध हो गया।

घटना की खबर फैलते ही आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ असामाजिक तत्व और नशेड़ी मौके पर पहुंचे और सड़क पर बिखरे शराब के कार्टन उठाकर भागते नजर आए। इससे स्थिति और भी बिगड़ गई। सूचना मिलते ही चंदवा थाना की पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने घटनास्थल से बरामद शराब के कार्टन और बोतलों को जब्त कर छोटे वाहनों के माध्यम से थाना भिजवाना शुरू किया। फिलहाल शराब की कुल मात्रा और उसकी वैधता को लेकर जांच जारी है।

सूत्रों का कहना है कि पुलिस को पहले से ही इस ट्रेलर में अवैध शराब लदे होने की सूचना मिली थी और पुलिस द्वारा उसका पीछा किया जा रहा था। भागने के प्रयास में ही ट्रेलर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे पूरा मामला उजागर हो गया। फिलहाल पुलिस ट्रेलर मालिक, फरार चालक, शराब की खेप के स्रोत और गंतव्य की गहन जांच में जुटी है। साथ ही दुर्घटना के बाद शराब लेकर फरार हुए लोगों की पहचान भी की जा रही है।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर इस तरह अवैध शराब की तस्करी प्रशासनिक निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े करती है। यह घटना पुलिस और आबकारी विभाग के लिए सतर्कता का संकेत है कि ऐसे अवैध धंधों पर और सख्ती से कार्रवाई की जाए।

## वोट चोर, गद्दी छोड़ महारैली में झारखंड कांग्रेस की ऐतिहासिक भागीदारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची, झारखंडः-** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में झारखंड कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ताओं ने राजधानी रांची में आयोजित 'वोट चोर, गद्दी छोड़' महारैली में भाग लिया। रैली के माध्यम से कांग्रेस ने लोकतंत्र की रक्षा और जनादेश के सम्मान की पुरजोर मांग की। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ शांतिपूर्ण एवं संगठित विरोध प्रदर्शन किया। महारैली के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर 'वोट चोर, गद्दी छोड़', 'लोकतंत्र की हत्यारी सरकार वापस जाओ', 'पहले लड़े थे गोरों से, अब लड़ेंगे चोरों से' और 'बोल रे साथी, हल्ला बोल' जैसे नारों के जरिए अपना विरोध दर्ज कराते नजर आए। नारों और तख्तियों के माध्यम से लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखने तथा जनमत के सम्मान की मांग की गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र, संविधान और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि जनादेश की अनदेखी कर सत्ता का दुरुपयोग किया जा रहा है, जिसे कांग्रेस किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगी।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने कहा कि लोकतंत्र की आत्मा जनता के वोट में निहित है। जब वोट के साथ खिलवाड़ होता है तो देश की बुनियाद कमजोर होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी जनादेश की चोरी और संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग के खिलाफ मजबूती से खड़ी है और यह संघर्ष सत्ता के लिए नहीं, बल्कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए है। महारैली में झारखंड से आए कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी ने यह संदेश दिया कि पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक व्यवस्था की रक्षा के लिए एकजुट है और जनता की आवाज को सड़क से संसद तक मजबूती से उठाती रहेगी। इस अवसर पर डॉ. रामेश्वर उरांव, दीपिका पाण्डेय सिंह, फुरकान अंसारी, डॉ. इरफान अंसारी, शिल्पी नेहा तिर्की, राधाकृष्ण किशोर, राजेश कच्छप, राजेश ठाकुर, आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. तौशिफ, अभिलाष साहू, अजय दूबे, शशिभूषण राय, सुरेन्द्र सिंह, अमरेन्द्र सिंह, विनय सिन्हा दीपू, सतीश केडिया, अजय सिंह, निरंजन शर्मा, पप्पू पासवान, शमशेर आलम और विजय खां सहित कई नेता व कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार के प्रयास से असहाय कुंती देवी को मिला प्रशासनिक सहयोग

● राशन कार्ड, पेंशन स्वीकृत होने से आयुष्मान कार्ड के जरिए संभव होगा नेत्र उपचार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड अंतर्गत जराहिया निवासी असहाय महिला कुंती देवी पति तुलसी भुइयाँ को सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार के सहयोग से सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सका। दोनों आंखों से दृष्टिहीन होने के बावजूद कुंती देवी पेंशन और राशन जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित थीं। राशन कार्ड में नाम दर्ज नहीं होने के कारण आयुष्मान कार्ड भी नहीं बन पा रहा था, जिससे इलाज में भारी परेशानी हो रही थी। कहीं से सहायता नहीं मिलने पर इसकी जानकारी सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार को दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने तत्परता दिखाते हुए, जिला उपायुक्त एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को पूरे प्रकरण से अवगत कराया। जिला उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा कुंती देवी एवं उनके परिवार का नाम राशन कार्ड में जोड़ा गया तथा पेंशन भी स्वीकृत कर दी गई।

अब आयुष्मान कार्ड बनने का रास्ता साफ होने से कुंती देवी के नेत्र उपचार की संभावना बन गई है। साथ ही पेंशन और राशन मिलने से उनके जीवन-यापन में भी सहूलियत होगी। सहायता मिलने के बाद कुंती देवी ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार लगातार असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की मदद करते रहे हैं। उनके इस सराहनीय प्रयास की मौके पर मौजूद बसरिया पंचायत की मुखिया नीलम देवी, करियातपुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार, पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप सहित सामाजिक कार्यकर्ता पुरन राम, नागेश्वर रजक, नरेश यादव, राम कुमार दास, मो. वसीम, मंटू पंडित समेत अन्य लोगों ने प्रशंसा की।

## बलिया में 22 दिसंबर को लगेगा 'श्री अन्न' का महाकुंभः ऑफिसर्स क्लब में होगा मिलेट्स मेला व जागरूकता कार्यक्रम, पंजीकरण जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया।** मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में मिलेट्स (श्री अन्न) के उत्पादन, उपभोग और पोषण महत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 22 दिसंबर को पूर्वाह्न 10 बजे से ऑफिसर्स क्लब, बलिया में आयोजित होगा। मेले में जनपद के विभिन्न होटल, रेस्टोरेंट, कैफे, बेकरी, उद्यान विभाग, खाद्य प्रसंस्करण विभाग, एफपीओ, स्वयं सहायता समूह और कृषि सखी भाग लेंगे। प्रतिभागी अपने-अपने स्टॉल लगाकर मिलेट्स से बने स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजनों का प्रदर्शन करेंगे, जिससे आमजन को श्री अन्न के स्वास्थ्य लाभों की जानकारी मिल सके।

कार्यक्रम के दौरान मिलेट्स रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें मिलेट्स आधारित उत्पाद तैयार करने वाले शेफ, उद्यमी और मिलेट्स के गुणों की जानकारी रखने वाले प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक होटल, रेस्टोरेंट, कैफे, बेकरी, फूड जॉइंट, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, एफपीओ, स्वयं सहायता समूह, कृषि सखी एवं सामान्य नागरिक 21 दिसंबर तक निःशुल्क पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण उप कृषि निदेशक कार्यालय में किया जा सकता है। यह मेला न केवल किसानों और उद्यमियों के लिए अवसर प्रदान करेगा, बल्कि आमजन को भी स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करने वाला महत्वपूर्ण मंच साबित होगा।

## हजारीबाग यूथ विंग ने शीतकालीन राहत अभियान का किया शुभारंभ, बड़ा बाजार चौक पर 100 कंबलों का किया वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से हजारीबाग यूथ विंग द्वारा शीतकालीन राहत अभियान का शुभारंभ रविवार को वार्ड संख्या 17 स्थित बड़ा बाजार चौक से किया गया। अभियान की विधिवत शुरुआत 100 कंबलों के वितरण के साथ की गई, जहां बड़ी संख्या में रिक्शा चालक, बिरहोर एवं कई जरूरतमंद लोग उपस्थित रहे और संस्था की इस पहल की सराहना की। शहर में सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने वाली हजारीबाग यूथ विंग द्वारा संचालित यह अभियान आगामी सप्ताहों में नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों तक विस्तारित किया जाएगा। यह शीतकालीन राहत अभियान फरवरी माह तक निरंतर रूप से चलाया जाएगा, ताकि ठंड से प्रभावित अधिक से अधिक जरूरतमंदों को सहायता मिल सके।कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन एवं अध्यक्ष करण जायसवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसके पश्चात संस्था के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने सेवा भाव के साथ जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान मानवीय संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी का भाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला। ज्ञात हो कि वर्ष 2024 में 1200 कंबल का वितरण किया गया था इसी लक्ष्य के साथ वर्ष 2025 में उससे अधिक वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने अपने संबोधन में कहा कि शीतकाल में गरीब एवं असहाय वर्ग को ठंड से बचाना हम सभी का सामाजिक दायित्व है। हजारीबाग यूथ विंग इस दायित्व को निभाते हुए निरंतर जनसेवा के कार्य कर रही है। यह अभियान केवल कंबल वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि मानवता और सेवा की भावना को मजबूत करने का प्रयास है। वहीं संस्था के अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग यूथ विंग का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है। शीतकालीन राहत अभियान के माध्यम से हम शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरतमंदों को ठंड से राहत देने का प्रयास कर रहे हैं। यह अभियान फरवरी माह तक नियमित रूप से चलता रहेगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। हजारीबाग यूथ विंग ने समाजसेवी संगठनों एवं आम नागरिकों से आग्रह किया है कि आपके आसपास कोई भी जरूरतमंद होतो इसकी सूचना हजारीबाग यूथ विंग तक अवश्य पहुंचाएं ताकि हमारी टीम उन्हें कंबल उपलब्ध करवा सके। मौके पर संस्था के अभिभावक स्वरूप सुरेंद्र खंडेलवाल, संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, अध्यक्ष करण जायसवाल, सचिव रितेश खण्डेलवाल, सह सचिव अभिषेक पांडे, कोषाध्यक्ष गुंजन मद्धेशिया, संस्था के मार्गदर्शक जय प्रकाश खण्डेलवाल, संजय कुमार,विकास केशरी, डॉक्टर बी वेंकटेश, कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद ताजुद्दीन, प्रमोद खण्डेलवाल, विवेक तिवारी, सनी देव, सत्यनारायण सिंह, प्रज्ञा कुमारी, प्रवेक जैन, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, कैनरा बैंक के मैनेजर विकास झा, विनय पांडे सहित कई लोग मौजूद रहे।

## ब्राउन शुगर व मादक पदार्थों के खिलाफ नशामुक्ति अभियान का उलगुलान, बरही में सैकड़ों लोगों ने किया पैदल मार्च

● अनुमंडलीय अस्पताल से शुरू हुआ जनजागरण मार्च, पुलिस-प्रशासन, जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता रहे शामिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** ब्राउन शुगर एवं अन्य मादक पदार्थों की बिक्री व सेवन के खिलाफ बरही में नशामुक्ति अभियान का व्यापक उलगुलान किया गया। अभियान की शुरुआत अनुमंडलीय अस्पताल परिसर से हुई, जो बरही के चारों मार्गों का भ्रमण करते हुए बरही चौक पर संपन्न हुआ। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, महिलाएं एवं युवा शामिल हुए और नशा उन्मूलन का संदेश दिया। अभियान में बतौर मुख्य अतिथि बरही डीएसपी अजीत कुमार बिमल उपस्थित रहे। उनके साथ पुनि सह थाना प्रभारी विनोद कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार समेत बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव एवं युवा सामाजिक कार्यकर्ता मनोहर यादव ने संयुक्त रूप से किया। बरही डीएसपी अजीत कुमार बिमल ने कहा कि बरही चौक से शुरू की गई यह मुहिम गांव-गांव तक पहुंचाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मादक पदार्थों की बिक्री करने वालों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की कि वे नशा करने वालों और नशा बेचने वालों की सूची तैयार करें। नशा सेवन करने वालों को नशामुक्ति केंद्र भेजा जाएगा, जबकि कारोबारियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी पूंजी हैं, लेकिन नशे की लत के कारण मानव संपदा नष्ट हो रही है। यदि समाज समय रहते नहीं जागा तो हर घर में इसके दुष्परिणाम दिखेंगे। पु.नि. सह थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि नशे के खिलाफ उलगुलान है। इसी टीम के साथ पंचायत स्तर पर भी अभियान और कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं से अपील किया कि वह पुलिस का सहयोग करें, गांव गांव तक संदेश पहुंचाने का काम करें कि बरही पुलिस इसकी बिक्री करने वालो पर हर हाल में कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थ के कारण युवा वर्ग आपराधिक घटनाओं में शामिल हो रहे है। इसके सेवन से सिर्फ युवा नही बल्कि पूरा परिवार प्रभावित हो रहा है। सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार ने कहा कि नशा समाज के लिए गंभीर खतरा है और इसके खिलाफ प्रशासन व समाज को मिलकर लड़ना होगा। जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव एवं विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रशासन की पहल की सराहना की और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कहा कि इस अभियान में उनका पूरा समर्थन है, हर हाल में इसकी बिक्री करने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए। अभियान के अंत में सभी पंचायतों के मुखियाओं ने संकल्प लिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में नशामुक्ति अभियान को निरंतर चलाएंगे। साथ ही नशा करने वालों को चिन्हित कर पुलिस प्रशासन को जानकारी देंगे, ताकि उन्हें नशामुक्ति केंद्र भेजा जा सके और समाज को इस बुराई से मुक्त किया जा सके। साथ ही इसकी बिक्री करने वालों की सूची सौंपी जाएगी ताकि उनपर विधि सम्मत कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को बरही डीएसपी अजित कुमार बिमल ने नशामुक्ति का संकल्प दिलाया और अभियान को आगे भी जारी रखने की घोषणा की गई। मौके पर जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जीप सदस्या प्रीति कुमारी, जेएलकेएम नेता कृष्णा यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, बेन्दगी मुखिया सिकंदर राणा, पंचमाधव मुखिया प्रतिनिधि हेरेंद्र गोप, केदारुत मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, कोनरा मुखिया प्रतिनिधि मो ताजुद्दीन, खोड़हर मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, रानीचुंवा मुखिया प्रतिनिधि रामचन्द्र टुड्डू, दुलमाहा मुखिया नारायण यादव, डपोक मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, कोल्हुआकला मुखिया मंगलदेव यादव, बरही पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, पश्चिमी मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम, करसो मुखिया प्रतिनिधि मुकेश राम, पुलिस अवर निरीक्षक दीपक कुमार, राजवल्लभ कुमार, कपूरदीपक नाग, सौरभ कुमार, पूर्व मुखिया मो बेलाल, पप्पू चंद्रवंशी, पूरण राम, पंसस जीतू ठाकुर, मो यूसुफ, मो तैयब, प्रतिनिधि मो साबिर, विकास यादव, आकाश जयसवाल, मनोहर यादव, मुन्ना यादव, नागेश्वर रजक, मो तौकीर रजा, मुकेश कुमार, शरीफुल हक, गुड्डू जायसवाल, सिकंदर कुमार, रिजवान अली, दामोदर वर्मा, प्रकाश साव, मो इमरान, बिनोद यादव, मो इमरान, सोनू समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### एक्सपोज़र विजिट में बच्चों ने देखा सारनाथ का ऐतिहासिक वैभव

**भदोही।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जनपद स्तरीय एक्सपोज़र विजिट कार्यक्रम के तहत रविवार को भदोही ब्लॉक एवं नगर क्षेत्र से चयनित लगभग सौ बच्चे एआरपी, अध्यापकों एवं खंड शिक्षा अधिकारी के साथ वाराणसी स्थित सारनाथ भ्रमण के लिए रवाना हुए। एक्सपोज़र विजिट के दौरान बच्चों को सारनाथ म्यूजियम, चिड़ियाघर एवं ऐतिहासिक स्तूप का भ्रमण कराया गया, जहां संबंधित स्थलों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक महत्व की जानकारी दी गई। बच्चों के लिए ट्रूट किट की भी समुचित व्यवस्था की गई थी, जिसमें लंच पैकेट, पेयजल, स्नैक्स, बिस्किट, नोटपैड एवं पेन शामिल रहे। भ्रमण उपरांत खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी बच्चों को टी-शर्ट उपहार स्वरूप प्रदान की गई। बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ पर्यटक स्थलों का निरीक्षण किया और शैक्षिक भ्रमण का भरपूर आनंद उठाया। प्रेम यादव सहित अन्य शिक्षक एवं अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सैलून के बाहर खड़े युवक पर हमला

**ललितपुर।** महरौनी के सैदपुर में रहने वाले अभिषेक सेन पुत्र सुखदयाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 11 दिसम्बर को अपराह्न 2.30 बजे अपनी सैलून की दुकान के बाहर खड़ा था, तभी गांव के सौरभ सिंह पुत्र सोबरन सिंह आया और उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी। जब शिकायत करने पुलिस चौकी गया तो उक्त लोगों ने फिर मारपीट करते हुये उसे घायल कर दिया। आरोप है कि वह राशन लेने गया हुआ था, तब गालियां देते हुये कोटेदार धूमन सिंह पुत्र तरन सिंह, मनीराम साहू पुत्र खरोटे लाल ने गालियां देने से मना किया तो उक्त लोगों के साथ भी गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) व 324 (4) मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### हिमांचल में जॉब करने वाले व्यक्ति ने बताया जानमाल का खतरा

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी अंतर्गत ग्राम सैदपुर में रहने वाले जयप्रकाश रिछारिया पुत्र ओमप्रकाश रिछारिया ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह हिमांचल प्रदेश में प्राईवेट जॉब करता है। बताया कि 12 दिसम्बर को वह अपने छोटे भाई वेदप्रकाश के पास मोहल्ला पिसनारी में रूका था। जहां शाम करीब 7 से 8 बजे के बीच तहसील के सामने महरौनी निवासी सुशील तिवारी पुत्र बाबूलाल, नीलेश व मोहित पुत्रगण सुशील तिवारी, मीना पत्नी सुशील आये और उससे विवाद करने लगे, कि उसकी पुत्री अपनी पत्नी को तालबेहट रिश्तेदारी में क्यों छोड़ दिया। जब उसने कहा कि वह स्वयं जिद करके तालबेहट गयी है एवं वह उसके साथ रहना नहीं चाहती है। पीड़ित ने जानमाल का खतरा बताते हुये कहा कि वह धमकियां देती है कि सोनाली काण्ड इन्दौर की लड़की व अन्य कई काण्ड जैसा तुम्हारा हाल कर दूंगी। उनकी तो लाशें मिल गयीं, लेकिन तेरी लाश नहीं मिलेगी। आरोप है कि उक्त लोगों ने आवेश में आकर उसके साथ मारपीट कर दी और रोटी बनाने वाले तबे से मार दिया, जिससे वह घायल हो गया। चिल्लाने पर मोहल्ले के लोगों ने आकर उसे बचाया। आरोप है कि उक्त लोग उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सम्पर्क क्रान्ति एक्सप्रेस से मोबाइल फोन चोरी

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के कोलार रोड न्यू टाउन शिप के दानिश हिल्स निवासी प्रत्युस कैथवास पुत्र प्रकाश कैथवास ने जीआरपी पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। जीआरपी पुलिस को बताया कि 12 दिसम्बर को वह ट्रेन नं. 12754 मराठवाड़ा संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के कोच नं. ए-1 की बर्थ नं. 33 पर हजरत निजामुद्दीन से भोपाल की यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान वह अपने मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट में लगाकर मोबाइल को सिर के नीचे रखकर सो गया था। जब उसकी नींद खुली तो देखा कि उसका मोबाइल फोन गायब था। रेलवे स्टेशन ललितपुर आ रहा था, उसने मोबाइल फोन काफी खोजा लेकिन वह नहीं मिला। बताया कि उसका फोन 50 हजार रुपये कीमत का था। जीआरपी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मोबाइल हैक कर खाते से निकाले हजारों रुपये

**ललितपुर।** थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम पिपरिया वंशा निवासी प्रभा पत्नी शिबू सेन ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि संजय पुत्र काशीराम ने उसका मोबाइल हैक करके उसके खाते से साइबर फ्रॉड के जरिए 14 अगस्त को 5 हजार रुपये, 16 अगस्त को 34 हजार रुपये निकाल लिये। जब पीड़िता ने बैंक में शिकायत की। इसके बाद उसने साइबर क्राइम थाने में शिकायत की, जहां उसे जानकारी दी गयी। आरोप है कि साइबर क्राइम थाना पुलिस ने कार्यवाही नहीं की। अब महिला की तहरीर पर जाखलौन पुलिस ने उक्त व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) व आई.टी. एक्ट की धारा 66 सी व 66 डी के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बंटवारे को लेकर फावड़ा मारा

**ललितपुर।** सैदपुर निवासी राजेन्द्र पुत्र सिवराज बुनकर ने पुलिस को अवगत कराया कि गत दिवस पड़ोसी रवि, रिक्की पुत्रगण चिन्ने चढ़ार, अजब रानी पत्नी चिन्ने ने उसकी पत्नी को घर के बंटवारे को लेकर फावड़े से प्रहार कर दिया, जिससे वह घायल हो गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# अतिक्रमण के खिलाफ आवाज उठाने पर महिला पत्रकार को जान का खतरा

**●पड़ोसियों ने बच्चों को घर में बनाया बंधक, सीसीटीवी कैमरे के तार काटे**

**धरना प्रदर्शन करने के दौरान घर पर पथराव करने का भी आरोप**

**पुलिस ने महिला पत्रकार की तहरीर पर 25 नामजद के खिलाफ दर्ज की एफआईआर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** अतिक्रमण के खिलाफ आवाज उठाने वाली महिला पत्रकार के घर पथराव करने, गालियां देने और जान से मारने की धमकी देने के प्रकरण में पुलिस ने महिला-पुरुषों समेत दो दर्जन से अधिक के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। मोहल्ला आजादपुरा बीडी कारखाने के पास रहने वाली संजना सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने वर्ष 2024 के अगस्त माह में विधि सम्मत होकर मुस्लिम धर्म से हिन्दू धर्म में संपरिवर्तन किया है। आरोप है कि मोहल्ले में रहने वाले समाजवादी पार्टी के दबंग नेता नीलू कुशवाहा व उसके परिजनों द्वारा शहर क्षेत्र में नियम विरूद्ध दूध डेयरी का व्यवसाय संचालन विगत कई वर्षों से किया जा रहा है। जबरन मोहल्ले में पालतू गाय-भैंस बांधकर आम रास्ते को रोक दिया जाता है, जिससे नागरिकों को आवागमन में परेशानियां हो जाती हैं।

यह भी आरोप है कि नीलू कुशवाहा, उसका परिवार, शिवानी ताम्रकार ने कई लोगों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से एकराय होकर संगठित गिरोह को तैयार कर इनको समर्थन देने वाले मुकेश पुत्र फुल्ला उर्फ फूलचंद्र, सोनू पुत्र आशाराम, रमेश, रूपा पत्नी स्व.संतोष, नेहा रैकवार पुत्री स्व.संतोष, जयंती उर्फ रन्जू रैकवार, द्रोपती पत्नी स्व.राजेश रैकवार, राधा पत्नी मुकेश, रजनी पत्नी भगवानदास, पूजा पत्नी रमेश, मुकेश, नेहा पुत्री संतोष, तनु जैन किराने वाली, रज्जू रैकवार पुत्र खेमचंद्र, सुनीता, सीमा, रामकुंवर आदि रास्ते को अवरोध करते हैं। शिकायत उसने नगर पालिका से की थी। शिकायत पर ईओ नगर पालिका के आदेश पर 3 मई 2025 को अतिक्रमण हटाओ कमेटी का गठन करते हुये अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए 9 मई 2025 को सुबह 11 बजे तय था। किन्तु तत्समय कार्यवाही नहीं हुयी। 17 नवम्बर को ईओ ने फिर से चिह्नित कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। इसी क्रम में 11 दिसम्बर को अपराह्न 2 बजे अतिक्रमण के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। इस कार्यवाही से उक्त लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से एकराय होकर उसकी नाबालिग पुत्रियों व पुत्र शिवा को घर के बाहर से कुंडी लगाकर ध्वस्तीकरण से निकला मलवा सड़क पर फैला दिया, जिससे मार्ग अवरूद्ध हो गया। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे के तार काट दिये, जिसकी सूचना डायल 112 पर पुलिस को दी गयी। पुलिस के पहुंचने पर उक्त लोगों से पीड़िता ने अपनी जान बचायी। 12 दिसंबर को वह घंटाघर पर धरना प्रदर्शन में व्यस्त थी, तब पड़ोसियों ने उस पर पथराव किया और उक्त लोगों ने उसके निजी ऑफिस व घर पर कब्जा करने का प्रयास किया। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। महिला पत्रकार ने जानमाल का खतरा बताते हुये कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 125, 324 (2), 333, 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# साइबर अपराध करने वाले आधा दर्जन अभियुक्त दबोचे

**●घर बैठे रुपये कमाने का प्रलोभन देकर खुलवाते थे बैंक खाते**

**कमीशन लेकर खातों का दुरुपयोग कर हवाला का रुपया निकालते थे**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** साइबर अपराध को नई परिभाषा देते हुये घर बैठे रुपये कमाने का प्रलोभन देकर बैंक खाते खुलवाते हुये विभिन्न कंपनियों का रुपया कमीशन लेकर ट्रांस्फर कर अवैध ट्रेडिंग करने वाले आधा दर्जन महाठगों को साइबर थाना पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस विभाग से जारी प्रपत्र के अनुसार बताया गया है कि एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन में एएसपी कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी साइबर सुनील कुमार के निकट पर्यवेक्षण में साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा मु.अ.सं. 43/2025 धारा 318(4) बीएनएस व 66डी आईटी एक्ट में आजादपुरा द्वितीय निवासी विशाल विश्वकर्मा पुत्र नंदलाल, मड़ावरा के ग्राम बहादुरपुर निवासी आर्यन पटेल पुत्र संतोष, नाराहट के ग्राम सरखड़ी निवासी कृष्णा पटेल पुत्र पारथ सिंह, नाराहट के ही ग्राम टेनगा निवासी अभिषेक कुमार पुत्र सुखपाल सिंह, मोहल्ला रामनगर निवासी रोनित श्रीवास पुत्र राकेश कुमार, थाना सौजना के ग्राम गौना निवासी केशव सेन पुत्र बितन लाल को हिरासत में लिया है। पुलिस को पूछताछ में साइबर ठगों ने बताया कि वह भोले भाले लोगों को कंपनियों का पैसा ट्रांसफर करने के उद्देश्य से कमीशन के रूप में लाभ प्रदान कराने का झांसा देकर, उनका बैंक खाता खुलवाते थे। प्राप्त बैंक खाता का उपयोग कर साइबर अपराध व ऑनलाइन अवैधानिक ट्रेडिंग में करते थे। इन बैंकिंग खाता का प्रयोग तब तक साइबर अपराधियों द्वारा किया जाता था, जब तक कि बैंक खाता फ्रीज या एनसीसीआरपी पोर्टल पर रिपोर्ट होकर बंद नहीं हो जाता था। बदमाशों को पकडने वाली पुलिस टीम में साइबर क्राइम प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ शामिल रहे।

# श्री राधे वैलनेस एंड न्यूट्रिशन सेंटर का भव्य शुभारंभ, स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में नई पहल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** ललितपुर नगर के सदनशाह रोड स्थित लाल पैथालॉजी के ऊपर नवनिर्मित 'श्री राधे वैलनेस एंड न्यूट्रिशन सेंटर' का शुभारंभ रविवार को हर्षोल्लास एवं विधिवत पूजन के साथ सम्पन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में नगर के गणमान्य नागरिकों एवं समाजसेवियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सेंटर का उद्घाटन पं. राजीव बबेले (सप्पू भैय्या) अध्यक्ष - प्रेस क्लब ललितपुर, पं. ओमप्रकाश बिरथरे सेवानिवृत्त प्राचार्य डायट, पं. रामविलास कटारे अध्यक्ष - ब्राह्मण महा मंडल महरौनी, पं. राजेश दुबे (एडवोकेट) जिलाध्यक्ष - युवा ब्राह्मण महा मंडल ललितपुर द्वारा किया गया। वहीं पं. माधव चौबे (कन्हा भैय्या) विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा प्रथम पूज्य भगवान गणेश के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर सामूहिक रूप से फीता काटकर किया गया। इसके उपरांत अतिथियों ने नव उद्घाटित सेंटर के उद्देश्य एवं आमजन के लिए इसके लाभों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सेंटर प्रमुख भावना अरविंद नायक ने बताया कि आज की तेज़ रफ्तार जीवनशैली में लोग समय के अभाव के कारण अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाते। ऐसे में श्री राधे वैलनेस एंड न्यूट्रिशन सेंटर लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए समर्पित है। यहां विशेष वैलनेस एवं न्यूट्रिशन प्रोग्राम के माध्यम से न केवल फिटनेस को बढ़ावा दिया जाएगा, बल्कि विभिन्न रोगों से निजात पाने में भी सहायता मिलेगी। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने सेंटर की इस पहल की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम का संचालन मोनी शुक्ला ने किया, जबकि अंत में अरविंद नायक ने समस्त आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आनंद पुरोहित, प्रेमनारायण नायक, देवेंद्र तिवारी, शैलेन्द्र नायक (पत्रकार), पंकज पाठक, सुरेश साहू, राजेश तिवारी (आईएएस), छोटू भाई,नितिन सोनी, राजीव,विनय रजक,विनीत तिवारी, हेमंत तिलवारि, वर्षा दिव्य किशोर, विनीता अभिषेक पुरोहित, संध्या विश्वजीत परमार, प्रसून सर , राजेश लिटोरिया, संतोष कुमार, गिरिराज यादव, आशु पुरोहित, आकृति दुबे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# स्व.कोमल चंद जैन की पुण्य स्मृति में निशुल्क नेत्र शिविर व चश्मा वितरण

**●डा.जितेंद्र जैन ने राष्ट्रीय सनातन सांस्कृतिक संघ विचारधारा से प्रेरित होकर 5 हजार लोगों को जोड़ने का लिया संकल्प**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** कस्बा बांसी में स्व.सेठ कोमलचंद्र जैन की पुण्य स्मृति सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुण्ड चित्रकूट द्वारा निःशुल्क नेत्र शिविर एवं निःशुल्क चश्मा वितरण का आयोजन क्लीनिक में रोड बांसी पर किया गया। डा.नागेंद्र त्रिपाठी, डा.शीलू, डा.विमला, डा.रामाधार सिंह बघेल, जयप्रताप द्वारा शिविर में मरीजों की जांच की गयी। इस शिविर में मोतियाबिंद के मरीज को चिन्हित किये तो वहीं मरीजों को निःशुल्क चश्मा वितरण किये गए, जिसमें आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध रही। इस दौरान सनातन सांस्कृतिक संघ की ओर से मुख्य अतिथि राष्ट्रीय पदाधिकारी अक्षित पांचाल, मनोज जैन राष्ट्रीय कार्यकारी अधिकारी, डा.बी.आर.विश्वकर्मा, राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य डा.सुशील विश्वकर्मा, अमित पाठक, जे.के.श्रीवास्तव प्रधानाचार्य, कुं.हरिसिंह बुंदेला जिला उपाध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष कृपाल सिंह लोधी, मण्डल महामंत्री प्रमोद नायक, मण्डल महामंत्री उमेश शर्मा, शैलेन्द्र चौबे, विक्रम सिंह बुंदेला, देवेंद्र गंगेले, राघवेंद्र यादव, हुकुम जैन, अरविंद जैन, डा.श्रीपत सहाय, बरेलाल रैकवार, अनिल चौबे, मोनू विस्वकर्मा, अभि शर्मा, छोटू राम, शिल्पी मिश्रा, अनुराग कुशवाहा आदि मौजूद रहे। संचालन आयोजक डा.जितेन्द्र जैन ने व आभार डा.प्रेक्षा जैन ने जताया।

# पल्स पोलियो अभियान का हुआ शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिला अस्पताल के प्रसवोत्तर केंद्र में रविवार को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। सीएमओ के समक्ष अनीता पाल नाम की महिला ने अभियान का फीता काटकर शुभारंभ किया। सीएमओ ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान का बूथ दिवस मनाया जा रहा है। 15 से 19 दिसंबर तक टीम द्वारा घर-घर भ्रमण कर 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। बी टीम एक्टिविटी 22 दिसंबर 2025 को संपादित की जाएगी। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि पड़ोसी देशों में अभी भी पोलियो का संक्रमण बना हुआ है। दोबारा संक्रमण का खतरा न हो इसलिए चिन्हित जनपदों में पल्स पोलियो का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने समस्त जनमानस से अपने 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने हेतु अपील की। इस दौरान सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, प्रतिरक्षण अधिकारी डा.शिवप्रकाश, पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना, परामर्शी चिकित्सक डा.हुसैन खान, चिकित्सा अधिकारी डा.राजेश भारती, एसएमओ डब्लूएचओ डा.सुमित बघेल, डीएमसी यूनिसेफ सबा परवीन ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय ललितपुर एवं प्रसवोत्तर केंद्र जिला चिकित्सालय ललितपुर के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महरौनी में वार्षिकोत्सव

**●कैरियर गाइडेंस एवं विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**महरौनी।** पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महरौनी में शनिवार को वार्षिक उत्सव, कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम एवं विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, प्रशासन एवं समाज के विशिष्ट जनों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक ओ.पी. सिंह रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीलम दुष्यंत बड़ोनिया, कोतवाली प्रभारी राजा दिनेश सिंह, आध्यात्मिक गुरु अनिल पूरी गोस्वामी तथा अधिशासी अभियंता (पीडब्ल्यूडी) उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत छात्राओं ने वर्तमान सामाजिक विषयों पर आधारित एकांकी नाटक, प्रेरक गीत एवं राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कविताओं की प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय की समस्त छात्राएं, प्रवक्ता सुषमा मौर्य, रेणु गौतम, बाबू सिंह सहित समस्त शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के लिपिक श्री धर्मेंद्र तिवारी ने किया, जबकि अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती शीलम गुप्ता ने समस्त आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया।

### मिशन शक्ति फेज 5 के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**महिला सशक्तिकरण और साइबर अपराध सुरक्षा पर भी दी जानकारी**

**जाखलौन।** जनपद के थाना जाखलौन में मिशन शक्ति फेज 5 कार्यक्रम के तहत क्षेत्र में बहु बहु सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना जाखलौन मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र पुलिस टीम द्वारा महिलाओं को महिला सशक्तिकरण के संबंध में जागरूक कर विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नं. महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एम्बुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, के संबंध में अवगत कराया गया और अगर किसी व्यक्ति के साथ साइबर फ्रॉड हो जाए तो उसे कैसे निपटना है। इन सब के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। थाना जाखलौन की मिशन शक्ति टीम में उ0नि0 विनय कुमार, मु0आ0 सर्वेश कुमार, मु0आ0 अजीत सिंह, म0आ0 पूजा आदि मौजूद रहे।

# शिक्षा, चिकित्सा और समाजसेवा के क्षेत्र में योगदान

**●डा.कोमल चंद सराफ को अंतरराष्ट्रीय मार्किवस लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के जिला ललितपुर के प्रतिष्ठित सर्राफ परिवार में जन्मे डा.कोमल चंद सराफ (हाल निवासी अमेरिका) ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जनपद और देश का नाम रोशन करते हुए वर्ष 2025 का प्रतिष्ठित अल्बर्ट नेल्सन मार्किवस लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्राप्त किया है। यह सम्मान अमेरिका स्थित मार्किवस हूज हू पब्लिकेशंस बोर्ड द्वारा उन विशिष्ट व्यक्तित्वों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में दीर्घकाल तक उत्कृष्टता, प्रतिबद्धता और समाज पर सकारात्मक प्रभाव स्थापित किया हो। उल्लेखनीय है कि यह प्रतिष्ठित पुरस्कार किसी आवेदन अथवा सिफारिश के आधार पर नहीं, बल्कि एक सुव्यवस्थित एवं दीर्घकालिक मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत प्रदान किया जाता है। मार्किवस संस्था वर्षों तक चयनित व्यक्तियों के शैक्षणिक, शोध, पेशेवर उपलब्धियों के साथ-साथ उनके सामाजिक एवं मानवीय योगदान का भी गंभीरता से आकलन करती है। डा.कोमलचंद सराफ के पीएचडी प्राप्त करने के बाद से उनके अकादमिक कार्य, शोध, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक प्रभाव को निरंतर परखा गया, जिसके उपरांत बोर्ड द्वारा उन्हें इस सम्मान के लिए चयनित किया गया। यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष मानी जा रही है क्योंकि डॉ. कोमल चंद सराफ शिक्षा एवं शोध के साथ-साथ अनेक चैरिटेबल (परोपकारी) परियोजनाओं से सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं। वे शिक्षा प्रोत्साहन, स्वास्थ्य सेवाएँ, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता, महिला एवं बाल कल्याण, निर्धन एवं जरूरतमंद वर्ग की सहायता तथा सामाजिक विकास के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर दान, सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करते रहे हैं। समाजसेवा के प्रति उनका यह समर्पण इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान का एक महत्वपूर्ण आधार रहा है। डा.कोमलचंद सराफ की प्रेरणादायी पारिवारिक पृष्ठभूमि भी उल्लेखनीय है। वे लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321-बी-2 के मंडलाध्यक्ष लायन सन्मति सराफ के आदरणीय चाचाजी हैं। वर्तमान में 85 वर्ष की आयु में भी वे सक्रिय रहते हुए अमेरिका के न्यू जर्सी राज्य की राजधानी ट्रेंटन में लगभग 50 वर्षों से एक प्रतिष्ठित मनोचिकित्सक के रूप में अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनका दीर्घ अनुभव, मानवीय दृष्टिकोण और सेवा-भाव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित रहा है। डा.कोमलचंद सराफ की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर लायंस इंटरनेशनल, सर्राफ परिवार, स्थानीय समाज तथा विभिन्न सामाजिक एवं सेवा संगठनों की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं। इस अवसर पर मंडलाध्यक्ष लायन सन्मति सराफ ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल परिवार बल्कि पूरे समाज के लिए गौरव का विषय है और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। सभी ने कामना की कि डॉ. सराफ भविष्य में भी अपने ज्ञान, अनुभव और सेवा-भाव से मानवता की निरंतर सेवा करते रहे।

# शहजाद नदी पर पैदल चलने वालों के लिए बनाई सर्विस रोड दोपहिया वाहन निकालने योग्य बनाई जाए :- बु. वि. सेना

**●आजाद चौक से ललितेश्वरी मंदिर मार्ग को आवागमन के लिए सुगम बनाया जाये :- टीटू कपूर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर ।** बु. वि. सेना द्वारा बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू के नेतृत्व में शहजाद नदी के प्रस्तावित पुल निर्माण कार्य शुरू होने पर आवागमन में हो रही व्यवहारिक कठिनाइयों को लेकर प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर सेतु निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि शहजाद नदी पर प्रस्तावित पुल निर्माण शुरू होने के बाद पैदल आवागमन के लिए बनाई गई सर्विस रोड नाकाफी है। उक्त सर्विस रोड को दोपहिया वाहन को निकालने योग्य बनाया जाना परम आवश्यक है क्योंकि पुल के उस पार एक दर्जन से अधिक विद्यालय और महाविद्यालय एवं महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल स्थित है। बच्चों की पढ़ाई तथा धार्मिक लोगों के आवागमन को सुचारू बनाने के लिए सर्विस रोड का दोपहिया वाहन निकालने योग्य बनाया जाये।

बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि इसके अलावा आजाद चौक से ललितेश्वरी मंदिर वाले मार्ग को सुगम बनाकर आवागमन के लिए उपयुक्त बनाया जाये। उक्त मार्ग पर बने पुल के गढ्ढों को ठीक किया जाये। गलियों में खड़े अनावश्यक वाहनों को सड़कों से हटाया जाये। साथ ही गलियों में फैले अतिक्रमण को हटाकर आवागमन सुगम बनाया जाये। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि उक्त जनहित की समस्याओं का तुरंत निस्तारण किया जाये अन्यथा की स्थिति में बुन्देलखण्ड विकास सेना उग्र आंदोलन छेड़ने को बाध्य हो जायेगी। प्रदर्शन के दौरान राजमल जैन बरया, राजकुमार कुशवाहा, अमर सिंह बुंदेला, कदीर खां, फूलचंद रजक, रामप्रकाश झा, भैयन कुशवाहा, संजू राजा, कामता भट्ट, टिंकू सोनी, प्रदीपसाहू, देवेन्द्र राजा, राजीव साहू, सुरेश झा, काशीराम विश्वकर्मा, जगदीश झा, सोनसिह यादव, रामसहाय राठौर, पुष्पेंद्र राठौर, देवेन्द्र, बलराम चौहान आदि मौजूद रहे।

# त्यागमूर्ति स्व. पं. ग्याप्रसाद मिश्र की 42वीं पुण्य स्मृति में भदौरा में नि:शुल्क नेत्र व स्वास्थ्य शिविर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महरौनी।** महरौनी तैसील अंतर्गत ग्राम भदौरा में ग्राम पंचायत के प्रथम प्रधान एवं मालवीय इंटर कॉलेज गुढ़ा के संस्थापक सदस्य व उपाध्यक्ष त्यागमूर्ति स्वर्गीय श्री ग्याप्रसाद मिश्र की 42वीं पुण्य स्मृति के अवसर पर विशेष नेत्रालय मड़ावरा द्वारा निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम भदौरा, गुढ़ा सहित आसपास के कई गांवों के लोगों ने आंखों व स्वास्थ्य संबंधी जांच कराई तथा निःशुल्क दवाइयां प्राप्त कीं। साथ ही गरीब व असहाय वृद्ध महिलाओं को कंबल वितरित किए गए।

शिविर आयोजक भगवान दास मिश्र ने बताया कि त्यागमूर्ति पं. ग्याप्रसाद लोक कल्याण फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष जनकल्याण के उद्देश्य से ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र शिविर आयोजित किए जाते हैं। शिविर में लगभग 90 लोगों की जांच की गई, जिसमें 22 मरीजों में मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई, जिन्हें ऑपरेशन हेतु विशेष नेत्रालय मड़ावरा भेजा गया, जहां उनका निःशुल्क ऑपरेशन, चश्मा, आवास एवं भोजन की व्यवस्था की जाएगी। यह जानकारी डॉक्टर नवदीप रावत ने दी। नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर समकित जैन ने कहा कि आंखें जीवन का महत्वपूर्ण अंग हैं, उनकी सुरक्षा सभी को करनी चाहिए। इस अवसर पर पूर्व प्रधान कुंवर धर्मपाल सिंह बुंदेला (रजऊ राजा), कुं. जाहर सिंह बुंदेला, ईश्वर दास मिश्र, पुष्पेन्द्र सिंह बुंदेला, बादशाह राजा, दया शंकर सोनी, वाहिद खान आदि का विशेष सहयोग रहा। शिविर के संयोजक दीपेन्द्र मिश्र ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा संचालन उमाकांत मिश्र ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### यज्ञशाला निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन



**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत उसका बाजार के कस्बा सुभाष नगर वार्ड में स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में रविवार को यज्ञशाला निर्माण के लिए भूमि-पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से सम्पन्न हुआ। विद्वान पंडित दिवाकर मिश्र, पुजेश पाण्डेय, अंकित शुक्ल, प्रिंस उपाध्याय ने यज्ञ शाला के लिए विधि विधान से भूमि पूजन ,हवन-पूजन किया। कार्यक्रम को लेकर सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ गई। कस्बावासियो में यज्ञशाला निर्माण को लेकर काफी उत्साह देखा गया। इस दौरान आचार्य संतोष शुक्ल, रवि जायसवाल, दिनेश मोदनवाल, हेमन्त अग्रहरी, सत्य प्रकाश वर्मा , अरविंद शर्मा आदि शामिल रहे।

### अधिक रेट पर यूरिया बेचने में दो दुकानों के लाइसेंस निरस्त, दुकानें सील




**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन द्वारा मिश्रा बिल्डिंग मैटेरियल, काज़ी रूधौली एवं शुक्ला सीमेंट खाद विक्रेता काज़ी रूधौली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा खाद के स्टॉक को देखा गया. जिलाधिकारी द्वारा वितरण रजिस्टर




को भी देखा गया।जिलाधिकारी द्वारा किसानों से फोन पर वार्ता किया गया, किसानों द्वारा ओवर रेटिंग की शिकायत किया गया. इसके अतिरिक्त किसानों का गलत मोबाइल नंबर वितरण रजिस्टर मे लिखा गया था तथा किसानों द्वारा खरीद की गई उर्वरक की संख्या अधिक दर्ज किया गया था. जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन द्वारा कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए मिश्रा बिल्डिंग मैटेरियल, काज़ी रूधौली एवं शुक्ला सीमेंट खाद विक्रेता काज़ी रूधौली का लाईसेंस निरस्त करते हुए दुकान को सील करने का निर्देश दिया गया। जिला कृषि अधिकारी मु मुज्जामिल द्वारा मौके पर उक्त दोनों दुकानों को सील करा दिया गया है।

### हिन्दी साहित्य के विद्वान प्रवक्ता का हुआ निधन, परिजनों में फैली शोक की लहर



**प्रतापगढ़।** हिन्दी साहित्य के विद्वान प्रवक्ता रहे राधेश नाथ मिश्र का 86 वर्ष की उम्र में रविवार को निधन हो गया। उनके निधन पर इष्टमित्रों समेत परिजनो में शोक व्याप्त है।राधेश नाथ मिश्र जगदीश नारायण इण्टरमीडियट कालेज ढिंगवस मे हिन्दी के प्रवक्ता थे। उन्होने कई वर्षो तक ढिंगवस इण्टरमीडियट कालेज पर सेवाएं दी।वह बहुत ही सरल और मिलनसार शिक्षक रहे। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं।उनके दो पुत्र तथा दो पुत्रियां हैं ।बडे लडके मणिनाथ मिश्र तथा उनकी पत्नी शिक्षक हैं तथा छोटे लड़के कृष्ण नाथ मिश्र बाल न्यायालय प्रतापगढ में न्यायिक बोर्ड के सदस्य हैं।राधेश नाथ मिश्र के मृत्यु की सूचना पर तमाम लोग वहां पहुंचकर दुःख प्रकट करते हुए शोक संवेदना व्यक्त किये।यह जानकारी लायंस क्लब प्रतापगढ अवध के प्रशासक, मान्यता प्राप्त पत्रकार तथा शासन के निगरानी समिति के सदस्य संतोष पाण्डेय ने दी है।

# ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कानपुर में महर्षि वाल्मीकि सुदर्शन धर्मशाला भवन का किया शिलान्यास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ/कानपुर।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कानपुर नगर के रायपुरवा क्षेत्र में निर्माणाधीन महर्षि वाल्मीकि सुदर्शन धर्मशाला भवन का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। यह भवन हरिजन सहायक समिति द्वारा निर्मित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों सहित समस्त समाज के शैक्षिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास को गति देना है। इस अवसर पर मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के सामाजिक भवन समाज में एकता, समरसता और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जैसे महान ऋषि और समाज सुधारक के नाम पर निर्मित यह भवन सामाजिक नवनिर्माण का सशक्त माध्यम बनेगा और समाज को नई दिशा प्रदान करेगा। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि भवन के पूर्ण होने के बाद यहां विवाह एवं अन्य पारिवारिक कार्यक्रमों, सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों, तथा विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग, मार्गदर्शन कक्षाएं और शैक्षिक गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इससे समाज के प्रतिभावान युवक-युवतियों को आगे बढ़ने के लिए बेहतर अवसर प्राप्त होंगे और उनका आत्मविश्वास सुदृढ़ होगा।उन्होंने कहा कि शिक्षा और संस्कार किसी भी समाज की प्रगति की नींव होते हैं। इस भवन के माध्यम से संचालित होने वाली शैक्षिक गतिविधियों से समाज के होनहार बालक-बालिकाओं का भविष्य उज्ज्वल बनेगा और वे प्रदेश व देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभा सकेंगे।

मंत्री ए.के. शर्मा ने विधान परिषद सदस्य सलिल बिश्नोई द्वारा भवन निर्माण हेतु प्रदान की गई ?25 लाख की सहयोग राशि की सराहना करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा किए गए ऐसे सहयोग समाज सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने हरिजन सहायक समिति के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज के लिए इस तरह की पहल प्रेरणादायी है। मंत्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार सर्वसमावेशी विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है और समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस तरह के सामाजिक भवन सामाजिक सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सामूहिक उत्थान की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होंगे।मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने भवन निर्माण से जुड़े सभी पदाधिकारियों, समाजसेवियों एवं कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह भवन आने वाले समय में समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होगा और सामाजिक सद्भाव को और अधिक सुदृढ़ करेगा। इस अवसर पर कानपुर नगर की मेयर प्रमिला पांडेय, महिला कल्याण एवं बाल विकास, पुष्टाहार राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला भी उपस्थित रहीं।

# निरक्षरों को साक्षर बनाएंगे दो हजार वॉलंटियर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हरीश कुमार चौधरी




**सिद्धार्थनगर।** जनपद में शिक्षा को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से बेसिक शिक्षा विभाग ने नया और प्रभावी कदम उठाया है। सिद्धार्थनगर जिले को शासन से 16 हजार 323 निरक्षर व्यस्कों चिह्नित करने का लक्ष्य मिले थे । जिसके सापेक्ष 100 प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करते हुए 16 हजार 323 निरक्षर वयस्कों को चिन्हित किया गया है, इन सभी को आगामी शैक्षिक सत्र में साक्षर बनाने की तैयारी की गई है। साक्षर बनाने के इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विशेष साक्षरता कक्षाएं संचालित की जाएंगी। जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता अमित कुमार शुक्ला के मुताबिक स्कूलों में विशेष समय निर्धारित कर चिन्हित 16323 निरक्षर व्यक्तियों को पढ़ाया जाएगा। यह कक्षाएं नियमित कक्षा संचालन के बाद अथवा स्थानीय सुविधा के अनुसार चलाई जाएंगी, ताकि दैनिक मजदूरी और घरेलू कार्य करने वाले व्यक्तियों को कोई दिक्कत न हो।

इन कक्षाओं में अक्षर ज्ञान, बुनियादी गणित, हस्ताक्षर करना, बैंकिंग लेनदेन, डिजिटल भुगतान तथा दैनिक जीवन में उपयोगी जानकारी शामिल रहेगी। इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जिले में लगभग दो हजार से अधिक वॉलंटियर शिक्षक, सामाजिक संगठन, संस्थान, शिक्षक संघ, स्वयं सहायता समूह सहित विद्यार्थी भी शामिल रहेंगे। इनकी मदद से घर-घर जाकर जरूरतमंदों को इस मुहिम से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।ब्लॉक चिन्हित निरक्षर बांसी 1580,बढ़नी 1560, भनवापुर 1312, बर्डपुर 117, डुमरियागंज 803, इटवा 1276, जोगिया 57, खेसरहा 1540, खुनियांव 3751, लोटन 402, मिठवल 281, नौगढ़ 2184, शोहरतगढ़ 255, उस्का बाजार 1205 के शामिल हैं।

साक्षरता दर को बढ़ाने के लिए यह एक महत्वपूर्ण अभियान है। हमारा लक्ष्य सिर्फ अक्षर ज्ञान देना नहीं बल्कि लोगों को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाना है। वॉलंटियर मॉडल के माध्यम से समाज को इस अभियान से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। हर व्यक्ति पढ़े, लिखे और अपनी पहचान के साथ हस्ताक्षर कर सके। नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और संस्थाओं के सहयोग से इस लक्ष्य को समय पर पूरा करेंगे। इस संबन्ध में बीएसए शैलेश कुमार का कहना है कि इस पहल से जिले की शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है। यदि लक्ष्य पूरा हुआ तो सिद्धार्थनगर जल्द ही उन जनपदों में शामिल होगा जहां वयस्क निरक्षर न्यूनतम स्तर पर होगी। ग्राम पंचायतों और स्कूल प्रबंधन समितियों को इस कार्य में विशेष भूमिका दी जाएगी ताकि अधिकाधिक लोगों को अभियान से जोड़ा जा सके।

# इंडिगो की आढ़ में अडानी ग्रुप को सरकार ने दिया यात्रियों से अरबों कमाने का मौका -राकेशमणि पाण्डेय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** इंडिगो एयरलाइन्स ने यात्री हितों के खिलाफ कानून और नियमों को ठेंगा दिखाते जिस तरह की मनमानी करती है, जिसका एक बड़ा उदाहरण उसने हाल में ही यात्रियों के खिलाफ पेश किया जिससे यार साफ साबित होता है कि इंडिगो का एक मात्रा इरादा केवल अडानी ग्रुप को अधिक से अधिक आर्थिक लाभ पहुंचाना है। यह बात हिंद मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश महामंत्री राकेशमणि पांडेय ने कही। उन्होंने कहा कि सच है यह भी है कि अडानी ग्रुप द्वारा पाइलेट प्रशिक्षण केन्द्र के एक सप्ताह पूर्व में लेने और सभी पाइलटो को जबरन प्रशिक्षित कराने ,उन्हें अवकाश पर भेजे जाने और इनकी कमी को दर्शाने के कारण यह अफरा तफरी मची है। यह भी सच किसी से छिपा नहीं है कि जो रू0 4 हजार की टिकट 40 हजार में बेचे जा रहे है और लोगों को टिकट लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है। वह सरकार की अक्रमणीयता का नतीजा है और यह पूंजीपतियों को लाभ को केन्द्रित करने और सरकार व जनता को त्रसित करने के अतिरिक्त कुछ नहीं है। सरकार इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कर पा रही है। मतलब सरकार ने अपने को इनके सामने गिरवी रख दिया है। यही कारण है कि वहखुलेआमइन सभी के संरक्षण में भी खड़ी हुई है।

हिन्द मजदूर किसान पंचायत के के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय ने चेतावनी देते हुए कहा कि यही रवैया पूंजीपतियों का सरकार के प्रति रहा तो जल्दी ही खाद्य एवं आवश्यक वस्तुओं पर पूंजीपतियों का नियंत्रण होगा और आम आदमी रोटी के लिए भी तरस जायेगा। वर्तमान स्थिति सरकार की नीतियों का परिणाम है और अंधाधुन धनपशुओं को लाभ देने के लिए इन्हे खुली छूट दे दी है। विमान का किराया 4 से 10 गुना बढाया जाना यह बढोत्तरी नहीं है बल्कि डकैती है और इसमें पूरी सरकार की सहभागिता है। जिसकी कठोर निन्दा की जानी चाहिए। राकेशमणि पाण्डेय ने मांग की कि ऐसी पूंजीवादी व्यवस्था को निस्तेनाबुत किया जाये और किराये पर नियंत्रण सरकार का हो, विलम्ब होने पर यात्रियों को मुफ्त चाय भोजन व पानी, मेडिकल आदि की अनिवार्य व्यवस्था हो और इसमें कोताही करने वाली एयरलाइन्स अधिकारियो के विरूद्ध कठोर कार्यवाही हो। यह कितना दुर्भाग्य है कि एयरलाईन्स कम्पनियों स्थिति का फायदा उठाकर कई गुना किराये में बढोत्तरी करती है और वही हवाई अड्डे की जिम्मेदारी पूंजीपति लोग हवाई अड्डो पर बाहर 10 से 15 रूपये में मिलने वाली चाय के 300 से 500 रूपये प्रति कप वसूलते है । वरिष्ठ श्रमिक नेता राजेंद्र पांडे ने सवाल उठाया कि यह लूट व डकैती नहीं तो फिर क्या है। मोदी अपने भाषणों में लगातार कहते रहे है कि हम चप्पल पहनने वाले लोगो को हवाई यात्रा में देखना चाहते है। यदि उपरोक्त व्यवस्था बनी रही तो एक विस्फोटक स्थिति बनेगी जो सरकार के छवि के लिए ठीक नहीं होगा।

राकेशमणि पाण्डेय ने सरकार से अपील कि है कि वह धन कुबेरो को लाभ पहुँचाने का कार्य न करे और उन्हें संरक्षित करने का कार्य न करें किराया व व्यवस्था की जिम्मेदारी सरकार अपने नियंत्रण में ले और अनावश्यक किराया बढ़ाने, प्लेटफार्मो पर अवैध रूप से वसूली किये जाने खान पान में बेतहासा वृद्धि करने के विरूद्ध समुचित व कठोर कार्यवाही अपनाये। इस सम्बन्ध में राकेशमणि पाण्डेय ने भारत सरकार के जिम्मेदार अधिकारियों और राजपत्रित अधिकारियों के साथ-साथ भारत सरकार के विभिन्न अधिकारियों को भी पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग की है।

# आज के नौनिहाल बच्चे कल होगे देश के कर्णधार - सीओ रघुवंशी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** बाल अधिकार परियोजना के अंतर्गत पट्टी तहसील क्षेत्र के सरदार वल्लभभाई पटेल इंटर कालेज बहुता में आयोजित वार्षिक खेल उत्सव का भव्य एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में रविवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ।इस अवसर पर बच्चों की प्रतिभा, खेल भावना और उत्साह देखने योग्य रहा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार रघुवंशी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश के कर्णधार हैं। खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और सहयोग की भावना भी विकसित करने में मदद करता है।उन्होंने बाल अधिकार परियोजना के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह परियोजना बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसी क्रम में तरुण चेतना के निदेशक नसीम अंसारी ने बताया कि विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विजेता और प्रतिभागी सभी बच्चों को प्रोत्साहित किया गया ताकि वे आगे भी खेल एवं शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।कार्यक्रम के अंत में बाल अधिकार परियोजना के कोऑर्डिनेटर अच्छे लाल बिंद ने आयोजकों द्वारा सभी सहयोगियों, स्वयंसेवकों, अभिभावकों एवं क्षेत्रीय लोगों का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही यह संकल्प लिया गया कि भविष्य में भी बाल अधिकार परियोजना के अंतर्गत ऐसे आयोजन कर बच्चों के अधिकारों, स्वास्थ्य एवं विकास को निरंतर बढ़ावा दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में रुर चौकी प्रभारी विजय कुमार यादव, कांस्टेबल अभिनव नारायण सिंह, रोजगार सेवक लाल बहादुर वर्मा, सह निदेशक हकीम अंसारी, नाजरीन बानों, लालसा, शकुंतला, गार्गी, आरती, छाया, रिसर्च ऑफिसर श्याम शंकर शुक्ला, मनीष गुप्ता, मोहित गौतम, आर्य पांडे, आदि लोग उपस्थित रहे।

### महिला से दुष्कर्म के मामले में आरोपी गिरफ्तार




**सिद्धार्थनगर ।** गोल्हौरा पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। पुलिस टीम ने मुकदमा अपराध संख्या 106/2025 धारा 331(4), 64(1) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को रविवार को ग्राम महुआ खुर्द से दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान विजय उर्फ लक्की पुत्र चंदू निषाद निवासी मऊ टोला गदुरहिया थाना गोल्हौरा के रूप में हुई है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रणविजय सिंह एवं हेड कांस्टेबल हनुमान मौर्य शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# घाटमपुर सीएचसी गेट के बाहर आशा कार्यकर्ताओं का धरना प्रदर्शन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर गेट के बाहर आशा कार्यकर्ताओ अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन आज भी जारी रहा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ पवन सचान ने मौके पर पहुंच कर आशा कार्यकर्ताओं को समझानें का प्रयास किया,और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरिदत्त नेमी से कार्यकताओं की बात भी कहीं, लेकिन आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर अडी रही,और प्रदर्शन समाप्त करने से इन्कार कर दिया। जानकारी के अनुसार आशा कार्यकर्ताओं का अपनी लंबे समय से मांग कर रही है, जिस को लेकर वह कई बार उच्च अधिकारियों से गुहार लगाई, डॉ पवन सचान ने प्रदर्शन कारी आशा कार्यकर्ताओं से उनकी मांगों को लेकर एक ज्ञापन मांगा,जिसे वह मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ हरि दत्त नेमी के पास भेजने का आश्वासन दे रहे थे, उन्होंने कहा कि ज्ञापन मिलने पर उसे उच्च अधिकारियों के पास भेजेंगे और, कहा कि मांगों को पूरा करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक तक मांगे पूरी नहीं होती तब तक अपने आवश्यक कार्य जारी रखें,आशा कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन देने से साफ मना कर दिया ,अपनी मांगों को लेकर धरना जारी रखने की बात दोहराई, उन्होंने कहा कि कई बार उच्च अधिकारियों को ज्ञापन दे चुकी है , लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

# भाभी से बाइक की चाबी न मिलने पर देवर ने खाया जहर, इलाज के लिए ले जाते समय रस्ते में हुई मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिले के समय माता कठेला थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत इंद्री ग्रांट टोला बक्कस डीह निवासी शिव कुमार (28) पुत्र सोमई शनिवार की शाम को अपने भाभी से बाइक की चाबी मांगा, भाभी ने बाइक की चाबी देने से इंकार हुई,तो देवर शिवकुमार ने विषाक्त पदार्थ खा लिया, थोड़ी देर में हालत गंभीर देख परिजनों ने जिला अस्पताल ले गए, इलाज के दौरान स्थिति गंभीर देख कर चिकित्सकों ने गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया गया, गोरखपुर मेडिकल कॉलेज जाते समय ही रास्ते में शिवकुमार ने दम तोड़ दिया, परिजनों ने मृतक शिवकुमार का लाश रविवार सुबह भोर में घर वापस लाया गया, घटना की सूचना सुबह मिलते ही मौके पर स्थानीय पुलिस मृतक के घर पहुंचकर विधिक कार्यवाही कार्रवाई कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाकर लाश को पोस्टमार्टम के दिया गया। इस संबन्ध में थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि घटना की लिखित सूचना मृतक की पत्नी रेखा द्वारा प्राप्त हुई है,घटना स्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल कर शव का पंचनामा भरवाकर कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# नाबालिग से बलात्कार के आरोपी को इटावा से किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कानपुर।** थाना गोविंदनगर पुलिस ने बलात्कार के एक आरोपी ओम ठाकुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी ने नाबालिग पीड़िता को पहले नशीला पदार्थ पिलाया उसके बाद उसके साथ घृणित कार्य कर उसकी वीडियो बना ली और वीडियो वायरल की धमकी देकर उसके घहने आदि ले लिए। डीसीपी साउथ दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने इस घटना की जानकारी देते हुए बताया कि अभियुक्त के विरूद्ध 11 तारीख को गोविंदनगर थाने में एक मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें तमाम सीसीटीवी देखने के साथ ही घटना की जांच की गई तथा आरोपी ओम ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रभारी निरीक्षक गोविन्द नगर कानपुर नगर के नेतृत्व में थाना गोविन्द नगर में पंजीकृत मु0अ0सं0 412/2025 धारा 64 ( 1 ) / 123/308(2) /352/351(3) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित नामित एवं वांछित अभियुक्त ओम ठाकुर पुत्र रामवीर सिंह निवासी 25/3 सेवा ग्राम कॉलोनी दादा नगर थाना गोविंद नगर कानपुर नगर उम्र करीब 20 वर्ष को थाना क्षेत्र सिविल लाइन जनपद इटावा से थाना गोविन्द नगर की पुलिस टीम द्वारा आपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाये गये सीसीटीवी कैमरों की मदद से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुये न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि अभियुक्त ओम ठाकुर द्वारा नाबालिग पीडिता उम्र लगभग 17 वर्ष को कॉफी में नशीला पदार्थ पिला कर जबरन शारीरिक सम्बन्ध बनाने (बलात्कार करने) व पीड़िता का अश्लील वीडियो बनाकर पीड़िता को उक्त वीडियो दिखाकर वायरल करने की धमकी देकर पीड़िता से सोने के आभूषण व नगद 35000/ रुपये ले लिये जाने का आरोप है ।

# नववर्ष और 25 दिसंबर के मद्देनजर हुड़दंगियों को रोकने के लिए पुलिस आयुक्त खुद कर रहे हैं चैकिंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** पुलिस आयुक्त व संयुक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय/अपराध) द्वारा स्वयं रात्रि में शहर के विभिन्न थानाक्षेत्रों में व्यापक चेकिंग अभियान का नेतृत्व किया गया। शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सघन एवं प्रभावी रात्रि निरीक्षण किया गया। रात्रि को पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय / अपराध), श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा शहर के सेंट्रल व पूर्वी जोन के अंतर्गत आने वाले विभिन्न थानाक्षेत्रों में व्यापक एवं सघन रात्रि चेकिंग अभियान संचालित किया गया। रात्रि चेकिंग के दौरान लगभग 30 शराब की दुकानों के आसपास निरीक्षण किया गया। जिसमें 52 व्यक्तियों को दुकानों के आसपास सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करते हुए पाया गया, सभी व्यक्तियों को मौके पर ही कड़ी चेतावनी देते हुए भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त न होने की सख्त हिदायत देकर छोड़ा गया।

इसके अतिरिक्त रेलवे स्टेशन एवं उससे लगे आसपास के क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों की दृष्टि से 46 व्यक्तियों से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान यह तथ्य सामने आया कि अधिकांश व्यक्ति बी.पी.एड. की परीक्षा देने हेतु आए छात्र थे, जबकि कुछ व्यक्ति मजदूर वर्ग से संबंधित पाए गए। सभी व्यक्तियों की पहचान एवं गतिविधियों का सत्यापन कर आवश्यक हिदायत दी गई। अभियान के अंतर्गत वाहनों में बैठकर शराब का सेवन करने की शिकायतों के दृष्टिगत 18 चार पहिया वाहनों की भी सघन जांच की गई। जांच के दौरान संबंधित व्यक्तियों को वाहन में बैठकर एवं सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन न करने के संबंध में कठोर चेतावनी दी गई तथा भविष्य में इस प्रकार की गतिविधि दोहराए जाने पर कठोर विधिक कार्यवाही किए जाने के संबंध में अवगत कराया गया। रात्रि चेकिंग के दौरान स्थानीय थानों की पिकेटों का भी निरीक्षण किया गया। मौके पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर गश्त, नियमित चेकिंग एवं सतत निगरानी बनाए रखें। विशेष रूप से बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, प्रमुख चौराहों, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों एवं शराब के ठेकों के आसपास नियमित समय अंतराल पर सघन चेकिंग एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# पुलिस के छापे में 82 लाख रूपये का अवैध मादक पदार्थ बरामद, तस्करों पर आई शामत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में प्रतापगढ़ पुलिस का नशा मुक्त जनपद की दिशा में सशक्त अभियान जारी किया गया है। इसी सिलसिले में थाना मानिकपुर पुलिस द्वारा अनुमानित कीमत 82,00,00 रूपये का अवैध मादक पदार्थ बरामद किया गया है।पुलिस अभिरक्षा रिमाण्ड के दौरान भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद गांजा, भांग, स्मैक व एमडी बरामद होने के साथ 02 नशा तस्करों की खुली पोल खुल गई है।पुलिस रिमाण्ड के दौरान अभियुक्तों की निशानदेही पर कुल 3.680 किलोग्राम नाजायज गांजा, 11.540 किलोग्राम नाजायज भांग, 272 ग्राम नाजायज स्मैक (हेरोइन) एवं 10 ग्राम नाजायज एमडी की बरामद की गई है जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 82,00,000 रुपये आंकी गई है।थाना मानिकपुर पर पंजीकृत एनडीपीएस एक्ट के मुकदमे से संबंधित अभियुक्तगण राजेश मिश्रा पुत्र स्व0 रामजी मिश्रा एवं दीपक मिश्रा पुत्र कृष्ण कुमार मिश्रा निवासीगण मुन्दीपुर थाना मानिकपुर, जनपद प्रतापगढ़ के विरुद्ध न्यायालय जनपद प्रतापगढ़ द्वारा 13 दिसंबर से 02 दिवस का पुलिस अभिरक्षा रिमाण्ड स्वीकृत किया गया।रिमाण्ड अवधि के दौरान की गई गहन पूछताछ में अभियुक्त दीपक मिश्रा द्वारा बताये गये स्थान लालाबाजार, थाना मानिकपुर स्थित सोनू सिंह की मार्केट में एक कमरे से 1.932 किलोग्राम नाजायज गांजा एवं 5.470 किलोग्राम नाजायज भांग बरामद की गई।इसी क्रम में अभियुक्त राजेश मिश्रा की निशानदेही पर बरवलिया स्थित एक प्लॉट में झाड़ियों में छिपाकर रखी गई ईटों के नीचे से 1.748 किलोग्राम नाजायज गांजा, 272 ग्राम नाजायज स्मैक (हेरोइन) तथा 10 ग्राम नाजायज एमडी बरामद की गई। इसके अतिरिक्त अभियुक्त राजेश मिश्रा के डडौली स्थित आवास के सामने बने स्नानागार से 6.070 किलोग्राम नाजायज भांग भी बरामद की गई।इस प्रकार अभियुक्तगण की निशानदेही पर कुल 3.680 किलोग्राम नाजायज गांजा, 11.540 किलोग्राम नाजायज भांग, 272 ग्राम नाजायज स्मैक (हेरोइन) एवं 10 ग्राम नाजायज एमडी की बरामदगी की गई है।गिरफ्तार अभियुक्तों में राजेश मिश्रा पुत्र स्व0 रामजी मिश्रा, निवासी ग्राम मुन्दीपुर पर 19 संगीन मुकदमे एवं अभियुक्त दीपक मिश्रा पुत्र कृष्ण कुमार मिश्रा निवासी ग्राम मुंदीपुर जनपद प्रतापगढ़ पर चार संगीन मुकदमे दर्ज हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### तेज रफ्तार मौरंग ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, साथी घायल



**हमीरपुर-** राठ क्षेत्र के चिकासी थाना अंतर्गत मंगरौठ मोड़ के आगे हुए सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार बालू से भरे ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान बंगरा गांव निवासी कपिल (20) पुत्र रामशरण के रूप में हुई है। वह अपने चचेरे भाई संदीप के साथ जालौन जनपद के जैसारी गांव में क्रिकेट मैच खेलकर अपने गांव बंगरा लौट रहा था। रास्ते में मंगरौठ मोड़ के आगे अचानक बालू से भरे ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चला रहा कपिल गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे तत्काल गोहांड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों ने ट्रक चालक को मौके पर ही पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। परिजनों के अनुसार कपिल अविवाहित था और पढ़ाई कर रहा था। उसके परिवार में मां शिवकली, बहन संध्या और भाई सुनील सहित अन्य सदस्य हैं। चिकासी थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### कोहरे में दो डंपरों की आमने-सामने टक्कर, चालक गंभीर घायल



**हमीरपुर-** सुमेरपुर थाना क्षेत्र के कुंडौरा गांव के पास हाईवे पर रविवार तड़के कोहरे के कारण दो डंपरों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक डंपर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर किया गया है। घटना रविवार सुबह करीब छह बजे ओम हरिहर महाविद्यालय के समीप हुई। जानकारी के अनुसार, एक डंपर कबरई से कानपुर की ओर जा रहा था, जबकि दूसरा डंपर हमीरपुर से महोबा की दिशा में आ रहा था। घने कोहरे के चलते दोनों वाहन एक-दूसरे से टकरा गए। कानपुर की ओर जा रहे डंपर का चालक मोहम्मद यासीन (निवासी प्रतापगढ़) टक्कर के बाद केबिन में फंस गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद चालक को केबिन से बाहर निकाला। घायल चालक को एंबुलेंस से सदर अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए कानपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### चलते ट्रक में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान



**हमीरपुर-** शनिवार रात नेशनल हाईवे-34 पर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक चलते ट्रक में अचानक आग लग गई। ट्रक के केबिन से धुआं उठता देख चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर दिया और तुरंत कूदकर अपनी जान बचाई। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरा ट्रक धू-धू कर जलने लगा। यह घटना सुमेरपुर थाना क्षेत्र में जेके सीमेंट फैक्ट्री से कुछ दूरी पर हुई। जानकारी के अनुसार, ट्रक हमीरपुर में सीमेंट उतारने के बाद वापस जेके सीमेंट फैक्ट्री लौट रहा था। फैक्ट्री पहुंचने से पहले ही ट्रक में शॉर्ट सर्किट हो गया, जिससे केबिन के अंदर से धुआं निकलने लगा और आग भड़क उठी। ट्रक चालक शिवशंकर निषाद, निवासी पपरेंदा जनपद बांदा ने बताया कि धुआं दिखाई देने पर उसने तुरंत ट्रक को हाईवे किनारे रोक दिया और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैलती चली गई। स्थिति बिगड़ती देख उसने बिना देर किए फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक ट्रक पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात को सामान्य कराया। लगातार हो रही वाहन आग की घटनाओं से चालकों को सतर्क रहने की अपील की है।

# ग्राम पंचायत करकटी में लग रहे फर्जी बिल अधिकारी की साठ गाठ से सचिव की बल्ले बल्ले

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**शहडोल।** जिले के जनपद पंचायत सोहागपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत करकटी में भ्रष्टाचार चरम पर हैं। आप को बात दे कि ग्राम पंचायत में लगातार एक से बढ़ कर एक फर्जी बिल लगाया जा रहा हैं। लाख विरोध के बाद और अखबारों की सुर्खियों में चर्चित सचिव की क्या हैं कहानी आइए एक ओर जानने का प्रयास करते हैं। आपको बता दे कि सचिव खोजवा चर्मकार की कहानी 2014 से शुरू होती हैं जब से ग्राम पंचायत करकटी में आये और एक से बढ़ कर एक कामों को अपने सिस्टम में दबाया और खूब मजे लुटे उस समय भी ग्रामीणों के भारी विरोध के बाद सचिव के जुगाड़ के आगे ग्रामीणों की एक न चली। जहाँ एक ओर सरकार हर व्यक्ति को हर सम्भव योजना के साथ साथ व्यक्ति विशेष को लाभान्वित करने का संकल्प लिया हैं। वही पंचायत सचिव के द्वारा सभी बिलों को छोटे छोटे अमाउंट में पंचायत दर्पण सहित अन्य पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। जिससे यह साफ हो रहा कि भ्रष्टाचार किस कदर सचिव सरपंच के द्वारा मचा रखा हैं। प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण कार्य के लिए लाखों रुपए मुहैया करा रही है। जिससे ग्रामीण स्तर पर उपयोगी व सभी कार्य गुडवत्ता पूर्व हो सके। जिसमें ग्रामीणों को सुविधा मुहैया और जरूरते पूरी की जा सकें। जिसके तहत पंचायत स्तर पर शासन द्वारा चलाए गए कई योजनाएं जो ग्रामीण हित के लिए कराई जाती है, पर इस कालाबाजारी के दौर पर और मिलावट खोरी के इस दौर में हर कोई सिर्फ अपने कमिशन से मतलब रखता है। उसे निर्माण कार्य से कोई भी मतलब नहीं रहता। फिर चाहे वह किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य क्यों ना




हो, कारण यह भी हैं कि अधिकारी जमीनी स्तर पर मौका मुआयना करने नहीं जाते। जिससे कि निर्माण एजेंसी और अधिकारियों की साठ-गाठ से निर्माण धीन कार्य भी अधूरा और ढहने की कगार पर हैं।

### हमीरपुर में सड़क हादसे में तीन व्यक्तियों की मौत, चार अन्य घायल

**हमीरपुर** जिले के मौदहा थाना क्षेत्र में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर रविवार को एक तेज रफ्तार बस की टक्कर से एसयूवी कार सवार तीन व्यक्तियों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, महोबा जिले के खन्ना थाना क्षेत्र के गौएड़ी गांव निवासी सिद्धगोपाल (65), रामसहोदर (40) और उनके बड़े भाई घनश्याम (55) चार अन्य लोगों के साथ एक महिला की अस्थिया लेकर एसयूवी कार से प्रयागराज जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ़्तार बस ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर ही तीनों की मौत हो गयी और अन्य चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौदहा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि तीनो शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज बांदा भेज दिया गया है।

## सोहागपुर कालरी क्षेत्र के समस्त ठेका कंपनियों में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार में प्राथमिकता दी जाए-अभिषेक वर्मा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**शहडोल धनपुरी-** नवनिर्वाचित युवक कांग्रेस के जैतपुर विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक वर्मा ने क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर एसईसीएल के अंतर्गत सोहागपुर क्षेत्र में समस्त ठेका कंपनी में शिक्षित युवा वर्ग के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के लिए एक युवा कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल सोहागपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक से मिलकर चर्चा करेगा। अगर सार्थक चर्चा हुई तो आगे कोई आंदोलन नहीं होगा। नहीं तो युवक कांग्रेस आंदोलन के लिए बाध्य होगा। एसईसीएल सोहापुर क्षेत्र के अंतर्गत समस्त ठेका कंपनी के द्वारा जिस तरह से शिक्षित युवा वर्ग को उपेक्षित करते हुए बाहरी लोगों को प्राथमिकता दे रही है। इसका हम पुरजोर विरोध करेंगे और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगे जबकि क्षेत्र के युवाओं के पास भरपूर काबिलियत के साथ डिग्री डिप्लोमा पूर्ण करने के बाद भी दर-दर को भटकते रहते हैं। स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों के साथ एक लंबे समय से उपेक्षाएं की जा रही है। जिसके लिए अब युवक कांग्रेस के जैतपुर विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में लड़ाई लड़ी जाएगी और इसमें एक निर्णायक स्थित तक ले जाने की पूर्ण कोशिश की जाएगी। इसके लिए जिस तरह की भी आंदोलन किया जाना पड़ेगा। उसके लिए युवक कांग्रेस स्थानीय शिक्षित युवा वर्ग के रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने के तत्पर है।

# श्रीभूमि जिले के आर्दश कृष्णनगर गाँव विकास के लाभ से वंचित

**● सिर्फ नाम में आदर्श! आवश्यक सुविधाओं में पूरी तरह असफल!**

**भारत के प्रधानमंत्री और असम के मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**श्रीभूमि-** वर्तमान सरकार 'सबका साथ सबका विकास' सबका विश्वास इस नारे के माध्यम से भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकासात्मक कार्यों के जरिए आर्दश ग्राम योजना के तहत विभिन्न परियोजनाओं में करोड़ों रुपये का आवंटन कर रही है। ताकि आम लोगों को समग्र विकास की इन परियोजनाओं में शिक्षा, स्वास्थ्य, पीने का पानी, स्वच्छता, बुनियादी ढांचा और सामाजिक विकास (जैसे मॉडल आंगनवाड़ी स्कूल, उप-स्वास्थ्य केंद्र, शौचालय, बिजली, सड़क और सामुदायिक केंद्र के बड़े हॉल को ऑडिटोरियम आदि के लिए सरकारी फंड और केंद्रीय-राज्य परियोजनाओं का समन्वय किया जाता है। इन परियोजनाओं के माध्यम से जनता की समस्याओं का समाधान किया जाता है। लेकिन असम श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के दरगारबंद जीपी का आदर्श कृष्णनगर गाँव विकास के मामले में केवल नाम में ही मॉडल विलेज है, वास्तव में यह अत्यंत बदहाल स्थिति में है। कृष्णनगर गाँव के विकास की बात करें तो सड़क की स्थिति खराब है, पीने के पानी के प्रबंध के लिए [illegible] की स्थापना हेतु सर्वेक्षण किया गया था, लेकिन आज तक जल जीवन मिशन के अंतर्गत कोई परियोजना नहीं है और पानी की सुविधा भी इस योजना से वंचित है। गाँववासियों को स्वच्छता, बुनियादी ढांचा और सामाजिक विकास (जैसे उच्च गुणवत्ता वाला उप-स्वास्थ्य केंद्र, शौचालय, स्कूलों तक पहुँचने के लिए सड़क, कम्युनिटी हॉल के बड़े हॉल या ऑडिटोरियम हॉल) की कोई सुव्यवस्था नहीं है। आम लोगों को अत्यधिक कष्ट सहना पड़ रहा है, बावजूद इसके केवल विकास और विकास के वादों का ही जिक्र होता है और विकास की कोई खबर नहीं है। आर्दश कृष्णनगर गाँव की सड़क की खराब हालत के बाद पिछले वर्ष सड़क निर्माण के लिए लाल मिट्टी से भराई का काम विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदार की देखरेख में शुरू किया गया। भले ही मिट्टी की भराई का काम पूरा हो गया हो, लेकिन आजतक इस काम से संबंधित कोई जानकारी का बोर्ड नहीं देखा गया और यह भी नहीं पता कि किस परियोजना के तहत मिट्टी भरी गई, गाँव का आम आदमी इस विषय में अनजान है। लेकिन इस सड़क निर्माण कार्य में केवल मिट्टी भराई का काम हुआ, मिट्टी के ऊपर पत्थर या सीसी ब्लॉक स्थापित नहीं किए गए। रास्ते का काम आज तक अधूरा है और गाँव के लोगों के अनेक सवाल हैं कि यह रास्ता कब पूरा होगा। लाल मिट्टी डालने के बाद बारिश के मौसम में दिन में चलने में विभिन्न तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है कच्ची मिट्टी वाले रास्ते में। गाँव की इस कठिन स्थिति में ग्रामीणों को चलना पड़ता है। जनप्रतिनिधियों द्वारा गाँव का निरीक्षण करने के बाद केवल आश्वासन और आश्वासनों की झड़ी मिलती है। इस सर्दियों के मौसम में अगर यह रास्ता नहीं बनता है तो अगले वर्षा मौसम में स्थिति खराब होने में देर नहीं लगेगी। केवल इस रास्ते से वाहन चालक और दैनिक यात्री अत्यधिक परेशानियों का सामना करेंगे। इसी रास्ते पर रोज़मर्रा के लोग, स्कूल के छात्र और रोगी चलना पड़ते हैं क्योंकि कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं है। परिणामस्वरूप, हर दिन ग्रामीण इस लाल मिट्टी वाले खराब रास्ते के कारण विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गाँव के लोगों के चलने का एकमात्र रास्ता इस गाँव का ही है और मिट्टी भराई के काम की सही जांच, सूचना बोर्ड लगाना और अगले वर्षा मौसम से पहले रास्ता सुधारने की मांग आम लोग करते हैं। इस बीच हाल ही में भारी




वर्षा के कारण सिंगला नदी के जल प्रवाह में आदर्श कृष्णनगर गाँव की सिंगला नदी का प्रभाव के कारण पूरे गांव की एकमात्र सड़क के विभिन्न हिस्सों में गाड या प्रोटेक्शन देना बहुत जरूरी है क्योंकि यह सड़क सिंगला नदी के बहुत करीब है और खतरनाक स्थिति में है, कई घर और गांव के लोग डर और आतंक में रहते हैं। हालांकि लंबे समय से इस ग्रामीण सड़क के उन हिस्सों में सरकारी तौर पर नदी के कटाव से संरक्षण गाड बनाने की मांग की गई थी। मांग के मुताबिक नेताओं का वादा था कि प्रोटेक्शन गाड दिया जाएगा, लेकिन आज तक केवल वादा ही वादा है। अगर गाड नहीं दिए गए और जल्द ही यह ठीक नहीं किया गया, तो स्थिति और भी गंभीर हो जाएगी, फिर जगह नरम हो जाएगी और सिंगला नदी के जल प्रवाह में सड़क बह जाएगी, स्थानीय लोग ने कहा कि गांव के लोगों के आवागमन की एकमात्र सड़क की मरम्मत के साथ-साथ आदर्श गांव बनने के लिए क्या-क्या आवश्यक है, इस पर ध्यान देकर कदम उठाए जाएं तो विभिन्न समस्याओं का समाधान होगा और लोगों के कल्याण में मदद मिलेगी। ताकि इस मामले में विधिक कदम उठाकर पूरे आदर्श कृष्णनगर गांव की सड़क को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में नए तरीके से परियोजना के माध्यम से नदी के कटाव वाले हिस्सों की पहचान करके प्रोटेक्शन गाड देकर सुरक्षित किया जा सके। इसलिए ईस बिषय पर भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा का ध्यान इस ओर आकर्षित किया गया। ताकि जल्द से जल्द समस्या का समाधान हो सके।

# सुनील रैदास बने वरदान फाउंडेशन शहडोल जिला के जिलाध्यक्ष

**● समाजसेवा, सड़क सुरक्षा और जन-जागरूकता अभियानों को मिलेगी नई दिशा**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**शहडोल।** समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय वर्दान फाउंडेशन ने संगठन को जिला स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। फाउंडेशन की केंद्रीय समिति द्वारा श्री सुनील रैदास को जिला अध्यक्ष (शहडोल) के पद पर नियुक्त किया गया है। इस आशय का औपचारिक मनोनयन पत्र दिनांक 11 दिसंबर 2025 को जारी किया गया।

मनोनयन पत्र पर मध्य प्रदेश अध्यक्ष कैलाश कुमार अहिरवार एवं महासचिव कृष्णा शर्मा के हस्ताक्षर हैं। पत्र में उल्लेख किया गया है कि श्री रैदास की सामाजिक सक्रियता, संगठन के प्रति निष्ठा, कार्यकुशलता तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर उनकी प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

फाउंडेशन द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुनील रैदास को शहडोल जिले में संगठन की गतिविधियों को व्यापक स्तर पर विस्तार देने की जिम्मेदारी दी गई है। उनके प्रमुख दायित्वों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान, हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग को बढ़ावा देना, यातायात नियमों के पालन हेतु जन-जागरूकता, नशा मुक्ति अभियान, चिकित्सा सहायता एवं सामाजिक कल्याण योजनाओं का प्रचार-प्रसार, सदस्यता अभियान तथा जिला एवं ब्लॉक स्तर पर संगठनात्मक इकाइयों का गठन शामिल रहेगा।

मनोनयन पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि श्री रैदास का कार्यकाल प्रारंभिक रूप से एक वर्ष का रहेगा, जिसे संगठन द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले कार्य मूल्यांकन के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकेगा। संगठन को विश्वास है कि उनके नेतृत्व में शहडोल जिले में वर्दान फाउंडेशन की गतिविधियाँ और अधिक प्रभावी होंगी तथा समाजसेवा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा। इस अवसर पर



श्री सुनील रैदास ने केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि वर्दान फाउंडेशन की जनहितकारी योजनाएँ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे।

उल्लेखनीय है कि वर्दान फाउंडेशन लंबे समय से देशभर में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात सुरक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े अभियानों के माध्यम से सक्रिय भूमिका निभाता आ रहा है। सुनील रैदास की नियुक्ति को शहडोल जिले में संगठन को नई ऊर्जा और गति देने वाला कदम माना जा रहा है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने की पांच गांवों की पंचायत



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुर-** रविवार सुबह लगभग ग्यारह बजे मौदहा तहसील क्षेत्र के न्यूरिया गांव के काली माई मंदिर परिसर में भारतीय किसान यूनियन द्वारा पांच गांव के किसानों की पंचायत आयोजित के गई , जिसमें सैकड़ो किसानों ने भाग लिया ।किसानों की समस्याओं को लेकर आयोजित पंचचायत में जंगली गोवंश ,प्राइवेट खाद विक्रेताओं द्वारा किसानों से ज्यादा मूल्य लेना व सहकारी समितियों के सचिव द्वारा खाद में गलत व्यवहार करने आदि से संबंधित चर्चा छाई रहीं। बताते चलें कि हाल ही में जिलाधिकारी व जिला मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के आदेशानुसार उप जिलाधिकारी मौदहा को भूमि चिन्हांकन हेतु पत्र जारी किया गया था ,लेकिन अभी तक गोवंश संरक्षण हेतु भूमि का चयन नहीं किया गया है। पंचचायत में तय किया गया कि किसानों की समस्याओं के निस्तारण हेतु सोमवार उपजिलाधिकारी मौदहा को भारतीय किसान यूनियन द्वारा ज्ञापन दिया जाएगा।इसके बावजूद भी समय रहते अगर किसानों की समस्याओं का निस्तारण नहीं होता तो भारतीय किसान यूनियन मौदहा तहसील परिसर में प्रदर्शन और आंदोलन करेगी।पंचचायत में भाकियू के जिला अध्यक्ष शिवपूजन निषाद, जिला कोषाध्यक्ष रज्जू प्रसाद कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष संतराम फौजी,जिला सचिव रामपाल कुशवाहा, मीडिया प्रभारी पारस सैनी, तहसील अध्यक्ष मौदहा शिवकरण मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष मौदहा बलबीर वर्मा, तहसील उपाध्यक्ष रामावतार कुशवाहा, तथा युवा जिला अध्यक्ष अरविंद गोस्वामी, ग्राम अध्यक्ष न्यूरिया, श्रीचंद प्रजापति, नाथूराम प्रजापति मास्टर साहब न्यूरिया, ग्राम प्रधान श्री कन्हैया द्विवेदी, तथा मुन्नालाल कुशवाहा, जयनारायण तिवारी आदि तमाम किसानों ने हिस्सा लिया।

## श्रीभूमि जिले के काज़ीरबाजार पोलढहर गाँव पंचायत में बिना रिश्वत के आवास नहीं मिल रहा

**PMAY आवास के नाम पर घोटाले का आरोप, प्रभावित व्यक्ति।**

**श्रीभूमि-** श्रीभूमि जिले के पाथारकांडी विकास खंड के अंतर्गत काज़ीरबाजार पलढहर गाँव पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) सहित कई ग्रामीण विकास परियोजनाओं में व्यापक भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया है। दिन-ब-दिन बढ़ते आरोपों ने पूरे क्षेत्र में भारी हलचल पैदा कर दी है। हाल ही में, वार्ड नंबर 4 के निवासी अली हुसैन और रोइमुन ने प्रधानमंत्री आवास योजना का घर प्राप्त करने के लिए वार्ड सदस्य रुहिना बेग को रिश्वत दी थी। उनका आरोप है, 'सिर्फ हमारे मामले में ही नहीं—काज़ीरबाजार पोलढहर गाँव पंचायत के हर गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना का घर दिलाने के नाम पर हर किसी से 500, 1000, 2000 रुपये लेने कि खबर मिली है। स्थानीय लोगों का दावा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना और अन्य सरकारी परियोजनाओं में कभी जियो टैगिंग के नाम पर तो कभी किसी अन्य बहाने से सीधे-साधे लोगों को मूर्ख बनाकर पैसा वसूला जा रहा है। काज़ीरबाजार पोलढहर गाँव पंचायत में उजागर इस घटना ने पाथारकांडी के पूरे इलाके में तीव्र हलचल पैदा कर दी है ईस बात कि खबर मिलतेई। इलाकावासियों ने जल्दी से स्पष्ट जांच कर और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# दिल्ली पुलिस ने साइबर सुरक्षा अभियान के तहत वरिष्ठ नागरिकों को 'डिजिटल अरेस्ट' के बारे में जागरूक किया

**● सभी पुलिस स्टेशनों पर हजारों वरिष्ठ नागरिकों ने सत्र में भाग लिया**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली:** डिजिटल अरेस्ट के बारे में जागरूकता फैलाने के लगातार प्रयासों को जारी रखते हुए, दिल्ली पुलिस PRO ब्रांच ने IFSO, SPUWAC और दिल्ली के सभी पुलिस जिलों के सहयोग से, आज वरिष्ठ नागरिकों के लिए डिजिटल अरेस्ट के मुद्दे पर एक व्यापक साइबर अपराध जागरूकता सत्र आयोजित किया। यह कार्यक्रम दिल्ली के सभी क्षेत्रीय पुलिस स्टेशनों के साथ-साथ सीनियर सिटीजन्स सेल, SPUWAC यूनिट में एक साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, साइबर सुरक्षा जागरूकता पर एक ज्ञानवर्धक चर्चा सत्र मनोज कुमार, ACP/IFSO और रंजय अत्रिश्या, ACP/APRO द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। सत्र को दिल्ली पुलिस के आधिकारिक YouTube चैनल पर लाइव स्ट्रीम किया गया। सत्र को लाइव देखने की सुविधा के लिए सभी पुलिस स्टेशनों और यूनिट्स में 250 स्क्रीन के साथ विशेष व्यवस्था की गई थी, जहाँ वरिष्ठ नागरिकों को व्यक्तिगत रूप से कार्यक्रम में शामिल होने और लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया गया था। बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने ऑनलाइन भी सत्र में भाग लिया। सत्र में व्यक्तिगत रूप से शामिल होने वाले वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट के बारे में जागरूकता पर केंद्रित विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए शैक्षिक पैम्फलेट भी प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम स्थलों पर साइबर सुरक्षा पर स्टैंडी और पोस्टर प्रदर्शित किए गए, और लाइव स्ट्रीम शुरू होने से पहले साइबर सुरक्षा जागरूकता के छोटे वीडियो दिखाए गए।



लाइव स्ट्रीम किए गए संयुक्त चर्चा सत्र के दौरान, वरिष्ठ नागरिकों—जो लक्षित दर्शक थे—जो पुलिस स्टेशनों पर शारीरिक रूप से मौजूद थे और साथ ही जो ऑनलाइन भाग ले रहे थे, उन्हें डिजिटल दुनिया और भौतिक दुनिया के बीच के अंतर के बारे में जागरूक किया गया, और बताया गया कि कैसे साइबर अपराधी समाज के कमजोर वर्गों को निशाना बनाने के लिए इस अंतर का फायदा उठाते हैं। प्रतिभागियों को साइबर अपराधियों द्वारा तथाकथित 'डिजिटल अरेस्ट' के झूठे परिदृश्य बनाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली चालों के बारे में बताया गया। उन्हें प्रवर्तन एजेंसियों के नकली नोटिस के बारे में भी जागरूक किया गया, जिनका इस्तेमाल अपराधी आमतौर पर डराने-धमकाने के लिए करते हैं। वरिष्ठ नागरिकों को सलाह दी गई कि कोई भी संदिग्ध कॉल या संदेश मिलने पर वे शांत रहें, कोई भी व्यक्तिगत या वित्तीय जानकारी साझा करने से बचें, अकेले न रहें बल्कि परिवार के सदस्यों से सलाह लें, संदिग्ध संचार के स्क्रीनशॉट लें या सबूत सुरक्षित रखें, और घटना की सूचना तुरंत उचित अधिकारियों को दें। साइबर अपराधों की रिपोर्ट करने की प्रक्रिया भी विस्तार से समझाई गई।

यह दोहराया गया कि क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में 'डिजिटल अरेस्ट' जैसा कोई कॉन्सेप्ट नहीं है, और पार्टिसिपेंट्स को हमेशा 'रुको, सोचो और काम करो' के सिद्धांत को याद रखने और उसका पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सेशन को और ज़्यादा दिलचस्प और प्रेरणादायक बनाने के लिए, श्री रंजय अत्रिश्या, ACP/APRO ने सीनियर सिटिज़न्स को मोटिवेट करने और उनका सम्मान करने के लिए अपनी लिखी कविताएँ सुनाईं, जिससे जागरूकता कार्यक्रम में एक पर्सनल टच आया। यह कार्यक्रम दिल्ली पुलिस के कमिश्नर सतीश गोलछा, IPS के नेतृत्व में साइबर अपराधों से लड़ने के लिए दिल्ली पुलिस के लगातार और फोकस्ड प्रयासों का हिस्सा है।? इस कार्यक्रम का मकसद दिल्ली पुलिस के चल रहे ऑनलाइन जागरूकता अभियानों को पूरा करना था ताकि ज़्यादा से ज़्यादा लोगों तक साइबर सुरक्षा के ज़रूरी मैसेज पहुँचाए जा सकें। इसका मकसद ज़्यादा से ज़्यादा सीनियर सिटिज़न्स तक पहुँचना और उन्हें साइबर अपराधों के बारे में एजुकेट करना भी था, जिसमें डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड के बढ़ते खतरे पर खास ज़ोर दिया गया। हाल के दिनों में, दिल्ली पुलिस द्वारा कई साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इनमें साइबर संवाद के दो एडिशन शामिल हैं, पहले एडिशन में, दिल्ली के अलग-अलग स्कूलों के 350 कंप्यूटर टीचर्स को PHQ में साइबर अपराध के तरीकों और बचाव की रणनीतियों पर ट्रेनिंग दी गई थी, और साइबर संवाद 2.0 के दौरान, 1,000 से ज़्यादा सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के लाखों स्टूडेंट्स और टीचर्स ने ऑनलाइन मोड में जागरूकता सेशन में हिस्सा लिया था। इसके अलावा, SPUWAC यूनिट ने सीनियर सिटिज़न्स के लिए एक खास कार्यक्रम आयोजित किया, जहाँ जाने-माने साइबर एक्सपर्ट रक्षित टंडन ने साइबर सुरक्षा पर एक जानकारी भरा लेक्चर दिया।

# मां की अस्थियां विसर्जित करने जा रहे चार भाइयों की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुर-** मां की अस्थियां लेकर प्रयागराज जा रहे एक ही परिवार के चार भाइयों की बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतकों में तीन सगे भाई और एक चचेरा भाई शामिल हैं। हादसे में परिवार के तीन अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें कानपुर हायर सेंटर रेफर किया गया है। यह दर्दनाक हादसा हमीरपुर जिले के मौदहा क्षेत्र अंतर्गत इचौली गांव के पास हुआ।

**कोहरे में स्लीपर बस ने मारी टक्कर, बोलेरो पूरी तरह पिचकी**

महोबा जिले के गयोडी गांव निवासी अनुसुइया (85) की 7 दिसंबर को कैंसर के चलते मौत हो गई थी। अंतिम संस्कार के बाद रविवार सुबह उनके बेटे और रिश्तेदार बोलेरो वाहन से अस्थियां लेकर प्रयागराज के लिए निकले थे। जैसे ही बोलेरो बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर इचौली गांव के पास पहुंची, घने कोहरे के कारण पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्लीपर बस ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि करीब 14 फीट लंबी बोलेरो सिमटकर मात्र 6 फीट की रह गई।

**दरवाजे तोड़कर निकाले गए शव, एक युवक का चेहरा बुरी तरह पिसा**



हादसे के बाद बोलेरो सवार सभी सात लोग वाहन में बुरी तरह फंस गए। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद बोलेरो के दरवाजे तोड़कर शवों और घायलों को बाहर निकाला गया। हादसे में राम सहोदर (45), घनश्याम (58), राधेश्याम (50) – तीनों सगे भाई – और चचेरे भाई सोनू की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सिद्धगोपाल (60), आशाराम (45) और विमल (25) गंभीर रूप से घायल हो गए।

**टूरिस्ट बस चालक फरार, गुजरात से चारधाम जा रहे थे यात्री**

पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें कानपुर रेफर कर दिया गया। क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर एक्सप्रेसवे पर




यातायात बहाल कराया गया। हादसे के बाद टूरिस्ट बस का चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। बस में सवार गुजरात निवासी यात्री भगत भाई ने बताया कि बस में 48 यात्री थे, जो गुजरात से चित्रकूट होते हुए चारधाम यात्रा पर जा रहे थे। सभी यात्री सुरक्षित हैं और उन्हें रेस्ट एरिया में ठहराया गया है।

**खेती-किसानी से परिवार चलाते थे मृतक, गांव में पसरा मातम**

हादसे में जान गंवाने वाले चारों भाई खेती-किसानी कर अपने परिवारों का पालन-पोषण करते थे। राम सहोदर के दो बेटियां और एक बेटा हैं, पत्नी शांति हैं। सोनू के दो बेटियां और एक बेटा है, पत्नी ममता। घनश्याम के दो बेटे और एक बेटी हैं, पत्नी जय देवी। हादसे की खबर मिलते ही गांव और परिजनों में कोहराम मच गया। मृतकों की पत्नियां और बहन का रो-रोकर बुरा हाल है।